RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 246
लखनऊ, शनिवार, 28 जून 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer/ instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

अमरनाथ यात्रा के लिए अर्धसैनिक बलों की 180 से अधिक कंपनियां तैनात

## कोलकाता में छात्रा से सामूहिक बलात्कार


**तीन आरोपी गिरफ्तार, चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए**

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय (कॉलेज) की प्रथम वर्ष की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र और दो वरिष्ठ छात्रों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया भी चल रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने 25 जून की शाम को हुई इस घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए कोलकाता पुलिस से तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की घटना की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज के सूत्रों ने बताया कि हालिया घटना का मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और विडंबना यह है कि वह अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में आपराधिक मामलों का वकील है। पुलिस ने पुष्टि की है कि दो अन्य आरोपी संस्थान के मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थाई गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है। सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध मुख्य आरोपी की तस्वीरों में उसे राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के कई नेताओं के साथ देखा जा सकता है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपियों के साथ किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार किया है और आरोपियों के दोषी पाए जाने पर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की वकालत की है। पुलिस ने बताया कि कथित अपराध और उत्पीड़न की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के भूतल पर छात्र संघ कार्यालय के पास एक गार्ड के कमरे के अंदर हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पीड़िता कुछ लोगों द्वारा बुलाए जाने के बाद कुछ शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद कॉलेज पहुंची थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, कस्बा पुलिस थाने में बृहस्पतिवार को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपियों ने छात्रा को वहीं रुकने को कहा। शाम को छात्रा को कथित तौर पर कॉलेज के भूतल पर स्थित कमरे में ले जाया गया और आरोपियों ने रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। हमने कमरे को सील कर दिया है, और हमारे फॉरेंसिक विशेषज्ञ जल्द ही सबूत इकट्ठा करने के लिए वहां पहुंचेंगे। सूत्रों ने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जब उसने मुख्य आरोपी के विवाह प्रस्ताव को ठुकराने के बाद कॉलेज परिसर से बाहर जाने की कोशिश की, तो उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस सूत्र के अनुसार पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि सामूहिक बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि तीनों आरोपियों ने उत्पीड़न की मोबाइल फुटेज अपने पास रख ली थी और धमकी दी थी कि अगर उसने घटना के बारे में किसी से बात की, तो वे इसे इंटरनेट पर डाल देंगे। अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं और उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, हम इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वीडियो फुटेज को अन्य नंबर पर भी भेजा गया था। उन्होंने कहा कि पीड़िता की अनिवार्य मेडिकल जांच कराई जा रही है। कॉलेज की उप-प्राचार्य डॉ. नयना चटर्जी ने (शेष पृष्ठ 9)


प्रतीकात्मक चित्र

### पश्चिम बंगाल में छात्राएं सुरक्षित नहीं : भाजपा

**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को दावा किया कि कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय में कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना यह दर्शाती है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस ने मामले के सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और विपक्षी दल से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने का आग्रह किया। मजूमदार ने कहा कि यह घटना पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद हुई है। आरजी कर अस्पताल की घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री मजूमदार ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पुलिस (गृह) विभाग का काम संभालने के बावजूद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। मजूमदार ने कहा कि कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय में एक छात्रा के साथ कथित तौर पर (शेष पृष्ठ 9)

## रूसी रक्षा मंत्री से राजनाथ की बैठक सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

**हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर भी वार्ता हुई**

**भाषा।** नई दिल्ली


चीन के चिंगदाओ शहर में रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई। सिंह और बेलौसोव ने बृहस्पतिवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक की। भारतीय वायुसेना करीब 260 सुखोई 30-एमकेआई लड़ाकू विमानों का संचालन कर रही है और वह एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत बेड़े का उन्नयन करने पर विचार कर रही है। रूसी मूल के सुखोई विमानों ने पिछले महीने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सिंह और बेलौसोव ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति, सीमा पार से होने वाले आतंकवाद और भारत-रूस रक्षा सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा की।

रूस के रक्षा मंत्री ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों को रेखांकित किया और पहलगाम आतंकी हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एस-400 प्रणाली की आपूर्ति, सुखोई-30 एमकेआई का उन्नयन और शीघ्रता से महत्वपूर्ण सैन्य साजो-सामान की खरीद पर बैठक में प्रमुखता से चर्चा हुई।

बयान के अनुसार, यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल की सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी, जो ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित की गई। साथ ही, रक्षा उत्पादन, विशेष रूप से वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और वायु रक्षा प्लेटफार्म के उन्नयन जैसे महत्वपूर्ण साजो-सामान की आपूर्ति को बढ़ाने की आवश्यकता है। बताया जा रहा है कि बेलौसोव के साथ बातचीत में सिंह ने भारत को एस-400 ट्रायम्फ सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली की दो शेष इकाइयों की आपूर्ति में तेजी लाने पर जोर दिया। रूस पहले ही 5.5 अरब डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली की तीन इकाइयां आपूर्ति कर चुका है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद, पाकिस्तान के साथ 7 से 10 मई तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा मिसाइल प्रणालियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था। सिंह ने एससीओ बैठक से इतर बेलारूस, ताजिकिस्तान और कजाकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता भी की। रक्षा मंत्रालय ने कहा, मंत्रियों के साथ अपनी बातचीत में रक्षा मंत्री (राजनाथ) ने रक्षा सहयोग में निरंतर भागीदारी और तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर तलाशने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत द्वारा तेजी से की गई प्रगति को रेखांकित किया।

## भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है: डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवत: भारत के साथ। बहुत बड़ा... । ट्रंप ने कहा, चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। (शेष पृष्ठ 9)

## एमएसएमई इकाइयां आत्मनिर्भर भारत का आधार: योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) दिवस पर सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि एमएसएमई इकाइयां आत्मनिर्भर भारत का आधार हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर यहां लोकभवन में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्ष में डबल इंजन की सरकार ने हर एक क्षेत्र में लीक से अलग हटकर कुछ नया करने का प्रयास किया है और प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा में आया बदलाव इसी का परिणाम है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एमएसएमई इकाइयां आत्मनिर्भर भारत का आधार हैं। ...अपने अथक परिश्रम से प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रहे सभी उद्यमियों को एमएसएमई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष की सरकारों पर आरोप लगाया कि उनकी जातीय संघर्ष करवाकर परिवारवाद के नाम पर एक जनपद-एक माफिया देने की उपलब्धि रही है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश के नौजवानों और नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकारों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि आज... डबल इंजन की सरकार ने आपको एक जिला-एक उत्पाद देकर राज्य को उसकी विरासत से जोड़ा है, जो इसे एक नई पहचान दे रहा है। योगी ने कहा कि इसके जरिए उत्तर प्रदेश के उत्पाद को एक नई मान्यता मिलकर वैश्विक निर्यात के नए रास्ते खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 के पहले राज्य से कुल निर्यात 80 से 85 हजार करोड़ के बीच था और आज दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का निर्यात हो रहा है। इस मौके पर योगी ने सीएम युवा योजना के मोबाइल ऐप की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने बरेली एवं मुरादाबाद में ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) परियोजना तथा लखनऊ के किसान बाजार में नवोन्मेष व उद्यमिता के प्रोत्साहन के लिए यूथ अड्डा का लोकार्पण भी किया। उन्होंने अवस्थापना सुविधाओं एवं औद्योगिक

## उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटाई

**आरक्षण पर बहस जारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नैनीताल

**उत्तराखंड में** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब समाप्त हो गई है। शुक्रवार 27 जून को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर लगी रोक को हटाते हुए राज्य निर्वाचन आयोग को संशोधित कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में घोषित कार्यक्रम को तीन दिन आगे बढ़ाकर नया कार्यक्रम तैयार किया जाए। हालांकि यह फैसला केवल चुनाव की प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसमें आरक्षण रोस्टर को लेकर उठे सवालों ने संवैधानिक और सामाजिक न्याय से जुड़ी एक बड़ी बहस को जन्म दे दिया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि कई पंचायत सीटों पर लगातार एक ही वर्ग को आरक्षण दिया जा रहा है जिससे संविधान के अनुच्छेद 243 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन हो रहा है। सुनवाई के दौरान यह भी मुद्दा उठा कि जब ब्लॉक प्रमुख पद के लिए आरक्षण तय कर दिया गया है तो जिला पंचायत अध्यक्ष पदों को लेकर अब तक स्पष्टता क्यों नहीं है जबकि दोनों के चुनाव एक ही प्रक्रिया से होते हैं। देहरादून के डोईवाला ब्लॉक का उदाहरण देते हुए कहा गया कि वहां ग्राम प्रधानों की 63 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर दी गई हैं जिससे सामाजिक संतुलन बिगड़ सकता है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों के आधार पर पहले के आरक्षण रोस्टर को शून्य घोषित करना आवश्यक था। वर्तमान चुनाव को प्रथम चरण मानते हुए नया रोस्टर लागू किया गया है जिससे न्यायपूर्ण और संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर सभी मुद्दों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि यदि किसी प्रत्याशी को आरक्षण या प्रक्रिया से आपत्ति हो तो वह न्यायालय की शरण ले सकता है। बागेश्वर निवासी गणेश कांडपाल सहित कई अन्य ने 9 और 11 जून को राज्य सरकार द्वारा जारी नियमावली और परिपत्र को कोर्ट में चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि इन नियमों का राजपत्र में प्रकाशन नहीं हुआ है जिससे उनकी वैधानिकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

## विपक्षी दलों ने होसबाले के बयान को लेकर आरएसएस-भाजपा को घेरा

**भाजपा ने कहा, समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे**

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान को लेकर शुक्रवार को दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने होसबाले के बयान का परोक्ष रूप से समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द डॉ. भीम राव आंबेडकर द्वारा लिखे गए मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे। आपातकाल पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए होसबाले ने कहा था, बाबासाहेब आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ए शब्द कभी नहीं थे। आपातकाल के दौरान जब मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, संसद काम नहीं कर रही थी, न्यायपालिका पंगु हो गई थी, तब ये शब्द जोड़े गए। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर बाद में चर्चा हुई लेकिन प्रस्तावना से उन्हें हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उनके बयान को लेकर पलटवार करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। उन्होंने आरोप लगाया, आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ए बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आरएसएस ए सपना देखना बंद करे क्योंकि उसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, देश के सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। उन्होंने सवाल किया कि अन्याई चरित्र के लोगों के मन व विचार में लोकतंत्र एवं बाबासाहेब के संविधान के प्रति इतनी घृणा क्यों है?

वहीं होसबाले के बयान का परोक्ष रूप से समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इनका समर्थन करेगा, क्योंकि हर कोई जानता है कि ये शब्द डॉ. आंबेडकर और उनकी टीम द्वारा लिखे गए मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा भारतीय संविधान की प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है, सिंह ने कहा, कौन ऐसा नहीं चाहता? यहां तक कि आप भी ऐसा चाहते होंगे। सिंह ने कहा, यह भाजपा बनाम गैर-भाजपा का सवाल नहीं है। यह लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों को संरक्षित करने का सवाल है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। (शेष पृष्ठ 9)

## जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

**रथ यात्रा**

**पुरी, अहमदाबाद (भाषा)।** ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को रथ यात्रा उत्सव का मुख्य भाग शुरू होने के साथ ही हजारों लोगों ने भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के रथों से जुड़ी रस्सियों को श्री गुंडिचा मंदिर की ओर खींचा। श्री गुंडिचा मंदिर, 12वीं सदी के भगवान जगन्नाथ मंदिर से करीब 2.6 किलोमीटर दूर है। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र के रथों को खींचने वालों में शामिल थे। जय जगन्नाथ और हरि बोल के उद्घोष तथा झांझ-मंजीरे, तुरही और शंख की ध्वनि के बीच सबसे पहले शाम चार बजकर आठ मिनट पर भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ आगे बढ़ा। इसके बाद देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और अंत में भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ रवाना हुआ। जब यात्रा शहर के ग्रैंड रोड से होकर गुजर रही थी और भक्त रथ खींच रहे थे, तब पुजारियों ने उन (रथ) पर सवार देवताओं को घेर लिया।हजारों लोगों ने रथ खींचे, जबकि लाखों अन्य लोग भी उत्सव में हिस्सा लेने के लिए पुरी के इस प्रसिद्ध मंदिर शहर पहुंचे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि वार्षिक रथ उत्सव में शामिल होने के लिए शहर में लगभग दस लाख भक्तों के एकत्र होने का अनुमान है। पुरी के राजा गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब द्वारा तीनों रथ पर छेरापहंरा (रथों की सफाई) की रस्म पूरी करने के बाद रथ खींचने की प्रक्रिया शुरू हुई। भक्तों द्वारा खींचे जाने से पहले तीनों रथ पर अलग-अलग रंगों के लकड़ी के घोड़े लगाए गए। इससे पहले, शुक्रवार को यहां दो घंटे से अधिक समय तक चली औपचारिक पहांडी रस्म के बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ अपने-अपने रथों पर सवार हुए। पहांडी शब्द संस्कृत शब्द पदमुंडनम से आया है, जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की प्रतिमाओं को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।



घंटे, शंख और झांझ बजाते हुए चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर विराजमान किया गया। तीनों देवी-देवताओं के रथ पर विराजमान होने के बाद गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अपने कुछ शिष्यों के साथ उनके (देवी-देवताओं) दर्शन करने पहुंचे। 81 वर्षीय शंकराचार्य व्हीलचेयर पर सवार होकर रथों के पास पहुंचे। शंकराचार्य का दर्शन भी रथ यात्रा अनुष्ठानों का हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा, ओडिशा सरकार के कुछ मंत्री और कई अन्य लोग पुरी में पहांडी रस्म के साक्षी बने। रथ यात्रा के लिए शहर में करीब 10,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाईबी खुरानिया ने कहा, हमने रथयात्रा के सुचारु संचालन के लिए हरसंभव इंतजाम किए हैं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कृत्रिम मेधा (एआई) से लैस 275 से अधिक सीसीटीवी कैमरे भीड़ पर नजर रख रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) संजय कुमार ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद मिली कुछ सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि ओडिशा पुलिस के अलावा, त्वरित कार्वाई बल (आरएएफ) की तीन टीम सहित केंद्रीय सशस्त्र (शेष पृष्ठ 9)

# योगी सरकार इस वर्ष कराएगी एक लाख जोड़ों का सामूहिक विवाह

## ● दूसरे जिले के अधिकारी बनेंगे आब्जर्वर, हर विवाह कार्यक्रम पर रहेगी सीधी निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आर्थिक** रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को योगी सरकार ने और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी रूप दे दिया है। सरकार ने इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को सख्त निगरानी और तकनीकी माध्यम से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यापक रणनीति बनाई गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। सीएम योगी ने कई बार कहा है कि यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अब योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया जा रहा है ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक इसका फायदा पहुंच सके। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति तक के सभी चरणों को डिजिटल निगरानी में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपहारों की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। अब फर्मों का चयन जिला नहीं, बल्कि निदेशालय स्तर से किया जाएगा, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की संभावना को खत्म किया जा सके। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा। मंडलीय उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति विवाह समारोहों में अनिवार्य होगी।

कार्यक्रम की निगरानी के लिए आब्जर्वर सीधे निदेशालय या मंडलीय उपनिदेशक को रिपोर्ट करेंगे। यह प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी अनियमितता छिप न सके। अब ऑनलाइन आवेदन से पहले कन्या के आधार सत्यापन में लापरवाही पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही विवाह स्थल पर वर-वधू दोनों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके। शासन स्तर से जनपदीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए और इस संबंध में समर्पित अभियान चलाया जाए, जिससे हर वास्तविक पात्र को योजना का लाभ मिल सके। शासन स्तर पर कहा गया है कि सभी जिलों में पारदर्शी और सटीक तरीके से आवेदन की जांच की जाए, साथ ही स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्रों के सहयोग से पात्र जोड़ों की पहचान सुनिश्चित की जाए। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि इस वर्ष लगभग एक लाख जोड़ों के सामूहिक विवाह कराए जाने का लक्ष्य समाज कल्याण विभाग ने तय किया है। यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामूहिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है।

# मुख्यमंत्री ने लिया आयुष विवि में राष्ट्रपति मुर्मू के आगमन की तैयारियों का जायजा

## ● सीएम योगी ने कहा, आयोजन ऐसा हो जो महामहिम की स्मृतियों में रच-बस जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों का सघन जायजा किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो महामहिम राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु एक जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इस विश्वविद्यालय परिसर का हवाई सर्वेक्षण, स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से पूरे परिसर को देखने के बाद हेलिपैड पर उतरते ही सबसे पहले पंडाल की तरफ रुख किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति उन्हें लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर जानकारी देते रहे। मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रपति की फ्लीट रूट, राष्ट्रपति के हाथों होने वाले पौधरोपण के स्थल, स्वीस कॉटेज/सेफ हाउस, मुख्य मंच, दर्शक दीर्घा आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सुरक्षा, लोगों की सुविधा और स्वच्छता को लेकर जरुरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कुलपति और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रपति के अवलोकन के लिए आयुष विश्वविद्यालय का एक मॉडल भी बनवाएं। इसमें अकादमिक भवन, ओपीडी, आईपीडी, ओटी, पंचकर्म केंद्र आदि सभी क्षेत्र और विशेषताएं प्रदर्शित की जाएं। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में राष्ट्रपति के आगमन से जुड़ी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

बैठक में उन्होंने कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में तनिक भी चूक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल समेत समूचे परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी गंदगी रह गई तो जवाबदेही तय की जाएगी।

### 1 जुलाई से 30 सितंबर तक सभी जिलों में चलेगा विशेष संतृप्तीकरण अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने जा रही है। आगामी 1 जुलाई से 30 सितंबर, 2025 तक पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान संचालित किया जाएगा। केंद्र सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि जिन पात्र नागरिकों को अब तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें जोड़ते हुए शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलना, तथा बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। यह अभियान राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसमें 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को धरातल पर साकार किया जा रहा है। महानिदेशक, संस्थागत वित्त, उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान को जिला स्तर पर समग्र नेतृत्व के साथ संचालित किया जाए। जिला प्रशासन को दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

# संगठन की जड़ों को और मजबूत करें: नीरज सिंह

## भाजपा महानगर के 396 शक्तिकेंद्रों पर प्रवासी कार्यशाला आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में सभी 396 शक्तिकेंद्रों जनप्रतिनिधियों, लखनऊ महानगर के पदाधिकारीगण, एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता ने शक्ति केन्द्रों पर प्रवासी कार्यशाला में उपस्थित होकर 29 जून को आयोजित तीन कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की गई ।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी कैंट मंडल चार में उपस्थित होकर बताया गया कि रविवार 29 जून को सबसे पहले प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं संग सामूहिक रूप से सुना जाएगा। इसके बाद बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर सभी कार्यकतागण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करेंगे हैं फिर पौधारोपण अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 10 पौधे लगाने है और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी है। सभी कार्यकर्ताओं को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाने की प्रेरणा दी। वही भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्य मंडल-3 के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस बी (वार्ड-104) में लक्ष्मी स्कूल परिसर में शक्ति केंद्र प्रवासी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, प्रवास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता और आगामी चुनावी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे भाजपा नेता नीरज सिंह ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि यह दिवस हमें राष्ट्र और सिद्धांतों के प्रति पूर्ण समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएं और संगठन की जड़ों को और मजबूत करने हेतु कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया । बैठक में प्रमुख रूप से रजनीश गुप्ता(उपविजेता),अभिषेक खरे (अभियान संयोजक),रमेश तूफानी (सदस्य, अनुसूचित आयोग),अनिल कश्यप (मंडल अध्यक्ष), सतीश मिश्रा,नरेंद्र शर्मा (पार्षद) सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। बैठक का संचालन स्थानीय मंडल इकाई द्वारा समन्वय के साथ किया गया।

# काशी में सवाल पूछने वाले पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज करना निंदनीयः अजय राय



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर चढ़े युवक की वीडियो वायरल होने पर सवाल पूछने वाले पत्रकारों पर मुकदमा होना निंदनीय है। उन्होंने बताया कि आधा दर्जन पत्रकारों पर वाराणसी के लंका थाने में मुकदमा लिखा गया। जिनमें अरशद, अभिषेक झा, अभिषेक त्रिपाठी, सोनू सिंह, शैलेश, नितिन कुमार राय के नाम हैं। काशी में सवाल पूछने वाले पत्रकारों पर मुकदमा निंदनीय विषय है। उक्त प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राय ने कहा कि भाजपा सरकार का नियम देखिए की दोषी पर कार्यवाही नहीं होगी पर सवाल पूछने वाला पहले दोषी होगा। पत्रकारों की कलम, समाज की आवाज और शक्ति का प्रतीक है। यह कलम, सच्चाई और न्याय के लिए एक हथियार है, जो जनता को जागरूक करने और सामाजिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिनका काम है आईना दिखाना पर इस सरकार में आईना दिखाना गुनाह है । क्योंकि इस सरकार के चेहरे पर इतने कालिख है की आईना इस सरकार को नहीं पसंद है। राय ने कहा कि बड़े से लेकर छोटे पत्रकार तक हर कलम का सिपाही जो निष्पक्ष पत्रकारिता का पक्ष रखता है उसे यह सरकार अपना दुश्मन मानती है आखिर काशी के इन छह पत्रकारों की क्या गलती है? वीडियो वायरल में मालवीय जी के मूर्ति कर युवक चढ़ा है जिस पर सवाल पत्रकारों ने किया परंतु सरकार अपने नियमावली के अनुसार इस बार भी दोषियों को छोड़ सवाल पूछने वाले पर मुकदमा कर दिया। राय ने कहा कि हम मांग करते हैं की दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो, प्रशासन अपनी जवाबदेही तय करे और पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा वापिस हो। कांग्रेस पार्टी पत्रकारों के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ी है।

# कांवड़ यात्रा के लिए विभिन्न जिलों के लिए निर्देश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में, नगर विकास विभाग ने आगामी श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक योजना शुरू की है। इसके अतिरिक्त, राज्य में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जा रहा हैं। इन तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

प्रमुख सचिव ने सभी शहरी निकायों को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय स्तर पर माइक्रो-प्लान बनाकर सफाईकर्मियों की बीट तय की जाएगी, ताकि सड़कों, गलियों और मुख्य मार्गों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा सके। घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष ध्यान देते हुए वहां विशेष सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे। एकत्रित कचरे और गाद को तुरंत लैंडफिल स्थलों या निर्धारित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे सड़कों पर गंदगी न फैले। जलभराव की समस्या से निपटने हेतु चिन्हित क्षेत्रों में माइक्रो-प्लान बनाकर नियमित एंटी-लार्वा छिड़काव दिन में और फॉगिंग शाम को कराया जाये। कांवड़ शिविर स्थलों पर भी प्रतिदिन एंटी-लार्वा स्प्रे और फॉगिंग अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए गए। यात्रा मार्गों और अन्य नगरीय क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर, मलेथियान और चूने का छिड़काव भी नियमित रूप से किया जाएगा। कांवड़ मार्गों और शिविर स्थलों पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग मोबाइल व अस्थायी शौचालय बनाए जाएंगे, जिन्हें दिन में कम से कम दो बार साफ किया जाएगा। यात्रा मार्गों पर झाड़ियों और अवांछनीय वनस्पति की सफाई, नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। कांवड़ मार्गों पर नियमित अंतराल पर पानी की टंकियां और प्याऊ लगाई जाएंगी। हैंडपंप, पाइपलाइन व अन्य जलापूर्ति उपकरणों की निगरानी व मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी। जल के नमूनों का ह्रज्ञ टेस्ट, विषाणुजनित, जीवाणुजनित और रासायनिक परीक्षण नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। सीवर और जल पाइप लाइनों की जांच कर किसी भी प्रकार की टूट-फूट को तत्काल ठीक किया जाएगा। नगरीय निकायों के यांत्रिक विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी स्ट्रीट लाइटें कार्यशील रहें। जहां आवश्यक हो वहां मरम्मत, रखरखाव या प्रतिस्थापन किया जाएगा। कांवड़ यात्रा मार्गों और शिविर स्थलों पर नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल आदि के उपयोग पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा।

कांवड़ यात्रा को 'जीरो प्लास्टिक इवेंट' के रूप में आयोजित किया जाएगा। कचरे के उचित निस्तारण के लिए डस्टबिन लगाए जाएंगे और जनता को जूट या कपड़े के बैग के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में एनसीसी कैडेट, विद्यार्थी, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। नगरीय निकायो में पार्कों, सड़कों, फुटपाथों व पार्किंग क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने हेतु विशेष अभियान चलाए जायेंगे।

# भाजपा राज में हर तरफ अराजकता और अमानवीयता का जोरः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की बुनियादी मुद्दों के समाधान में कोई दिलचस्पी नही है। भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। महिलाएं एवं बच्चियां असुरक्षित है। भाजपा राज में हर तरफ अराजकता और अमानवीयता का जोर है। यादव शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 9 वर्ष पूरे करने जा रही है। इस अवधि में उसकी उपलब्धियों के नाम पर गिनाने की कुछ भी नहीं है। भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के कामों पर ही अपने नाम का ठप्पा लगाकर दिखावा करती है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में आर्थिक विषमता बढ़ी है। एक प्रतिशत के पास 90 प्रतिशत पूंजी कैसे चली गई? विकास के नाम पर विनाशकारी नीतियों को बढ़ावा मिल रहा है। बिजली संकट का कोई समाधान नहीं है। निजीकरण अपनी कमियां छुपाने के लिए किया जा रहा है। यह संविधान प्रदत्त आरक्षण से भी बचने की साजिश है। अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा सरकार एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं कर सकी है। समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य जनहित में हुए थे उनको भी बर्बाद कर दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा के पास भविष्य का कोई विजन नहीं है। उसके पास कोई दूरगामी दृष्टि भी नहीं है। वह तो बस जाति-धर्म के मुद्दों को उलझाए रखना चाहती है। किसी तरह से समाज बंटे और आपस में नफरत फैले बस इसी के प्रचार-प्रसार के उसकी सारी ताकत लगी रहती है।

## उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है जिस पर दिल्लीवाले भरोसा कर सकें: सपा अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अपने सेट किये हुए 'प्लांटेड लोगों' के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटने वाली जो 'घुसपैठिया राजनीति' प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है।

उप्र का समाज कुछ नकारात्मक लोगों की गलतियों से बंटेगा नहीं बल्कि और भी मजबूत होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि आज क्या उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है जिस पर दिल्लीवाले भरोसा कर सकें? शायद ऐसा ही है तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षडयंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं। सच तो ये है कि ये लखनऊ वालों के लिए एक 'ताल ठोंकती चुनौती' है कि उप्र को अस्थिर करने के लिए उप्र की सीमा पार से लोग बार बार अंदर आ रहे हैं और प्रदेश का अमन-चैन बिगाड़ कर आराम से वापस चले जा रहे हैं। उप्र की भाजपा सरकार क्या अब अपने प्रदेश की सीमाएं किसी भी अराजक तत्व के लिए खोल देगी। अगर ऐसा है तो उप्र की भाजपा सरकार खुलकर घोषणा कर दे या फिर उन अराजकतावादी तत्वों के तुरंत अपनी पुलिस भेजकर गिरफ़्तार करवाए। अगर ये नहीं हुआ तो कल को उप्र की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए ऐसे और लोग भी आएंगे और उप्र की जनता मान लेगी कि भाजपा सरकार उप्र में काग़ज़ी सरकार बनकर रह गयी है, न उसके पास कोई नेतृत्व है और न ही उप्र की क़ानून-व्यवस्था और यहां तक कि शांति के लिए कोई प्रतिबद्धता। यादव ने उन्होंने कहा कि कुछ गिनती के प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोगों ने तो उस कलाकार को भी नहीं छोड़ा जो अपनी थाप से दुनिया देखता है। उसकी ढोलक छीनकर और उस पर आरोप लगाकर ऐसे नकारात्मक लोगों ने अपने ही समाज की सहानुभूति खो दी है। हमारे देश की संस्कृति के सच्चे उपासक सदैव सहृदय और करुणा से भरे होते हैं, जो लोग ऐसा करते हैं, वो मानवीय मानकों पर ख़ारिज कर दिये जाने वाले अभारतीय और अमानवीय लोग होते हैं। आज संपूर्ण पीडीए समाज 'इटावा कथावाचन पीडीए अपमान कांड' के हर पीड़ित के साथ अपनी आवाज़ बुलंद कर रहा है। 'पीडीए' उत्पीड़न के खिलाफ नई ढोलक की नई गूंज है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी बजाज अलियांज की बीमा पॉलिसी संख्या 0016526831 पर त्रुटिवश मेरा नाम MISS MEDINI MISHRA दर्ज हो गया है जबकि मेरे अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम MEDHANI MISHRA दर्ज है जो सही है। अतः अब से मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा सही नाम MEDHANI MISHRA ही पढ़ा व समझा जाए। मेधनी मिश्रा पुत्री अनुराग मिश्रा निवासी-52,आगा कॉलोनी, सिविल लाइन्स,तहसील व जिला-सीतापुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी सावित्री को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। बृजमोहन लाल पुत्र स्व. छोटेलाल निवासी-ग्राम व पोस्ट-अशरफपुर,थाना-खैराबाद, तहसील व जिला-सीतापुर

**सूचना**

मैं अपने पुत्री वंशिका सिंह उर्फ भूमि को गलत आचरण के कारण उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य में उनके किसी भी गलत कार्य व लेनदेन से मेरा/मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। सुधीर कुमार सिंह पुत्र स्व० वैद्यनाथ , निवासी-महावीर का पुरवा न्यू हनुमान मंदिर 533/28 अलीगंज लखनऊ

**सूचना**

सर्व साधारण का सुचित किया जाता है कि मेरा नाम शादी से पूर्व शोभा पुत्री गंगा प्रसाद निवासी 643 M/564 मोहबुल्लापुर , लखनऊ 226021 था, परन्तु शादी के बाद अब मेरा नाम सुमन पत्नी बलवीर राजपूत पता उपरोक्त है। अब मुझे सुमन के नाम से ही जाना पहचानी जाय

# मनुवाद का संविधान लागू करना चाहते हैं आरएसएस के लोगः सीपी राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा है कि आज आरएसएस में नम्बर दो का पद रखने वाले दत्तात्रेय हंसबोले ने फिर संविधान के खिलाफ टिप्पणी कर उसे बदलने की मांग किया है। आरएसएस के आदर्श गोलवलकर की सोच गरीब और वंचित विरोधी थी वही आरएसएस की सोच और लक्ष्य है। आरएसएस गैरबराबरी खत्म करने में विश्वास नही करता है चाहे वो वंचित समाज की गैरबराबरी हो या महिला के साथ गैरबराबरी हो। आरएसएस में संविधान बनाने के तत्काल बाद ही इसका विरोध शुरू कर दिया था और ये लोग मनुवाद का संविधान लागू करना चाहते है जबकि इस संविधान ने सभी को एक बराबर इंसान होने का दर्जा दिया।

डॉ. राय ने कहा कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष देश होने का अर्थ है कि भारत अपने नागरिकों को सामाजिक-आर्थिक समानता और धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवाद का लक्ष्य संसाधनों का समान वितरण, सामाजिक कल्याण और आर्थिक असमानता को कम करना है, ताकि गरीब और वंचित वर्गों को अवसर मिलें और आरएसएस को इस भावना से हमेशा से तकलीफ है जबकि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है कि राज्य किसी धर्म को विशेष दर्जा नहीं देता और सभी धर्मों के प्रति तटस्थ रहता है, जिससे सभी नागरिकों को अपनी आस्था स्वतंत्र रूप से अपनाने का अधिकार मिलता है जबकि आरएसएस प्रारम्भ से ही कुछ धर्मो से घृणा को ही अपना सिद्धांत बनाकर चल रहा है।

डॉ. राय ने कहा कि भारत के संदर्भ में यह व्यवस्था पूर्ण सकारात्मक है, क्योंकि भारत के विविधतापूर्ण समाज में यह एकता को बढ़ावा देती है। समाजवाद ने ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में मदद की है, जबकि धर्मनिरपेक्षता ने धार्मिक सौहार्द बनाए रखने में योगदान दिया है।

# अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु कर चुके हैं रामलला के दर्शन

## मुख्यमंत्री अक्सर देते हैं निर्देश, नहीं होनी चाहिए श्रद्धालुओं को परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या



**अयोध्या** में भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश में बैठे श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी है। दिव्य-भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर दर्शन-पूजन कर चुके हैं। ऐसा नहीं है की यहां आने वालों में सिर्फ आम आदमी ही शामिल है। माननीयों का भी यहां अक्सर तांता लगा रहता है। अब तक साढ़े चार लाख के करीब वीआईपी अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन पूजन कर चुके हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री व राज्यों के गवर्नर या फिर मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। फिल्म, व्यापार व खेल जगत की हस्तियों का आना-जाना भी लगा रहता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दे रखा है कि किसी को भी दर्शन में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद देश-दुनिया मे अयोध्या एक बड़ी धार्मिक नगरी के रूप में उभरी है। अयोध्या के सफर को आसान बनाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट से कनेक्टिविटी को सुलभ बनाया गया है। 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान कराया गया था। मंदिर के लोकार्पण के वक्त ही देश-दुनिया के तमाम नामचीन लोग पहुंचे थे। उसके बाद से वीआईपी के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। देश के लगभग सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री यहां पहुंच चुके हैं। यही नहीं कई राज्यपाल तो दो-दो बार आकर परिवार के साथ दर्शन कर चुके हैं।

राम मंदिर के उद्घाटन के वक्त बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन से लेकर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियां अयोधया पहुंची थी। उसके बाद से नामचीनो के आने का क्रम जारी है। हाल ही में गोविंदा, अनुष्का शर्मा व विराट कोहली भी राम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि लगभग अब तक साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। वीआईपी की संख्या भी कम नहीं है। अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाये। हाल ही में सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क के पिता और उनकी बहन अयोध्या पहुंचे थे। मस्क के पिता एरल मस्क ने कहा था कि अयोध्या का अनुभव बहुत अच्छा रहा। वह रामलला का दर्शन करने के लिए भारतीय वेशभूषा में पहुंचे थे। राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद ऐसा नहीं है कि यहां वीआईपी ही अच्छे से दर्शन कर पा रहे हैं। यहाँ आम हो या खास सभी को सुलभ दर्शन प्राप्त हो रहा है।

इसके लिए आनलाइन पास की भी व्यवस्था की गई है। अयोध्या में वीआईपी की बढ़ती संख्या व सुरक्षा को देखते हुए योगी सरकार यहां पर एक अत्याधुनिक वीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण करा रही है। करोड़ों की लागत से तैयार होने वाले गेस्ट हाउस को पांच ब्लॉक में बांटा गया है, जिसमें प्रधानमंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के ठहरने के इंतजाम होंगे।

# जल्द ही दिल्ली एनसीआर की राह पकड़ेगा लखनऊ



## 6 साल में आकार लेगा एससीआर, 71 करोड़ से तैयार होगा रीजनल प्लान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** जल्द ही दिल्ली.एनसीआर की राह पकड़ेगा। एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराये जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगाए रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी।

एलडीए के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुयी एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी गुरू प्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, आवास बंधु के निदेशक रवि जैन व मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत वर्ल्ड बैंक की टीम, शहरी योजनाकार व अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपीएससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि 71 करोड़ रूपये की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा 1 वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। जिसके बाद कंपनी अगले 05 वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेगी। साथ ही स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम सुनिश्चित कराएगी। बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। जिनके द्वारा बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। टीम के सदस्यों ने बताया कि वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

### तेज व सुगम कनेक्टिविटी से होगा आर्थिक विकास

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्गकिलोमीटर होगा। इसमें शामिल लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और रायबरेली में आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा।

जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगाए रैपिड रेलए रिंग रोड व एक्सप्रेस.वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे और प्रदेश का आर्थिक विकास होगा।

### गांवों तक पहुंचेंगी शहरी सुविधाएं

**उपाध्यक्ष** ने बताया कि एससीआर में शामिल अन्य जनपदों की तुलना में लखनऊ अधिक विकसित है। आसपास के जनपदों से रोजाना हजारों लोग व्यवसाय, नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न कारणों से लखनऊ आते हैं। एससीआर के धरातल पर उतरने से अन्य जनपदों में भी समानांतर रूप से विकास होगा। इससे निवेश बढ़ेगा, रोजगार व व्यवसाय के अवसर सृजित होंगे। गांवों तक शहरी सुविधाएं पहुंचेंगी और लोगों को उनके क्षेत्र में ही निवास, व्यापार व नौकरी आदि के लिए बेहतर माहौल मिलेगा।

# अब मार्च्यूरी पर चार घंटे के अंदर होगा पोस्टमार्टम, रिपोर्ट होगी ऑनलाइन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया आदेश

**मार्च्यूरी** पर अपने प्रियजनों के शव के पोस्टमार्टम के लिए अब पीड़ित परिवारों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है।

प्रदेश भर के पोस्टमार्टम हाउस में नई व्यवस्था लागू होगी। अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे के भीतर होगा। जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां सीएमओ दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं। ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। नई गाइड लाइन में कहा गया है कि सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए।

जल्द से जल्द शव के साथ पेपर पोस्टमार्टम हाउस भेजा जाए। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृतिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन पर्याप्त हों। ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे।

### रात में पोस्टमार्टम, जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति जरूरी

**हत्या,** आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

### वीडियोग्राफी का नहीं देना होगा परिवार को पैसा

**कानून** व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिवारीजनों से किसी भी दशा में न लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।

**रिपोर्ट होगी ऑनलाइन:** पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए। सीएमओ प्रत्येक जिले में दो शव वाहन की व्यवस्था करें।

### पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं

**महिला** अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शव की पहचान के लिए डीएन सैम्पलिंग कराई जाए।

# मृतक कर्मी की पत्नी को दस वर्ष बाद मिली पेंशन बुक



**लखनऊ।** मृतक की पत्नी को 10 वर्ष बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा पारिवारिक पेंशन बुक दी गयी। मृतक कर्मी की पत्नी को बीते वर्षों से भारी तंगी का सामना करना पड़ा। ऐसे में नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा नगर निगम प्रशासन से आग्रह कर पेंशन दिलाने में अहम भूमिका अदा की गयी। साथ ही अन्य कर्मियों की सेवा पुस्तिका गुम हुई है उनकी डुप्लीकेट पुस्तिका बनाकर देने की मांग की गयी है। शुक्रवार को नगर निगम में मृतक कर्मी की पत्नी को वर्षों से पारिवारिक पेंशन नहीं मिलने के हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जोन 6 ठारकुरगंज कार्यालय के कर विभाग के द्वितीय श्रेणी लिपिक धर्मेन्द्र कुमार जोन.6 की मृत्यु 24 जून 2016 को हो गयी थी। लेकिन धर्मेन्द्र कुमार की व्यक्तिगत पत्रावली सेवा.पुस्तिका गुम हो गयी। जिसके कारण लाभग्राही कर्मी पत्नी सारिका को पारिवारिक पेंशन विगत 10 वर्षो से प्राप्त नहीं हो पा रही थी। लेकिन नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रयास से नगर निगम प्रशासन के सहयोग से डुप्लीकेट सेवा.पुस्तिका बनवाई गयी। शुक्रवार को मृतक की पत्नी सारिका को पारिवारिक पेंशन की कार्यवाही पूर्ण करा कर पेंशन.बुक प्राप्त करायी गई। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा द्वारा कर्मचारी हित में किये कार्य के लिए नगर निगम प्रशासन की सराहना की। संघ के महामंत्री शमीम एखलाक ने पेंशन बुक सारिका को प्रदान की। यही नहीं अध्यक्ष ने प्रशासन से माँग की है कि जिन कर्मचारियों की व्यक्तिगत पत्रावली एवं सेवा.पुस्तिका गुम होने के कारण उनको सेवा सम्बन्धी लाभ प्रदान नहीं हो पा रहा है। उनकी डुप्लीकेट सेवा.पुस्तिका बनवा कर सेवा सम्बन्धी लाभ प्रदान कराया जाए।

# डीजीपी ने सैलरी पैकेज के तहत पुलिस कर्मियों के आश्रित परिजनों को प्रदान किए चेक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को मृत मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी जितेन्द्र पाल, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज, फालवर बृजेश कुमार के शोक संतप्त आश्रित परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किए।

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा मृत आरक्षी जितेन्द्र पाल के परिजन को पुलिस सेलरी पैकेज के अंतर्गत 1 करोड़ 95 लाख और मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह, आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज, फालवर बृजेश कुमार को 1 करोड़ 70 लाख रुपए के चेक प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि आरक्षी जितेन्द्र पाल जनपद बरेली में नियुक्त थे, जिनकी ट्रैक्टर ट्राली द्वारा इनके मोटर साइकिल में टक्कर मारने से 12 दिसंबर 2024 को मृत्यु हो गयी थी। मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह जनपद जौनपुर में नियुक्त थे, जिनको गो तस्करों द्वारा ड्यूटी के दौरान वाहन रोकते समय कुचल दिया गया था, जिनकी उपचार के दौरान 18 मई 2025 को मृत्यु हो गयी थी। आरक्षी वीरेन्द्र कुमार सरोज जनपद फतेहपुर में नियुक्त थे, जिनकी महाकुम्भ मेला में ड्यूटी समाप्त होने के उपरान्त अपने नियुक्ति जनपद फतेहपुर वापस जाते समय डम्पर द्वारा टक्कर मारने से 5 मार्च 2025 को मृत्यु हो गयी थी। फालवर बृजेश कुमार जनपद सिद्धार्थनगर में नियुक्त थे, जिनकी मोटर साइकिल में पीछे पिकअप वाहन द्वारा टक्करर मारने से 10 नवंबर 2024 को मृत्यु हो गयी थी। इस अवसर पर आनन्द स्वरूप अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू, एन. रविन्दर अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, आरके भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक पुलिस भवन कल्याण, प्रतीक अग्निहोत्री जनरल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# केजीएमयू की प्रो. अमिता जैन सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रो. अमिता जैन, डीन एकेडेमिक्स एवं विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमापूर्ण सूपरएन्युएशन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत स्वागत भाषण एवं प्रो. अमिता जैन का प्रशस्ति पत्र वाचन के साथ हुई, जिसमें उनके विशेषकर वायरोलॉजी (माइक्रोबायोलॉजी) में उनके उल्लेखनीय योगदान और शानदार अकादमिक यात्रा को रेखांकित किया गया। अपने संबोधन में प्रो. अमिता जैन ने केजीएमयू में अपनी यात्रा को याद करते हुए अपने गुरुओं, सहयोगियों, विद्यार्थियों और परिवार के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। केजीएमयू की कुलपति प्रो. (डॉ.) सोनिया नित्यनंद ने प्रो. जैन के समर्पण, नेतृत्व और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की अमूल्य धरोहर बताया। इस मौके पर प्रो. वीरेंद्र आतम, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो-वाइस चांसलर, प्रो. के.के. सिंह, प्रो. विमला वेंकटेश, प्रो. ऋषि सेठी, प्रो. विजय कुमार, प्रो. प्रशांत, प्रो. राजकुमार, डॉ. शीतल वर्मा, तथा अन्य विभागों से अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## पीजी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सम्पन्न हुई 82वीं अकादमिक काउंसिल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इनमें स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश नीति, पीएचडी कार्यक्रम की गाइडलाइन और नॉन-नेट फेलोशिप की संशोधित रूपरेखा शामिल है। अभ्यर्थी सभी प्रकार की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। यूजी कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश नीति को मंजूरी दी गई है। इस नीति के अनुसार छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित दिशा-निर्देश सभी संबंधित विभागों और अमेठी परिसर तक भेज दिए गए हैं। स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के लिए भी इसी सत्र की प्रवेश नीति को स्वीकृति दी गई है। इस नीति के अनुसार गुणवत्ता आधारित और पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनानी होगी। पीएचडी प्रवेश से संबंधित अधिसूचना में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के अनुसार विश्वविद्यालय का पीएचडी कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया गया है, जो लचीलापन, अंतर्विषयी शोध और उद्योग-सामाजिक आवश्यकताओं के साथ अनुसंधान को जोड़ता है। इसके अतिरिक्त कुलपति ने बताया कि बीबीएयू ने शिक्षा, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने नॉन-नेट फेलोशिप के लिए संशोधित दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिससे ऐसे शोधार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा जो नेट/जेआरएफ के अंतर्गत नहीं आते। यह निर्णय आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन योग्य छात्रों के लिए शोध के रास्ते खोलता है।

## जी-पैट 2025 में एलयू के छात्रों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के छात्रों ने जी-पैट 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बी. फार्मा तृतीय वर्ष के अमरेंद्र मौर्या ने 610वीं रैंक हासिल की, जबकि बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इनमें कुहू ने 583वीं रैंक, अदिति श्रीवास्तव ने 1369वीं रैंक, आयुषी श्रीवास्तव ने 1779वीं रैंक, सुधांशु द्विवेदी ने 2724वीं रैंक, ज्योति गुप्ता ने 2927वीं रैंक, अब्दुल शादाब ने 3947वीं रैंक और दीपेंद्र प्रताप सिंह ने 4863वीं रैंक हासिल की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में संस्था और छात्र लगातार प्रगति कर रहे हैं। कुलपति ने एवं इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कार्य में लापरवाही करने पर चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने एक बार फिर लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। इस बार परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं सीएम योगी ने उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि लापरवाह अधिकारियों के कार्य में कार्रवाई के बाद भी सुधार नहीं आता है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समय- समय पर योजनाओं की प्रगति को लेकर विभागीय समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में हाल ही में योजना के परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किये गये कार्यों के विवरण की जानकारी की गयी, लेकिन चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ता कार्यों का विवरण नहीं दे सके। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के बारे में भी नहीं बताया सके। हाल में हुई बैठक में कार्य में सुस्ती और लापरवाही पर चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं की कार्यशैली पर सवाल उठे सवाल पर, इसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। इसके बाद एक्शन लिया गया। उन्होंने उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अगर कार्रवाई के बावजूद वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करते हैं, तो भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जाए।

## भव्यता से निकाली गयी रथ यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** की प्राचीनतम जगन्नाथ जी की रथ यात्रा जो कि पिछले 70 वर्षों से लगातार भव्यता के साथ निकाली जा रही है, जिसके स्वागत के लिए पूरा क्षेत्र जगह.जगह भंडारे लगाए गए, प्रसाद वितरण किया गया और रथ यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं का भव्यता से स्वागत हुआ। कार्यक्रम संयोजक गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक अधिवक्ता अनुराग पांडे सभी प्रसाद वितरण कर स्वागत करने वाले भक्त जनों का अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापित किया साथ जल निकासी आयाम प्रमुख गौरव दीक्षित, गंगा समग्र के वृक्षारोपण आयाम प्रमुख पंकज शुक्ला अन्य गणमानजनों की उपस्थिति में ठाकुरगंज स्थल बाबा गोमती दास मंदिर घास मंडी से शुरू होकर, घास मंडी ठाकुरगंज चौराहा होते हुए पीपलेलेश्वर मंदिर, ब्राइट कैरियर स्कूल, निवाजगंज, माली खा सराए, हरदोई रोड, तहसीन गंज, दूध मंडी एटीवी हॉस्पिटल तिराहा से होकर पुनः ठाकुर द्वारा मंदिर में रथ यात्रा का समापन हुआ।

# अब दवा का पर्चा पढ़ना हुआ आसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अब** मरीजों को चिकित्सकों की लिखी दवाएं पढ़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी और वह इसे आसानी से समझ सकेंगे 7 इसके साथ ही दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन भी उनके हेल्थ रिकॉर्ड में दर्ज रहेगा। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने कहा कि जनपद में कुल 54 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(यूपीएचसी) हैं। इनमें से 48 यूपीएचसी पर डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसे सीधे मरीजों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे न सिर्फ दवा लेने में सुविधा होगी बल्कि मरीजों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कई बार समस्या सामने आती है कि न तो मरीज और न ही फार्मासिस्ट चिकित्सक की लिखावट समझ पाते हैं। ऐसे में दवा का पता लगाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इसलिए 54 में से 48 यूपीएचसी पर सुविधा शुरू की गयी है जिसके तहत मरीजों को हाथ से लिखने की जगह दवाओं का विवरण प्रिंट करके दिया जा रहा है। जल्द ही यह सुविधा अन्य 6 यूपीएचसी पर शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड रखने के लिए इसे आभा आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे मरीज द्वारा परचा खोने या पर्चा न लाने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन देखकर यह पता चला जायेगा कि उन्होंने मरीज को क्या दवा लिखी है।

## कोरोना के दो रोगी मिले

**लखनऊ** जनपद में शुक्रवार को कोविड के 2 धनात्मक रोगी पाए गए। जिनमें से एक 26 वर्षीय महिला जगत नारायण रोड और एक 27 वर्षीय पुरुष शाहमीना रोड के रहने वाले है। दोनों रोगी होम आइसोलेशन में है। वर्तमान में जनपद में कुल कोविड धनात्मक रोगियों की संख्या 74 एवं एक्टिव केसेस की संख्या 12 है।

## 360 शिक्षकों का हुआ ऑनलाइन स्थानांतरण

**लखनऊ।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत संस्था प्रधान/प्रवक्ता/ सहायक अध्यापक/ सहायक अध्यापक (सम्बद्ध प्राइमरी प्रभाग) के ऑनलाइन स्थानांतरण का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह जानकारी अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थानांतरण प्रक्रिया शिक्षा निदेशालय एवं एनआईसी के सहयोग से पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से संचालित की गई है। तिवारी ने बताया कि कुल 360 अध्यापकों का सफलतापूर्वक स्थानांतरण किया गया है। संबंधित शिक्षक अपनी मानव संपदा आईडी और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से उक्त पोर्टल पर लॉगिन कर स्थानांतरण आदेश देख सकते हैं। अपर निदेशक ने बताया कि स्थानांतरित अध्यापकों को नियमानुसार कार्यमुक्त/ कार्यभार ग्रहण कराने हेतु सभी मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। यह कार्य शैक्षिक सत्र 2025-26 के तहत निर्धारित समयसीमा में संपादित किया जाएगा।

# उद्यान मंत्री ने स्थलीय निरीक्षण कर लिया यूपी आम महोत्सव की तैयारियों का जायजा

## ● प्रदेश की आम विविधता का भव्य प्रदर्शन करेगा आम महोत्सवः दिनेश सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उद्यान,** कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अवध शिल्पग्राम में 4 से 6 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले यूपी आम महोत्सव-2025 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने आयोजन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम प्रदर्शनी, आम व्यंजन प्रतियोगिता, बागवानी नवाचार स्टॉल, किसानों के लिए तकनीकी सत्र तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से पूरी की जाएं। मंत्री ने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश की आम विविधता का भव्य प्रदर्शन करेगा तथा निर्यात, प्रसंस्करण और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में देश-विदेश से निर्यातक, आम उत्पादक, बागवान, वैज्ञानिक और आम प्रेमी भाग लेंगे।

सिंह ने निर्देश दिए कि आम की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी को अधिक आकर्षक और जनरुचिकर बनाया जाए। साथ ही, आम उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु सभी माध्यमों से सक्रिय प्रचार रणनीति अपनाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग महोत्सव से जुड़ सकें।

## विश्व शांति के संदेश के साथ निकली पालकी यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चारों** धाम मंदिर रानी कटरा से भगवान जगन्नाथ की प्राचीन रथ यात्रा शुक्रवार को विश्व शांति के संदेश के साथ निकली। सुबह चारों धाम मंदिर में विधि विधान से भगवान जगन्नाथ.. बलभद्र भैया एवं माता सुभद्रा का पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद चांदी की पालकी में सवार होकर भगवान भक्तों के घर पहुंच गए। लोगों ने अपने घर के बाहर भक्ति भाव से पूजन किया। जगह-जगह भक्तों ने पानी, शरबत, लस्सी, कढ़ी-चावल, समोसे आदि का प्रसाद वितरित किया। यात्रा में प्रमुख रूप से शिवनारायण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, लक्ष्मीकांत पांडे, आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, अभय अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मोहित शर्मा, अमित गौड़, संदीप तिवारी, पार्षद मनीष रस्तोगी, अभिषेक खरे, आशीष गौड़, संकेत मिश्रा, राधे तिवारी, उषा अग्रवाल शाहिद बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री केशव ने शुभांशु शुक्ला के परिजनों से मिलकर दी शुभकामनायें



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्र केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के निवास त्रिवेणी नगर, लखनऊ पहुंच कर उनके मिशन की सफलता पर उनकी माता श्रीमती आशा शुक्ला , पिता शंभू दयाल शुक्ला तथा परिवारजनों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफलता देश के लिए अपार हर्ष, गर्व व गौरव की बात है। माँ भारती की सेवा में श्री शुभांशु शुक्ला का योगदान न केवल राष्ट्र को गौरवान्वित करता है, बल्कि उनके परिवारजन भी इस गौरवगाथा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। शुभांशु ने आई एस एस पर पहुंच कर देश झण्डा बुलन्द किया है। शुभांशु की सफलता से देश मे जश्न का माहौल है।

page 04 rr:page 03.qxd 6/27/2025 8:14 PM Page 1



# सीएम ने 105 इलेक्ट्रिक 'देवी बसों' को दिखाई हरी झंडी

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नरेला में नए डीटीसी डिपो का भी किया उद्घाटन

❖ उद्घाटन समारोह में बीजेपी सांसद योगेंद्र चंदोलिया, मंत्री पंकज सिंह और रविंदर इंद्राज सिंह समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली






मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नरेला के सेक्टर ए-9 में बने नए डीटीसी बस डिपो का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 100 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) योजना के तहत चलाई जाएंगी। यह पहल दिल्ली में स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए की गई है। उद्घाटन समारोह में बीजेपी सांसद योगेंद्र चंदोलिया, मंत्री पंकज कुमार सिंह और रविंदर इंद्राज सिंह समेत कई प्रमुख नेता भी मौजूद थे। इन इलेक्ट्रिक बसों का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना, यात्रा को आरामदायक बनाना और आखिरी मील तक कनेक्टिविटी को बेहतर करना है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री पंकज कुमार मंत्री ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, प्रदूषण दिल्ली के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन इस बार ऐसा कोई मौका नहीं आया जब एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) को कोई सख्त कदम उठाना पड़ा हो। यह साफ हवा और प्रदूषण मुक्त दिल्ली की दिशा में बढ़ाया एक सकारात्मक कदम है। लोगों को आरामदायक और बेहतर यात्रा अनुभव देने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत की गई है। नरेला क्षेत्र के बढ़ते महत्व पर बोलते हुए सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा, आज यहां से 105 इलेक्ट्रिक देवी बसों को रवाना किया गया है। नरेला में कई बड़ी सरकारी योजनाएं और विश्वविद्यालय बनाए जा रहे हैं, जिससे यह इलाका और भी अहम हो गया है। मंत्री सिंह ने नए बस डिपो के तेज निर्माण और उसकी गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने कहा, यह टर्मिनल सिर्फ 90 दिनों में बनकर तैयार हुआ है और इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ड्राइवरों, कंडक्टरों और यात्रियों के लिए आरओ पानी की सुविधा और एक बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सेंटर भी बनाया गया है। उनके मुताबिक, नरेला डिपो से 105 नई इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत दिल्ली के लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे उन्हें आधुनिक, आरामदायक और सुलभ परिवहन सुविधा मिलेगी, साथ ही वाहनों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी। नया बस टर्मिनल दिल्ली में इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क का एक अहम हिस्सा बनेगा। यह आने वाले वर्षों में राजधानी में ट्रैफिक से होने वाले प्रदूषण को घटाने में मदद करेगा। दिल्ली सरकार में मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने इलेक्ट्रिक देवी बस शुरू होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। दिल्ली में इस बार प्रदूषण रहित रही है। दिल्ली के लोगों को अच्छी यात्रा करने के लिए इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जा रही हैं। आज इसी दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसी को देखते हुए देवी बसों को शुरू किया जा रहा है। मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने इतना अच्छा कदम उठाया है।

## 'भ्रष्टाचार ने किया था डीटीसी को बर्बाद'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार को हर काम में दाम ढूंढने वाली सरकार करार देते हुए कहा कि दिल्ली की लाइफ लाईन डीटीसी बसों के परिचालन में हर स्तर पर घोटाले किये गये और घाटे में लाकर परिवहन व्यवस्था को बर्बाद कर दिया था, जिसे अब पटरी पर लाने का काम किया जा रहा है।

श्रीमती रेखा गुप्ता ने नरेला में बस टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद आज कहा 'आज नरेला में 90 दिन में बने अत्याधुनिक बस टर्मिनल का उद्घाटन किया और 100 से ज्यादा नई देवी बसें दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित कीं। यह परियोजना सिर्फ एक नई सुविधा नहीं, बल्कि दिल्ली को बेहतर, सुरक्षित और समावेशी भविष्य की ओर ले जाने वाला मजबूत कदम है।' उन्होंने कहा कि नरेला में चार हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बने इस टर्मिनल में विशाल शेड, साफ-सुथरे टॉयलेट, आरओ जल संयंत्र, कैंटीन-पैंट्री, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी मूलभूत सुविधाएं है। यात्री अब बेहतर अनुभव के साथ यात्रा करेंगे। नई देवी बसें यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के नए मानक स्थापित कर रही हैं। इनमें सीसीटीवी कैमरे, आपात पैनिक बटन, लाइव ट्रैकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। इसके साथ ही, दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए ये बसें व्हीलचेयर-फ्रेंडली डिजाइन के साथ पूरी तरह सुलभ बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली की सड़कों पर 2000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं। हमारा संकल्प है कि 2027 तक राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह इलेक्ट्रिक बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित दिल्ली के विजन को साकार करें।

# बवाना में कुख्यात गैंगस्टर मंजीत महाल के भांजे की सरेआम हत्या

❖ पुलिस ने जताई गैंगवार की आशंका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली में सरेआम कुख्यात गैंगस्टर मंजीत महाल के भांजे की हत्या कर दी गई है। दिल्ली के बवाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। मृतक की पहचान मंजीत महाल के भांजे दीपक के रूप में हुई, जो सुबह टहलने के लिए निकला था।

इस घटना में हत्याकांड में गैंगवार का संदेह जताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच की है। दो हमलावर बाइक पर सवार होकर आए और दीपक पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। उन्होंने कई राउंड फायर किए थे। मौके पर ही दीपक की मौत हो गई। दीपक को निशाना बनाकर हमला किया गया, जिसमें उसकी बेटी भी घायल हो गई। हमले के समय दीपक के साथ मॉर्निंग वॉक पर उसकी बेटी भी थी। गोलीबारी में उसकी बेटी के हाथ में चोट आई है। हालांकि वो खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि दीपक को 7-8 घाव लगे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक गोलियों की सही संख्या का पता नहीं चलेगा। जांच में सामने आया है कि दीपक की हत्या करने के बाद हमलावर आगे की ओर बढ़े थे, लेकिन वो फिर वापस लौटकर आए और दोबारा भी दीपक को गोली मारी। उसके बाद दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, मृतक दीपक कुख्यात गैंगस्टर मंजीत महाल का भांजा था, हालांकि उसकी खुद की कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं थी।

घटना में पुलिस को संदेह है कि ये हत्या इलाके में चल रही गैंगवार का हिस्सा हो सकती है। पुलिस ने बताया कि दो हमलावरों में से एक की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही ये स्पष्ट हो सकेगा कि हत्या के पीछे असल वजह क्या थी।

## एम्स के लापता इलेक्ट्रीशियन का शव तालाब में मिला

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक सप्ताह से लापता 32 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन का शव वसंत कुंज के पास एक तालाब में सड़ी-गली हालत में मिला। रंगपुरी पहाड़ी क्षेत्र के इंदर कैंप निवासी अनिल कुमार 20 जून को लापता हो गए थे जिसके बाद उनके परिवार ने अगले दिन रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आज सुबह करीब आठ बजे एक व्यक्ति ने वसंत कुंज के पास एक तालाब में एक शव देखा। इसके कुछ देर बाद ही वसंत कुंज साउथ पुलिस थाने में इस संबंध में पीसीआर कॉल आ गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, एक टीम मौके पर पहुंची, जिसे इंदर कैंप में पीर बाबा के पास एक तालाब में सड़ी-गली हालात में शव मिला। एम्स में इलेक्ट्रीशियन के तौर पर काम करने वाले अनिल के परिवार में उनकी पत्नी और छह साल की बेटी है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने किया सड़कों का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के खारी बावली और फतेहपुरी मस्जिद के पास सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि जितनी भी टूटी फूटी सड़कें हैं, उनकी मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उम्मीद नहीं देती है, बल्कि काम करती है। हम काम करने पर विश्वास करते हैं। हम जो वादें करते हैं, उसे हर कीमत पर पूरा करते हैं। हम वादे करके भूलने वाले लोगों में से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात काम करेंगे।


मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित सरकार के अन्य मंत्री दिल्ली की सड़कों की मरम्मत के लिए तत्पर हैं। सभी विभागों के अधिकारियों ने दिल्ली के विकास को नई गति देने के लिए समन्वय के साथ करने का फैसला किया है। हम दिल्ली के विकास में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतेंगे। इसके अलावा, हम चांदनी चौक को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त बनाएंगे। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि बहुत ही जल्द यहां पर व्यापारियों की आमद देखने को मिलेगी। सड़कें साफ रहेंगी और किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं रहेगा। इसके अलावा, दिल्ली में पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई परियोजनाओं पर काम करेगी। साथ ही, बिहार में कांग्रेस के मतदाता गहन पुनरीक्षण की आलोचना करने पर कहा कि यह लोग काम करना नहीं, सिर्फ शिकायत करना जानते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व में बिहार में लगातार विकास के कई बड़े काम हो रहे हैं, जिसकी वजह से विपक्षी दलों में बौखलाहट है, इसलिए यह लोग अनाप-शनाप बोल रहे हैं। लेकिन, प्रदेश की जनता पूरी हकीकत जानती है। प्रवीण खंडेलवाल ने एंटी करप्शन ब्रांच की तरफ से स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के मामले में सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने लूटा है, अब उन्हें लौटाना होगा।

यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत ही सख्त शब्दों में बिना किसी लागलपेट के कही है। अब चाहे मनीष सिसोदियो हो, अरविंद केजरीवाल हो या सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन या संजय सिंह, इन सभी को जांच का सामना करना होगा। जिन लोगों ने भी दिल्ली को लूटा है, उन्हें लौटाना होगा।

## दिल्ली को स्मार्ट व सुंदर बनाने पर काम जारी : प्रवेश वर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी को स्मार्ट और सुंदर बनाना है और इसके लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है जिसमें यमुना रिवरफ्रंट का निर्माण भी शामिल है। शुक्रवार को रियल एस्टेट क्षेत्र में महिला उद्यमियों के लिए आयोजित एक समारोह में वर्मा ने रियल एस्टेट क्षेत्र में काम करने वालों से इन पहलों को विकसित करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए। पीडब्ल्यूडी मंत्री वर्मा ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार की कई उपलब्धियां भी गिनाईं। वर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य एक स्मार्ट और सुंदर शहर बनाना है। दिल्ली सरकार यमुना रिवरफ्रंट परियोजना और अन्य परियोजनाओं पर काम कर रही है। मैं रियल एस्टेट क्षेत्र से सुझाव आमंत्रित करता हूं कि हम इस पर कैसे आगे बढ़ सकते हैं।

## मांगों को लेकर जेएनयू में छात्रों की भूख हड़ताल

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र संगठन के नेतृत्व में छात्रों भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। गुरुवार की देर रात गंगा ढाबा से सबरमती टी-पॉइंट तक छात्रों ने जुलूस निकाला और उसके बाद भूख हड़ताल पर बैठ गए। छात्रों की प्रमुख मांगों में जेएनयू प्रवेश परीक्षा की बहाली, पीएचडी शोधार्थियों को दिए गए निष्कासन नोटिसों की वापसी, पीएचडी जमा करने तक हॉस्टल सुविधा की गारंटी और सभी प्रॉक्टोरियल जांचों को रद्द करना शामिल है।

जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुलपति ने हमारे साथ किए गए वादों से मुकर कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का अपमान किया है। छात्र संघ के बार-बार संवाद के प्रयासों को नजरअंदाज किया गया। अब यह आंदोलन सिर्फ मांगों का नहीं, लोकतंत्र की रक्षा का भी है।

## राजौरी गार्डन में पुलिस से मुठभेड़ में अपराधी घायल

नयी दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में पुलिस दल के साथ मुठभेड़ के दौरान डकैती समेत 50 से अधिक मामलों में वांछित एक अपराधी के पैर में गोली लग गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे संजय गांधी पशु चिकित्सालय के पास हुई, जब पुलिस दल ने आरोपी को रोकने की कोशिश की। अधिकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान विनय उर्फ मोटा (36) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया, विनय नजफगढ़ का निवासी है और उसके खिलाफ लूट और झपटमारी समेत कुल 56 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी ने बताया कि पुलिस के दल क्षेत्र में लूट और झपटमारी की घटनाओं में शामिल अपराधियों की पहचान और तलाश में जुटे थे और विनय उनकी प्राथमिकता सूची में शामिल था। उन्होंने कहा, 26 जून को रात करीब नौ बजे राजौरी गार्डन इलाके में संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां देखी गईं। कई पुलिस दलों को सतर्क किया गया और आरोपी को संजय गांधी पशु चिकित्सालय के पीछे नाले रोड पर मोटरसाइकिल चलाते देखा गया। जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर गोलियां चला दीं। एक पुलिसकर्मी के बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें विनय के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे काबू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अमन विहार में छात्र की चाकू घोपकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



❖ वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार

❖ घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल

राजधानी दिल्ली के अमन विहार थाना क्षेत्र में एक चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इस हमले में कक्षा 10वीं के छात्र दीपांशु (15 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कुछ युवकों ने दीपांशु पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से वहां से भाग निकले।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये हमला पुरानी रंजिश या आपसी झगड़े का नतीजा हो सकता है, हालांकि पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है। इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने गली के ही दो लड़कों पर आरोप लगाए हैं। मृतक की बहन का कहना है कि उसके भाई को एक प्लानिंग के साथ मारा गया था। दो जगह चाकू से हमले किए गए। चाकू से एक बार हमला सीने पर हार्ट के पास किया गया था। मृतक की मां ने कहा, मेरे तीन बच्चे घर पर खाना खा रहे थे। किसी का फोन आया था और एक बेटे को उसने नीचे बुलाया था। उसी समय उसको मार दिया। सोनू और मोनू नाम के लड़कों ने मेरे बेटे को मारा है। ये दोनों अपनी मौसी के घर पर रहते थे। अंदर गली में बुलाकर मेरे बेटे को मारा। दीपांशु के भाई ने कहा, वो आईटीआई कॉलेज से पढ़कर लौटा था। शाम के करीब 6 बज रहे थे। उसके भाई ने इसी साल 10वीं के पेपर दिए थे। शाम को खाना खाते समय उसको दो बार कॉल आई थी। दूसरी कॉल के बाद वो नीचे गया था। उसके बाद जैसे ही वो घर से बाहर निकला, सोनू-मोनू नाम के दो भाइयों ने चाकू से उसको मारा। सीने पर चाकू से वार किया गया। फिलहाल अमन विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

# बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की धरपकड़ के लिए पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी क्रम में दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। ये व्यक्ति पिछले 15 साल से भारत में अवैध रूप से रह रहा था। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान ओहिद के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि वो गैरकानूनी रूप से भारत में प्रवेश कर दिल्ली में फर्जी पहचान के सहारे रह रहा था। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम को अवैध प्रवासियों की पहचान और इलाके में सतर्कता बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। टीम की गश्त और खुफिया जानकारी जुटाने के प्रयासों के चलते 24 जून को वसंत कुंज इलाके में एक बांग्लादेशी नागरिक की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को ढूंढ निकाला, जिसने शुरूआत में खुद को मोहम्मद रोहित शेख बताया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस दिखाए, जिनमें उसे नदिया, पश्चिम बंगाल का निवासी दर्शाया गया था। हालांकि, गहन पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वो बांग्लादेशी नागरिक है और करीब 15 साल पहले एक अज्ञात व्यक्ति की मदद से भारत में घुसपैठ की थी।

पुलिस जांच में आरोपी के पास से उसके मूल बांग्लादेशी दस्तावेज, जैसे कि राष्ट्रीय पहचान पत्र और पासपोर्ट, बरामद किए गए, जो ओहिद नाम पर जारी थे। सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद आरोपी को वसंत कुंज साउथ थाना में रखा गया है। दिल्ली पुलिस अब विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय की मदद से बांग्लादेशी नागरिक को डिपोर्ट करने की कार्रवाई कर रही है।

## ई-रिक्शा चालक को गोली मारने के आरोप एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के नंद नगरी इलाके में एक व्यक्ति को एक ई-रिक्शा चालक को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना उस समय हुई जब ई-रिक्शा चालक की गाड़ी गलती से उस व्यक्ति की कार से टकरा गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 23 जून की सुबह विनय (30) अपने ई-रिक्शा में अमित विहार से वापस अपने घर सबोली जा रहा था। उन्होंने बताया कि गगन सिनेमा के पास मोड़ते समय उसका ई-रिक्शा कथित रूप से एक काले रंग की कार से टकरा गया। अधिकारी ने बताया कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) चालक समीर शर्मा (46) ने गुस्से में आकर कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और विनय पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली चलाने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि जीटीबी अस्पताल से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने बताया कि जीटीबी अस्पताल में ही पीड़ित का उपचार किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि विनय के बयान के आधार पर नंद नगरी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) और धारा 3(5) (संयुक्त जवाबदेही) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद समीर को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपनी महिला साथी के बारे में पुलिस को बताया। पुलिस ने उसकी महिला साथी को भी पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया कि अपराध में इस्तेमाल पिस्तौल और काली एसयूवी जब्त कर ली गई है। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी का उद्देश्य और आरोपी की संभावित आपराधिक पृष्ठभूमि का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# लापता दो लड़के और दो लड़कियां बरामद



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इस साल राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों से लापता हुए दो लड़कों और दो लड़कियों को बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पहले मामले में 15 वर्षीय एक लड़की ने सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के कारण डांटे जाने के बाद सात जून को समयपुर बादली स्थित अपना घर छोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि उसके माता-पिता बल्ब का होल्डर बनाने वाले कारखाने में काम करते हैं और वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। उन्होंने बताया कि उसे बादली रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि उसी दिन उसी इलाके का 15 वर्षीय एक लड़का भी लापता हो गया। उन्होंने बताया, वह बादली रेलवे स्टेशन पर पाया गया। उसने बताया कि वह अपने पिता की डांट के बाद घर से चला गया था जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे। उन्होंने बताया कि तीसरा मामला 12 वर्षीय लड़की से जुड़ा है, जो 24 जून को बेगमपुर इलाके में स्थित घर से कथित तौर पर स्वेच्छा से चली गई थी। उसके माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और वह मंगोलपुरी में मिली। चौथा मामला 12 वर्षीय लड़के से संबंधित है जो 13 अप्रैल से लापता था। करीब ढाई महीने की तलाशी के बाद वह लड़का द्वारका मोड़ के पास मिला।

## ढाबे में काम करते हुए मिला दो साल से लापता किशोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के शाहदरा में अपने माता-पिता की डांट से परेशान होकर घर छोड़ने वाले एक किशोर को दो साल बाद उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक ढाबे पर काम करते हुए पाया गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शंकर शाह (13) 30 जनवरी, 2023 से लापता था। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने बताया, उसी दिन उसके पिता ललित शाह की शिकायत पर फर्श बाजार थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। वे बिहारी कॉलोनी के निवासी हैं। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने नोटिस जारी किए, देशभर के सभी जिलों की पुलिस को सूचित किया और दूरदर्शन, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) आदि के माध्यम से शंकर की तस्वीर प्रसारित की गई। इसके अलावा, शंकर की जानकारी अखबारों और पुलिस के आंतरिक बुलेटिन में प्रकाशित की गई। अगस्त 2023 में उसकी सूचना देने वाले के लिए 10,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया। डीएसपी ने बताया कि मामले में अहम सुराग 20 मई, 2025 को मिला, जब शंकर ने एक अनजान नंबर से अपने पिता को फोन किया। उन्होंने बताया, जांचकर्ताओं ने उस नंबर का कॉल रिकॉर्ड (सीडीआर) प्राप्त किया, जिससे शंकर का पता उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के फेरू माजरा गांव में पाया गया। उसे 12 जून को बरामद किया गया और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अगले दिन उसके परिवार को सौंप दिया गया। पूछताछ में शंकर ने बताया कि वर्ष 2023 में घर छोड़ने के बाद वह आनंद विहार रेलवे स्टेशन से ट्रेन में चढ़ गया। उसे पता नहीं था कि वह ट्रेन कहां जा रही थी। शंकर ट्रेन से सहारनपुर में उतरा और वहां सड़क किनारे एक ढाबे पर काम करने लगा, जहां वह दो साल से अधिक समय तक रहा। ढाबा मालिक ने उसे रहने की जगह और भोजन दिया।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 28 जून 2025



# देश की अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप का महत्वपूर्ण योगदानः नंदी

**● उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और रोजगार सृजन की प्रयोगशाला ●युवाओं ने नए नए स्टार्ट अप से अपने सपनों को उड़ान दी'**

**●आज देश में सबसे ज्यादा जीआई टैग प्रोडक्ट्स उत्तर प्रदेश के हैं**




**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर होटल कान्हा श्याम प्रयागराज में ईस्टर्न यूपी चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंत्री नन्दी ने एमएसएमई दिवस के अवसर पर जनपद प्रयागराज में स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों को सम्मानित किया। जो डबल इंजन सरकार के साथ उद्यम एवं उद्यमिता को आगे बढ़ा रहे हैं। मंत्री नन्दी ने जनपद में स्थापित औद्योगिक इकाईयों गुरूराज रेडियेटर नैनी मेरी फूड्स केडी सांई इलेक्ट्रिकल्स नैनी आरएफ टेक्नोलॉजी पंखुड़िया तरूण इंटर प्राइजेज श्रेय इंजीनियरिंग वर्क्स आरडी आउटडोर मीडिया मदन आयुर्वेदा त्रिवेणी इलेक्ट्रो प्लास्टिक लिमिटेड इकावो एग्रो नन्दी ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज वरूण बेवरेजेज हॉक इंटरप्राइजेज को सम्मानित किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। रोजगार सृजन की प्रयोगशाला है। भारत प्राचीन समय से ही कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प का गढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने छोटे मध्यम और मझोले उद्योगों को पहले दिन से विशेष प्रोत्साहन दिया है। यही कारण है कि आज हम दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं। उद्योग केवल कुछ घरानों से आगे बढ़कर आम आदमी की पहुँच के दायरे में आया है। स्टार्ट अप इण्डिया मेक इन इण्डिया मुद्रा योजना आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं के अंतर्गत एमएसएमई सेक्टर के लिए संभावनाओं के अनन्त द्वार खुले हैं। विशेष रूप से युवाओं ने इनोवेशन माध्यम से नए.नए स्टार्ट अप से अपने सपनों को उड़ान दी है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आज भारत में 118 से ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्ट अप हैं। जो यह दिखाता है कि देश की अर्थव्यवस्था में स्टार्ट अप्स का कितना महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे वैश्विक आयोजनों की शुरुआत की। प्रयागराज के अमरुद मूँज प्रोडक्ट लखनऊ की चिकनकारी कन्नौज की इत्र जैसे स्थानीय उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ी है। देश में सबसे ज्यादा जीआई टैग प्रोडक्ट्स उप्र के हैं। विनय टंडन अध्यक्ष इस्टर्न यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स तरुण जग्गी महासचिव राजीव कुमार नैय्यर कार्यक्रम के चेयर ?मैन डॉ दरबारी पूर्व अध्यक्ष इस्टर्न यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स श्रेय केसरवानी क्वार्डिनेटर डीयू गुप्ता मेंबर गवर्निंग बॉडी इस्टर्न यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स विभा मिश्रा शोभित केशरवानी डायरेक्टर एल सी फूड्स लि प्रयागराज राजेश गुप्ता सदस्य एस आर गुप्ता एण्ड कम्पनी दिनेश कुंद्रा डायरेक्टर त्रिवेणी इलेक्ट्रो प्लास्टिक लि. मुरारी लाल अग्रवाल पूर्व डिप्टी मेयर प्रयागराज मौजूद रहे।

## भगवान जगन्नाथ की निकाली गई यात्रा

**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित गुरुद्वारे के पास से रंगीला कावड संघ द्वारा संचालित विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकाली गई, यात्रा आपने निर्धारित मार्ग गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर महिला थाना होते हुए वापस शीतला मंदिर चौक से धर्मशाला धर्मशाला चौक से स्वर्ण जयन्ती चौक होते हुए सनी देव मंदिर पर यात्रा का समापन किया गया, यात्रा में भगवान जगन्नाथ की मनमोहक झाकी को देखकर लोग भाव विभोर हो गए लोगों द्वारा पुष्प वर्षा व रंगीला कवड संघ द्वारा प्रसाद वितरण नगर भर किया गया यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी महेश सोनी मनीष अग्रहरी डॉ एचएन त्रिपाठी बच्चा सोनी विनोद सोनी, राहुल सत्यम सोनी श्याम सुंदर केसरी केसरी श्याम बाबू राहुल शर्मा सत्यम सोनी योगेश सिंह अनुप पांडे प्रशांत चौबे चंदन सोनी अखिलेश कश्यप श्री राम सोनी गोलू सोनी दिनेश सोनी आशुतोष समेत अन्य लोग यात्रा में मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री के साथ सांसद ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आयुष चिकित्सकों को बांटे नियुक्ति पत्र



**शाहजहांपुर।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व सांसद अरुण सागर ने ने विकास भवन सभागार में 38 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 45 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नौकरी पाने वाले लोग पहले से ही विकास भवन सभागार पहुंच गए थे। योगी सरकार में जिनके परिवार के सदस्यों को नौकरी मिली है। उनकी खुशी देखते ही बनती थी। सांसद ने कहा कि नौकरी पाने वालों का ये न्याय अध्याय शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को नौकरी देने के जो वादे किए थे। आज वही वादे पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

सांसद अरुण सागर ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने पर सबसे ज्यादा काम किया जा रहा है। आज कई परिवार ऐसे हैं। जिनके सदस्यों को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आयुष चिकित्सकों के पद पर नियुक्त मिली है। नौकरी पाने वाले लोगों और उनके परिवार की उम्मीदों पर प्रदेश सरकार खरी उतरी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले की सरकार में नौकरी देने में बड़े घोटाले हो जाते थे। लगातार नौकरी के नाम पर भ्रष्टाचार की बाते सामने आती थीं। यहां तक कि जाति और धर्म के आधार पर नौकरी देने के आरोप लगते थे। लेकिन योगी सरकार में भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म हो चुका है। यहां जो नियुक्तियां हुई है। उसमे पूरी तरह से पारदर्शी रही है। उन्होंने नौकरी पाने वाले युवाओं से अपील की है कि वह कार्य के दौरान अपनी और सरकार की छवि का ख्याल रखे और सम्मान बनाए रक्खें। सांसद ने कहा कि जिनकी नियुक्तियां हुई है ।ये सरकार की योजनाओं पर काफी जमीन स्तर पर कार्य करते हैं। इसलिए गरीब जनता का उनको खास ख्याल रखना होगा। आखिर में उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# राजभाषा विभाग, एनटीपीसी टांडा द्वारा हिंदी पुस्तकों का वितरण



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा के मानव संसाधन.राजभाषा विभाग द्वारा आज दिनांक 26 जून 2025 को हिंदी भाषा एवं साहित्य को बढ़ावा देने हेतु एक प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत स्थानीय विद्यालयों में हिंदी पुस्तकों का वितरण किया गया। यह पुस्तकें कॉलोनी स्थित डालीम्स विद्यालयए विवेकानंद इंटर कॉलेज तथा विवेकानंद शिशु कुंज विद्यालय को छात्रों के अध्ययन एवं पुस्तकालय की समृद्धि हेतु प्रदान की गईं।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध श्री अनुराग सिन्हा तथा राजभाषा अधिकारी श्री वरुण सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री अनुराग सिन्हा ने हिंदी साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित पठन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया और लगभग 130 पुस्तकों का अनुदान किया। उन्होंने कहा राजभाषा विभाग की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि जागृत करनाए पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करना एवं राजभाषा हिंदी के प्रचार.प्रसार को सशक्त बनाना है।

विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने इस योगदान के लिए एनटीपीसी टांडा का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों ने भी पुस्तकों को प्राप्त कर प्रसन्नता एवं उत्साह व्यक्त कियाद्य यह प्रयास न केवल शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हैए बल्कि राष्ट्रीय भाषा हिंदी के संवर्धन की दिशा में एनटीपीसी टांडा की प्रतिबद्धता का परिचायक भी है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन मे किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी: डीएम



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड माध्यम से विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकास से संबंधित विभागों यथा समाज कल्याणए बेसिक शिक्षा विभागए विद्युत विभागए महिला कल्याणए मत्स्य एदिव्यांगजन सशक्तिकरणए अल्पसंख्यक विभागए बाल विकास एवं पुष्टाहारए पंचायती राजए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीणए मुख्यमंत्री आवास योजनाए श्रम विभागए कृषि विभागए लोक निर्माण विभागए अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विंदुवार गहन समीक्षा की। उन्होंने जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उपरांत अंतर्गत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी विकास से संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार के लापरवाही पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जिन.जिन विभागों एवं योजनाओं में रैंकिंग की स्थिति अच्छी नहीं है उनको विशेष ध्यान देने के साथ ही समस्त विभागों को निरंतर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए जिससे प्रदेश स्तर पर जनपद की रैंकिंग में और सुधार आए और शासन के मंशानुसार जनसामान्य तक योजनाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ए परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंहए जिला अर्थ एवं सांख्यिकीय अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी एकर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## डीआईसी सेन्टर पर लगी मुहर जिलाधिकारी ने दिया आदेश

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जबसे डीआईसी सेन्टर बनने की बात नेत्र चिकित्सालय में बनने की कही जा रही थी लेकिन सीएमओ की बिल्डिंग होने के पश्चात् मेडिकल कालेज के प्राचार्य के द्वारा रोका गया था लेकिन अब जिले के बच्चों के लिए खुशखबरी आगी है कि अब डीआईसेन्टर जिले के भैरो चिकित्सालय के प्रथम तल पर ही बनेगा। विश्वस्त सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि इसके लिए जिलाधिकारी व मण्डायुक्त ने भी आदेश जारी किया और इसकी सारी जिम्मेदारी जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी को दी गई है। डीआईसेन्टर केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निवेदन पर भारतश् सरकारी जिले को यह उपलब्धि दी गई है इस केन्द्र के बन जाने से जिले के गरीब तबके के लोगों को अब कानपुर व अलीगढ़ जाना नहीं पड़ेगा और इसके बन जाने के बाद जिले के आसपास के पन्छह जिलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## क्विक न्यूज

### सड़क हादसे में तीन की मौत चार घायल

**शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ.दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात टैंकर की टक्कर लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो लोग बाराबंकी जिले और एक रामपुर का रहने वाला था। हादसे में चार लोग घायल हुए । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा उस समय हुआ जब कार सवार लोग मोटरसाइकिल से कार को छू जाने के बाद रोड के किनारे खड़े होकर आपस में बहस कर रहे थे । उसी समय तेज़ रफ़्तार टैंकर ने ने सभी को चपेट में ले लिया । हादसे में घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी में डॉक्टर ने कार सवार योगेश कुमार कुरील (55) निवासी विकास नगर थाना कोतवाली और विवेक मिश्रा (35) निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली जिला बाराबंकी और बाइक सवार मुबसर अली (40) निवासी रतनपुरा सोमाली थाना आजीवनगर जनपद रामपुर को मृत घोषित कर दिया। हादसे में नरेंद्र चौधरी निवासी लखपड़ाबाद कोतवाली, महेश निवासी नाका थाना कोतवालीए शिवकुमार थाना जैदपुर जिला बाराबंकी और जुनैद निवासी रतनपुरा सोमाली थाना अजीबनगर जनपद रामपुर घायल हुए हैं। पुलिस ने कार, टैंकर और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसारए कार सवार नैनीताल जा रहे थे। उनकी कार से बाइक से छू जाने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो रही थी। तभी टैंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### क्रानिक न्यूरोलाजिकल समस्या ग्रसित याची को पीसीएस मुख्य परीक्षा में लिखने के लिए सहायक रखने की अनुमति देने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोक सेवा आयोग प्रयागराज को निर्देश दिया है कि याची समीर खान को 29 जून 2025 को होने वाली पीसीएस मुख्य परीक्षा में लिखने के लिए सहयोगी लेखक का उपयोग करने की अनुमति प्रदान करे और आयोग से एक हफ्ते में इस संबंध में जानकारी मांगी है। याचिका की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति डा वाई के श्रीवास्तव की एकल पीठ ने समीर खान की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता प्रभाष पांडेय ने बहस की। इनका कहना है कि याचिकाकर्ता को राइट हैंड फोकल डिस्टोनिया क्रानिक न्यूरोलाजिकल दिक्कत जिसे लेखक का ऐंठन भी कहा जाता है जिसमें अनैच्छिक संकुचन होता है। खासकर जब कोई व्यक्ति लिखने या किसी विशिष्ट कार्य को करने की कोशिश करता है से ग्रसित है। सुप्रीम कोर्ट ने विकास कुमार केस में ऐसे मामले में सहायक रखने की अनुमति देने का निर्देश दिया है। इसलिए याची को 29 जून को होने वाली आयोग की परीक्षा में सहायक रखने की अनुमति दी जाए। आयोग की तरफसे अधिवक्ता आर बी सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ऐसे व्यक्ति को सहायक रखने की अनुमति देना उचित है और आयोग अनुमति देगा।जिसपर कोर्ट ने आयोग से जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए याची को 29 जून की परीक्षा में लिखने के लिए सहायक रखने की अनुमति देने का आदेश दिया है।

### डा. संगीता बलवंत ने बेघर परिवारों एवं वीर अब्दुल हमीद सेतु पर स्ट्रीट लाइटों हेतु जिलाधिकारी को दिया पत्र

**गाजीपुर।** राज्यसभा सांसद डाण् संगीता बलवंत ने बताया कि अंधऊ हवाई पट्टी एवं सेना के जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने मे कुछ ऐसे भी असहायए निर्धनए भूमिहीन परिवार है जो कालांतर मे बहुत दिनों से उस जमीन पर अपना जीवन व्यतीत कर रह रहे थे। आज विस्थापित होने के बाद उनके पास कही अन्य कोई भूमि न होने के कारण बेघर परिवार आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। ऐसे बेघर परिवार के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत करायी कि इन्हें आवास या जमीन पट्टा दिलाना सुनिश्चित करे। साथ ही जिलाधिकारी को पत्र लिखी कि शहीद वीर अब्दुल हमीद सेतु की ख़राब स्ट्रीट लाइटों को बदलवाने हेतु सम्बंधित विभाग को अति शीघ्र निर्देशित करे।

### पुलिस अधीक्षक ने ली परेड सलामी, किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** जनपद के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई गई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0 112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण, सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी मेस, पुलिस बैरक, शौचालय, कम्युटर कक्ष, आरटीसी स्कूल इत्यादि का जायजा लिया गया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफसफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को दिशा-निर्देश दिए।

## सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में जिला महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** जिला महिला अस्पताल में सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश नीलम प्रभात की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, नवजात बच्चियों के हाथों से केक काट कर उनका जन्म उत्सव मनाया गया व उन्हें उपहार स्वरूप बेबी नेट बेड व बेबी किट दिया गया। सदस्य ने महिला अस्पताल का भ्रमण कर निरीक्षण तथा उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। महिला सशक्तिकरण हब कार्मिकों द्वारा नवजात बच्चियों का कन्या सुमंगला में तत्काल आवेदन करने हेतु अभिभावकों को आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा बच्चियों के माता.पिता व अभिभावक को कन्या सुमंगला योजनाए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाए स्पांसरशीप योजना व अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण समिति की बैठक की



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपणए पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक की। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जनपद को 3465880 पौधों को रोपित करने का लक्ष्य शासन द्वारा प्रदान किया गया है। सीडीओ ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पौधों को रोपित करने के लिए गड्ढों की खुदाई का कार्य समय पर पूर्ण करने के साथ ही वन विभाग द्वारा जारी इंडेंट के अनुरूप संबंधित नर्सरी से पौधों के ढुलान का कार्य समय पर कर लेने तथा उसे स्थल के नजदीक सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा माह जुलाई के प्रथम सप्ताह में पौधारोपण के तिथि प्राप्त होने की संभावना हैए अत: सभी विभाग अपने.अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समस्त तैयारी को समय से पूर्ण कर लें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ.साथ बड़े होने तक उसकी सुरक्षा की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारीए जिला विकास अधिकारीए डीसी एनआरएलएम आदि सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा हिंदी कार्यशाला का किया आयोजन

**संवाददाता।** सोनभद्र




**एनटीपीसी** विंध्याचल में राजभाषा अनुभाग द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ परियोजना के प्रशासनिक भवन के सी वी रमन सभागार में किया गया। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में शिक्षक राहुल द्विवेदी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक संजीव कुमार साहा नें अपने उद्बोधन में कार्यशाला की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस कार्यशाला से हम सभी को कार्यालयीन काम-काज को करने में सहायता मिलेगी। राहुल द्विवेदी द्वारा बताए गए राजभाषा के इतिहास से संबंधित जानकारी से हमारी परियोजना को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा नें उपस्थित सभी को हिंदी के महत्व एवं राजभाषा नीति के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होने कहा कि यह विशेष हिंदी कार्यशाला हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु बहुत ही उपयोगी है और इस तरह की कार्यशाला से हम सभी मे हिंदी के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक राहुल द्विवेदी ने हिंदी को राजभाषा बनाने हेतु संघर्ष एवं इतिहास, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग, राजभाषा का महत्व, हिंदी के वर्तनी के मानकीकरण आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संजीव कुमार साहा डी के अग्रवाल राजशेखर पाला सतेन्द्र कुमार सिंह दीपू ए देवव्रत त्रिपाठी राकेश अरोड़ा मृणालनी कामना शर्मा अन्य अपर महाप्रबंधक एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों के साथ-साथ अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

# कंप्लेंट पर या चार्जशीट में शामिल आरोपी को ही पाक्सो कोर्ट को संज्ञान लेकर सम्मन जारी करने का अधिकार

**● चार्जशीट से बाहर याचियों को विशेष कोर्ट से जारी सम्मन आदेश अवैध करार रद**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 190 में 193 के तहत कोर्ट अपनी जानकारी के आधार पर चार्जशीट से बाहर आरोपी के खिलाफसम्मन जारी कर सकती है किंतु पाक्सो एक्ट की धारा 33 में यह अधिकार विशेष जज को नहीं है। वह पुलिस रिपोर्ट या कंप्लेंट पर ही संज्ञान लेकर सम्मन जारी कर सकती है।अपनी जानकारी के आधार पर पाक्सो एक्ट के विशेष जज को विवेचना में अलग हुए आरोपी को सम्मन जारी करने का अधिकार नहीं है।

कोर्ट ने अपर सत्र न्यायाधीश विशेष जज पाक्सो एक्ट बरेली के याचियों के विरूद्ध जारी सम्मन आदेश 29 मई 24 को अवैध करार देते हुए रद कर दिया है और विशेष अदालत को नियमानुसार नए सिरे से संज्ञान लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि याचियों के खिलाफजारी सम्मन ही रद किया गया है। चार्जशीट में शामिल आरोपी के खिलाफ केस कार्यवाही चलेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की एकल पीठ ने दिशा व एक अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह ने बहस की। इनका कहना था कि विशारतगंज थाने में याचीगण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 363 366 व 120बी तथा पाक्सो एक्ट की धारा 16ध्17 के तहत एफ्आईआर दर्ज की गई। विवेचना अधिकारी ने याची एक का नाम एफ्आईआर में नहीं होने व चार्जसीट में शामिल न करने तथा याची दो के खिलाफ सबूत न मिलने के कारण चार्जशीट से बाहर कर दिया।केवल एक आरोपी अजीत के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। किंतु विशेष जज पाक्सो ने आरोपी सहित याचियों के खिलाफसम्मन जारी कर तलब किया। जिसकी वैधता को यह कहते हुए चुनौती दी गई कि विशेष जज को केवल चार्जशीट में आरोपी या कंप्लेंट मिलने पर ही संज्ञान लेकर सम्मन जारी करने का अधिकार है। याचियों के खिलाफन तो चार्जशीट है और न ही कोई कंप्लेंट दाखिल है। इसलिए सम्मन आदेश सहित केस कार्यवाही रद किया जाए। कोर्ट ने कानूनी उपबंधो पर विचार किया और विशेष जज के आदेश को रद कर दिया।

# मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अनुश्रवण के सापेक्ष विकास कार्यों में सुधार लाने का दिया निर्देश

**● कानून व्यवस्था की भी मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई समीक्षा ●आगामी दिनों में विभिन्न त्यौहारो के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, मार्गो की मरम्मत व साफसफाई के दिए गए निर्देश ●विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अनुश्रवण में मण्डल के 49 विकास योजनाओ में ए श्रेणी प्राप्त सभी अधिकारियों को रैंक में सुधार लाने का दिया निर्देश**

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने आज आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदो के अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अनुश्रवण में प्राप्त रैंक/श्रेणीवार विकासपरक योजनाओ एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजनए भदोही शैलेश कुमार, सोनभद्र बीएन सिंह, मुख्य वन संरक्षण मनीष मित्तलए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा, सोनभद्र अशोक मीणा, भदोही अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी सहित संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्रए अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम सहित सभी मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहें।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने आगामी त्यौहारो यथा.कावणए मोहर्रम व अन्य त्यौहारो के दृष्टिगत सुरक्षा एवं चैकसी बरतने के निर्देश दिए गए। मण्डलायुक्त ने कहा कि त्यौहारो पर किसी प्रकार से जन मानस को परेशानी न होने पाए। कावण यात्रा के मार्गो को चिन्हित करते हुए सड़को की मरम्मतए साफ सफाईए सड़को के किनारे झाड़ियों की कटाईए छटाई सभी उचित व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को इस तरह सदृढ़ व सुगम बनाया जाए कावणियों केस साथ ही साथ यातायात व्यवस्था भी बाधित न होने पाए। उन्होंने कहा कि कावणियों के जहां से जल लिया जाता है पर्याप्त मात्रा में उन घाटो पर सफाईए प्रकाश व्यवस्थाए गोताखोर की भी व्यवस्था किया जाए। उन्होंने कहा कि कावण यात्रा मार्गो पर बीच.बीच में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस कर्मी की तैनाती करते हुए ष्कावण यात्रा मार्गष् से सम्बन्धित बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इस बात की भी निगरानी की जाए कि किसी के द्वारा कही भड़काऊ नारेध्भाषण आदि न किया जाएए सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाए। समीक्षा के दौरान गुण्डा एक्टए महिला उत्पीड़न एवं उस पर की गई कार्यवाहीए गैंगेस्टरए दर्ज एफ0आई0आर0 के सापेक्ष की गई कार्यवाहीए भू माफियाए जिला बदरए गवाहो की उपस्थिति सहित सभी बिन्दुओ पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अनुश्रवण के तहत विकास कार्यो के प्रगति व श्रेणीवार समीक्षा की गईए समीक्षा के दौरान मण्डल के तीनो जनपदो के 49 मदोध्योजनाओ में ए श्रेणी प्राप्त हुई हैं। जिन मदोध्योजनाओ में ए श्रेणी प्राप्त है उनमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोइरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीण, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, एंबुलेंस 102, एंबुलेंस 108, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, दुग्ध मूल्य भुगतान की स्थिति, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, फैमिली आईडी, एसबीएम फेज.2, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज.2, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षक, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, ओडीओपी वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालिक ऋण वितरण एवं वसूली, श्रेणी प्राप्त हैं।

## जल संकट
### गंभीर चेतावनी

**जल संकट एक गंभीर चेतावनी** के रूप में सामने है क्योंकि 2030 में मांग आपूर्ति से बहुत अधिक हो जाएगी। जल संकट कोई सुदूर खतरा न होकर तात्कालिक है। भारत में हमने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया है। उनका दोहन करते समय हम इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं करते हैं कि वे सीमित है और गैर-जिम्मेदार तरीके से उपयोग के कारण वे हमारी कल्पना से बहुत जल्दी समाप्त हो जाएंगे। भारत आज भयानक जल संकट के कगार पर है जिससे आर्थिक प्रगति के पटरी से उतरने, खाद्य सुरक्षा अस्थिर होने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के नुकसान का खतरा है। दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या के बावजूद भारत के पास ताजे पानी के केवल 4 प्रतिशत संसाधन हैं। नीति आयोग के '2018 कंपोज़िट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स' ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी है कि 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट में जी रहे हैं। 2030 तक मांग उपलब्ध सप्लाई की दो गुनी हो सकती है। इसके बावजूद लगातार आ रहे प्रमाणों से स्पष्ट है कि देश इसका मुकाबला विखंडित नीतियों तथा मामूली समाधानों से कर रहा है। जल संकट की जड़ें बहुत गहरी और बहुआयामी हैं। इसका एक प्रमुख कारण देश में पानी का अत्यधिक असमान वितरण है। जहां कुछ राज्य विनाशकारी बाढ़ों का सामना करते हैं, वहीं दूसरे पूरे साल सूखा झेलते हैं। जलवायु परिवर्तन ने यह विसंगति और बढ़ा दी है। भूमिगत जल पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्या को और गंभीर बनाया है। अत्यधिक पानी निकालने से भारत दुनिया में भूमिगत जल का सबसे बड़ा प्रयोगकर्ता बन गया है, जबकि इसका संभरण सप्लाई की पूर्ति में अक्षम है। जलवायु परिवर्तन ने जल समीकरण को वर्तमान संकट से भावी खतरे में बदल दिया है। अनुमान से परे बरसात कृषि संकट का कारण है। सिकुड़ते ग्लेशियरों ने सभी जल भंडारों में कमी को और बढ़ावा दिया है। हिमालय के ग्लेशियर गंगा और सिंधु नदियों की जीवनरेखा हैं और वे चिन्ताजनक तेजी से पिघल रहे हैं।

जल स्रोतों में प्रदूषण भी समान रूप से गंभीर चेतावनी है। 2024 की वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि भारत में 70 प्रतिशत से अधिक जल प्रदूषित है। 19 राज्यों में 230 मिलियन से अधिक लोग आर्सेनिक व फ्लोराइड प्रदूषित पेयजल का प्रयोग कर रहे हैं। अशोधित सीवेज व औद्योगिक कचरा नदियों को प्रदूषित कर उनको अनुपयोगी बना रहा है। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भयानक विपरीत प्रभाव पड़ता है। नीति आयोग के अनुसार हर साल लगभग 200,000 लोगों की जान जल-जनित रोगों के कारण चली जाती है, जबकि इस त्रासदी को रोका जा सकता है। बैंगलुरू, चेन्नै और दिल्ली जैसे शहर पहले से ही इतने भयानक जल संकट का सामना कर रहे हैं जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 21 शहर 2030 तक भूमिगत जल समाप्त कर चुके होंगे जिसका प्रभाव 100 मिलियन से अधिक लोगों पर पड़ेगा। हालांकि, इस गंभीर संकट से बाहर निकलने का रास्ता है, पर इसके लिए व्यवस्थित परिवर्तन जरूरी है। समन्वित जल संसाधन प्रबंधन-आईडब्लूआरएम अब अपवाद के बजाय नियम बनना चाहिए। पानी को अलग-थलग कर नहीं देखा जा सकता है, बल्कि इसे ऊर्जा, कृषि, जलवायु और स्वास्थ्य के साथ मिला कर देखा जाना चाहिए। राष्ट्रीय नीतियों में भी यह यथार्थ दिखना चाहिए।

प्रकृति आधारित समाधान, जैसे दलदली भूमि की बहाली को विस्तार देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही अद्यतन तकनीकों, जैसे तत्काल निगरानी एवं जल जवाबदेही व्यवस्थायें लागू की जानी चाहिए ताकि जल संसाधनों के प्रयोग तथा उनके समतापूर्ण पुन: वितरण पर ध्यान दिया जा सके। भारत में जल सुरक्षा एक तात्कालिक आवश्यकता के साथ दूरगामी योजना की आवश्यकता भी स्पष्ट करती है। सुरक्षित जल सप्लाई आर्थिक रूप से जीवन्त तथा सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण भविष्य के लिए आवश्यक है। हालांकि, पिछले एक दशक में सरकार ने जल संरक्षण के मुद्दे पर गंभीरता प्रदर्शित की है। ऐसे में देखना होगा कि भारत इस उभरती चुनौती से कैसे निपटता है।

# सिंधु जल संधि पर उचित दृष्टिकोण

**भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय सिंधु जल संधि स्थगित करने के निर्णय ने पश्चिमी नदियों के जल संसाधनों पर ध्यान आकर्षित किया है। यह प्राकृतिक संसाधनों के साझे पर निर्णायक नीतिगत परिवर्तन है।**



**बी. के. सिंह**
(लेखक, पूर्व वन अधिकारी हैं)



भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय सिंधु जल संधि स्थगित करने के निर्णय ने पश्चिमी नदियों के जल संसाधनों पर ध्यान आकर्षित किया है। यह प्राकृतिक संसाधनों के साझे पर निर्णायक नीतिगत परिवर्तन है। इस्लामाबाद परंपरागत युद्ध के बजाय भारत के नागरिकों और सशस्त्र बलों को आईएसआई-प्रशिक्षित आतंकियों द्वारा निशाना बनाता रहा है। इसी के अंतर्गत उसने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला किया जिसमें 26 नागरिकों की मौत हुई। इनमें एक नेपाली समेत सभी पर्यटक थे।

इसके बाद पाकिस्तान की इस रणनीति का भारत ने करारा और व्यापक जवाब दिया। इस आतंकी हमले के तत्काल बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को निकाल बाहर किया, उसकी राजनयिक उपस्थिति घटाई तथा सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया। 22 अप्रैल के आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को तड़के 'आपरेशन सिंदूर' शुरू किया तथा नौ ठिकानों पर निर्धारित आतंकी ढांचों पर हमले किए जिनमें से पांच पाक अधिकृत कश्मीर तथा चार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में थे। इनमें मुरिदके व बहावलपुर में दो प्रमुख आतंकी संगठनों-लश्करे तैयबा और जैशे मुहम्मद के मुख्यालय शामिल हैं। इस आपरेशन से इन शिविरों में सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए।

तुर्किए और चीन निर्मित हथियारों का प्रयोग करते हुए पाकिस्तानी प्रतिक्रिया टकराव के चार ही दिन में विफल कर दी गई। इससे पाकिस्तान के 11 हवाईअड्डों व वायु रक्षा प्रणालियों को व्यापक नुकसान पहुंचा।10 मई को शाम 5.35 पर युद्धविराम की घोषणा के बाद भी सिंधु जल संधि-आईडब्लूटी स्थगित रखी गई। दोनों देशों ने कई युद्ध लड़े हैं और भारत को पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित अनेक आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है, पर 1960 के बाद पहली बार आईडब्लूटी स्थगित की गई है। इससे पाकिस्तान को उसके दु:साहस का स्थाई खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हाल के वर्षों में भारत आईडब्लूटीमें द्विपक्षीय परिवर्तन की मांग करता रहा है। 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि में दोनों देशों के बीच 6 नदियों की घाटियां शामिल हैं। सिंधु, झेलम और चिनाब पश्चिमी नदियां है जिनको पाकिस्तान को आबंटित किया गया है, जबकि पूर्वी नदियां रावी, व्यास और सतुलज भारत को आबंटित हैं। संधि में पाकिस्तान को 80 प्रतिशत पानी आबंटित किया गया है, जबकि अपर रिपेरियन स्टेट भारत को केवल 20 प्रतिशत दिया गया है। दुनिया की किसी अन्य जल संधि में अपर रिपेरियन स्टेट के साथ इस प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ है जिसे लोअर रिपेरियन स्टेट के प्रति सर्वाधिक उदार संधि माना जाता था। विभाग से संबंधिक स्थाई समिति की 2021में जारी रिपोर्ट के अनुसार इस संधि में ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन मुद्दों तथा पर्यावरण प्रभाव आंकलन को भी स्थान नहीं मिला है।

संधि लागू होने के दौरान पाकिस्तान ने लगातार भारत की पनबिजली योजनाओं पर आपत्ति की थी। हाल के वर्षों में किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं पर आपत्ति दर्ज कराई गई। इन निराधार आपत्तियों के आधार पर पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, हेग का दरवाजा खटखटाया, जो काफी परेशान करने तथा हमारी प्रगति में बाधा डालने वाला था। पाकिस्तान केन्द्रशासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर की आर्थिक प्रगति में भी बाधा डालता रहा है। रिपोर्टों से इस बात की पुष्टि होती है कि आईडब्लूटी के कारण इस क्षेत्र को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। संधि के 65 साल बाद जलवायु परिवर्तन ने परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन किए। पूरब की ओर सतलुज, व्यास और रावी नदियों को जल देने वाले ग्लेशियर स्थित थे, जबकि तुलनात्मक रूप से कम ऊंचाई पर कराकोरम पहाड़ों में स्थित ग्लेशियर पश्चिमी नदियों-सिंधु, झेलम और चिनाब को पानी सप्लाई करते थे। निचले क्षेत्रों में स्थित ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ रहे थे और पीछे हट रहे थे। लेकिन ऊंची कराकोरम पहाड़ियों में स्थित ग्लेशियर सिकुड़ नहीं रहे थे और तुलनात्मक रूप से स्थिर थे।

वैज्ञानिक समुदाय में इसे 'कराकोरम विसंगति' कहा जाता है। ग्लेशियरों के सिकुड़ने के कारण पूर्वी नदियों-सतलुज, व्यास और रावी में पानी का प्रवाह घट रहा था। इसका प्रभाव पंजाब और राजस्थान के भारतीय राज्यों तथा संघशासति जम्मू कश्मीर में सिंचाई व बिजली उत्पादन के लिए उपलब्ध पानी पर पड़ रहा था। इस प्रकार आईडब्लूटी में भारत को पानी का 20 प्रतिशत हिस्सा आबंटित होने के बावजूद हमें केवल 5 प्रतिशत पानी मिलता था। 'कराकोरम विसंगति' का संबंध मध्य कराकोरम में ग्लेशियरों की प्रगति से था जो हिमालय के अन्य निकटवर्ती पहाड़ों तथा दुनिया के अन्य पहाड़ों की तुलना में एकदम उलट था। अध्ययनों से पता चला कि इस विसंगति का कारण सालों से हो रहे तापमान परिवर्तन से था। पश्चिमी बाधायें जाड़े में इस क्षेत्र में हिमपात का मुख्य आधार हैं। इसके परिणामस्वरूप पिछले दो दशकों में कराकोरम में बरसात 10 प्रतिशत बरसात बढ़ी है। इससे स्पष्ट है कि जहां पश्चिमी नदियों में पानी का प्रवाह लगभग स्थिर था और इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती थी, वहीं पूर्वी नदियों में पानी कम हो रहा था। इस स्थिति को देखते हुए आईडब्लूटी में परिवर्तन होना चाहिए था। पहलगाम आतंकी नरसंहार के बाद पधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया है कि यह संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद को उसके सभी रूपों में समर्थन देना बंद नहीं करता है।

खासकर जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा 'कराकोरम विसंगति' को देखते हुए आईडब्लूटी को वर्तमान स्वरूप में पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिकारियों से चिनाब, झेलम व सिंधु नदियों पर परियोजनायें बनाने व उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में सिंधु घाटी में सभी लंबित व प्रस्तावित परियोनाओं को पर्यावरण अनुमति तेजी से देने का निर्देश दिया है ताकि इन नदी प्रणालियों के अधिकतम जल का प्रयोग किया जा सके। चिनाब से नहरों की योजना भी बनाई जा रही है ताकि सिंचाई से ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र लाभान्वित हो सकें। उरी-2, किर्थल-2 तथा सावलकोट परियोजनाओं का उद्देश्य पनबिजली पैदा करने के साथ सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना है। इनको 'सिंगल विंडो' अनुमति के लिए छांटा गया है।

1980 के दशक में उत्तरी कश्मीर की वुलर झील पर स्थित तुलबुल सिंचाई बैराज पर पाकिस्तान के दबाव में काम रोक दिया गया था, पर अब उसे फिर शुरू किया जा सकता है। आईडब्लूटी को स्थगित करने के बाद भारत ने जल भंडारों से गाद हटाने के लिए बगलीहार और सलाल बांधों से पानी छोड़ने का निर्णय किया है। इसके कारण चिनाब नदी में पानी बढ़ा और पाकिस्तान में बाढ़ आ गई। गाद हटाने के बाद बांध के गेट बंद कर दिए गए जिससे पाकिस्तान के पंजाब और सिंध में धान की खेती और उसकी रोपाई में बाधा आई।

अब भारत बरसात का डेटा देने के लिए भी बाध्य नहीं है। इस पर पाकिस्तान ने भ्रम फैलाते हुए कहा कि चीन भी इसी प्रकार ब्रह्मपुत्र का पानी रोक सकता है जहां भारत लोअर रिपेरियन स्टेट है। लेकिन चीन ऐसा कभी नहीं कर सकता है। ब्रह्मपुत्र चीन के तिब्बत में स्थित आंगसी ग्लेशियर से निकलती है और भारत के अरूणाचल प्रदेश में प्रवेश से पहले चीन के यारलुंग सांगपो से गुजरती है। इसे अरूणाचल प्रदेश में सियांग और दिबांग तथा असम और बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र कहा जाता है। चीन ने यारलुंग सांगपो में पनबिजली बांध बनाने की घोषणा की है, पर भारतीय विशेषज्ञों का कहना है कि वह ब्रह्मपुत्र से पानी का प्रवाह नहीं रोक सकता है।

आईडीएसए के डेटा से स्पष्ट है कि सूखे के मौसम में भी भारत में आने वाले ब्रह्मपुत्र के पानी में यारलुंग सांगपो का प्रवाह बहुत कम है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सर्मा ने हाल ही में इस झूठ को उजागर करते हुए एक्स पर लिखा था, 'ब्रह्मपुत्र ऐसी नदी है जिसमें भारत उसके ऊपरी क्षेत्र पर निर्भर नहीं है। इसे भारतीय नदी व्यवस्था में बरसात से पानी मिलता है और यह भारत में प्रवेश के बाद बढ़ता है।' इसमें ग्लेशियर पिघलने तथा चीन के तिब्बत क्षेत्र में बरसात से थोड़ा ही योगदान होता है। ब्रह्मपुत्र में बाकी 65-70 प्रतिशत पानी का योगदान भारतीय मानसून से होता है और इसे अरूणाचल प्रदेश, असम, नगालैंड व मेघालय में बहने वाली नदियों से पानी मिलता है। इस प्रकार चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र में ऊपर किए गए किसी हस्तक्षेप से भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# बाल श्रम के विरुद्ध तेलंगाना का संघर्ष

> "तेलंगाना ने न केवल देश में सबसे अधिक बचाव अभियान चलाए बल्कि अपराधियों के खिलाफ की गई गिरफ्तारियों की सूची में भी शीर्ष स्थान पर रहा।"

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



बाल श्रम बचाव पर एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया है कि तेलंगाना 2024-25 में बच्चों को गैरकानूनी रोजगार से बाहर निकालने में अन्य सभी राज्यों से आगे निकल गया है। इस अवधि के दौरान भारत में बचाए गए 53,651 बच्चों में से 11,063 को तेलंगाना में नया जीवन दिया गया। राज्य ने न केवल देश में सबसे अधिक बचाव अभियान चलाए बल्कि अपराधियों के खिलाफ की गई गिरफ्तारियों की सूची में भी शीर्ष स्थान पर रहा। हालांकि यह शोषणकारी काम से बचाए गए सभी कमजोर बच्चों के लिए अच्छी खबर है, लेकिन उचित पुनर्वास सुनिश्चित होने के अभाव में उनका जीवन अभी भी निश्चित रूप से अधर में लटकेगा।

यह महत्वपूर्ण कार्य तेलंगाना के लिए आसान हो सकता है क्योंकि उसके पास पहले से ही एक सफल पुनर्वास रोडमैप है, हैदराबाद स्थित गैर-लाभकारी एमवी फाउंडेशन का शुक्रिया, जो दस लाख से अधिक बच्चों को काम से निकालने में कामयाब रहा है उनकी सफलता का आधार उनका यह विश्वास रहा है कि स्कूल न जाने वाले किसी भी बच्चे को बाल मजदूर माना जाना चाहिए और बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए स्कूल और शिक्षा ही एकमात्र विकल्प हैं। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अपनाया गया मॉडल सरल है।

सबसे पहले, प्रत्येक हस्तक्षेप गांव में स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों का सर्वेक्षण किया जाता है। गांव वाले अक्सर अपने घरों के बाहर साड़ी पहनी एक महिला को अपने बच्चों के बारे में पूछते देखकर हैरान रह जाते थे। लेकिन एमवीएफ की संस्थापक ट्रस्टी और बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए अपने काम के लिए मैग्सेसे पुरस्कार विजेता



शांता सिन्हा को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए मनाने के लिए उनके घरों की फर्श पर बैठने में कोई संकोच नहीं हुआ। इस व्यक्तिगत दृष्टिकोण ने उनके बच्चों को आवासीय ब्रिज कोर्स कैंप (आरबीसी) में जाने की अनुमति दिलाने में मदद की। ये उन बच्चों की मदद के लिए अल्पकालिक गहन शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करते हैं जो काम करने के लिए स्कूल छोड़ चुके हैं या जो कभी स्कूल नहीं गए हैं, अपने ज्ञान के अंतराल को भरने के लिए। फिर उन्हें सरकारी स्कूलों में मुख्यधारा में लाया जाता है। समुदाय, माता-पिता, स्थानीय पंचायत सदस्यों और स्कूल शिक्षकों से मिलकर बाल अधिकार संरक्षण मंचों की स्थापना करना सुनिश्चित करता है कि नामांकित बच्चे स्कूल में बने रहें।

अगर घर-घर जाकर सर्वे न किया गया होता, तो 11 वर्षीय अमृता अपने परिवार के साथ खेतिहर मजदूर के तौर पर काम करती रहती। वह ज्यादातर रातों को भूखे पेट सोने के लिए तैयार थी। लेकिन उसकी जिंदगी तब बदल गई जब एमवीएफ उसके गांव में शिक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने आया। उन्होंने उसके माता-पिता को उसे आरबीसी में भेजने के लिए प्रेरित किया।

जब यह पता चला कि अमृता कैंप में गई है, तो पांच अन्य बच्चे, जिन्होंने जीवन बदल देने वाले अनुभव के बारे में सुना, वे भी उसके साथ वहां शामिल हो गए। उनमें से एक सड़क किनारे एक ढाबे पर काम कर रहा था और इस डर से कि उसे आरबीसी में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, अपने नियोक्ता को बताए बिना भाग गया। वह एमवीएफ कैंप तक ट्रेन पकड़ने के लिए 10 किमी पैदल चला।

एमवीएफ दृष्टिकोण ने बाल श्रम के उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक स्वामित्व की भावना को बढ़ावा देकर सैकड़ों बच्चों को दूसरा बचपन पाने का मौका दिया है शोषण के लिए समान रूप से असुरक्षित वे लोग भी हैं जो लापता बताए गए हैं क्योंकि उन्हें भी खतरनाक व्यवसायों में फंसने का खतरा है। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन नामक एक स्वैच्छिक संगठन के अनुसार, 2024-25 में 11,400 से अधिक बच्चों के लापता होने की सूचना मिली है, जिसने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के साथ मिलकर बाल श्रम बचाव पर रिपोर्ट तैयार की है, जो 250 से अधिक संगठनों का एक नागरिक समाज नेटवर्क है जो बाल श्रम और तस्करी से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में काम कर रहा है।

हालांकि इन लापता बच्चों में से बड़ी संख्या में बच्चे मिल गए हैं, लेकिन उन्हें पुनर्वास की समान चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें स्कूल में वापस लाने के लिए समुदाय-आधारित, बाल-संरक्षण दृष्टिकोण को अपनाना इन सभी बच्चों के लिए जीवन बदलने वाला हो सकता है।

## आप की बात

### विश्व शांति जरूरी

**आज** विश्व शांति की बड़ी दरकार है मगर कोई भी देश इसे समझने को तैयार नहीं लगता। ऐसा लगता है ठोकर खाकर ही अकल ठिकाने पर आती है। हालिया ईरान-इजरायल संघर्ष में हजारों निर्दोष जानें गईं, शहर खंडहरों में तब्दील हो गए और सभ्यताओं की नींव हिल गई। अंतत: शांति वार्ता और युद्धविराम की शरण में आना ही पड़ा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह पहले संभव नहीं था? यदि विवादों को शुरुआती दौर में ही राजनयिक मार्ग से सुलझा लिया जाता तो न निर्दोष लोगों को जान से हाथ धोना पड़ता और न ही संसाधनों की बड़ी बर्बादी होती। युद्ध में हर तरफ केवल हानि ही होती है। विजेता पक्ष भी उतना ही नुकसान उठाता है भले ही उसे जीत हासिल हो जाए। संघर्षरत देशों को यह बात अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं बल्कि नई समस्याओं की जननी है। विश्व शांति के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ व सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं को मजबूत करने के साथ ही दुनिया के सभी देशों की जनता को एक युद्ध-विरोधी, नि:शस्त्रीकरण व खासकर नाभिकीय नि:शस्त्रीकरण व नाभिकीय अप्रसार आंदोलन चलाना होगा। शांति के पक्ष में विश्व जनमत तैयार करने से ही व्यापक परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### भारत का कड़ा फैसला

**शंघाई सहयोग संगठन** की बैठक में भारत ने जिस स्पष्टता और दृढ़ता के साथ आतंकवाद पर अपनी स्थिति रखी, वह केवल एक राजनयिक वक्तव्य नहीं बल्कि नए भारत की आत्मनिर्भर चेतना का उद्घोष है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि पुलवामा जैसे आक्रोशजनक आक्रमण का उल्लेख संयुक्त वक्तव्य में नहीं होगा तो भारत उसका समर्थन नहीं करेगा। चीन और पाकिस्तान लंबे समय से कूटनीतिक मंचों पर भ्रम फैलाकर आतंक के सरगनाओं को संरक्षण देते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी वे कई बार भारत-विरोधी रुख अपना चुके हैं। परंतु इस बार भारत ने उनकी दुष्टता का सटीक जवाब दिया है। स्पष्ट है कि भारत अब केवल नीतिए, न्याय और नैतिकता के आधार पर निर्णय करेगा। इस घटनाक्रम ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत को अपने स्वाभिमान और सुरक्षा के प्रश्न पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में राजनाथ सिंह के अत्यन्त स्पष्ट दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि भारत बहु-पक्षीयता के नाम पर अपने हितों का बलिदान करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। इस प्रकार भारत ने यह भी दिखा दिया है कि वह अब दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में ही व्यवहार करेगा।

– **अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### अंतरिक्ष की दौड़

**भारत** अब अंतरिक्ष की नई दौड़ में तेजी से अग्रसर है। एक्सिओम-4 मिशन के माध्यम से भारत ने न केवल तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया, बल्कि भविष्य की आधारशिला भी रख दी है। यह मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह पट्टी में प्लेटिनम, सोना, कोबाल्ट और लीथियम जैसे दुर्लभ तत्वों का विशाल भंडार है। ये संसाधन आधुनिक तकनीक, विशेषकर बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। आने वाले वर्षों में इन संसाधनों की खोज और दोहन के लिए अंतरिक्ष शक्तियों के बीच प्रतियोगिता और भी तेज होगी। भारत 2035 तक अपना स्वतंत्र अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रहा है। यह राकेश शर्मा की ऐतिहासिक उड़ान के वर्षों बाद एक नए युग की शुरुआत है। अब अंतरिक्ष यात्रा केवल मानव की शारीरिक क्षमता पर नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी सहयोग पर भी आधारित होती जा रही है। इससे अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले अभियानों की सफलता की संभावना बढ़ गई है। अंतरिक्ष अब वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र बनता जा रहा है।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### विवादास्पद विजय

**न्यूयॉर्क** मेयर पद की डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जोहरान ममदानी की जीत अमेरिकी राजनीति में नया अध्याय है। पूर्व-गवर्नर एंड्र्यू कुओमो जैसे नेता को हराना राजनीतिक संकेत है कि अमेरिका में अल्पसंख्यकों व प्रवासी पृष्ठभूमि से आए नेताओं की स्वीकार्यता बढ़ रही है। ममदानी ऐसे दौर में उभरे हैं जब ट्रंप की प्रवासी-विरोधी नीतियां चर्चा में हैं। संभवत: अमेरिका में विविधता अब भी लोकतंत्र की ताकत है। हालांकि, यह जीत चौंकाने के साथ विवादस्पद भी है। उनके कई बयान और प्रदर्शन भारतीय समुदाय को आहत कर चुके हैं। मेयर पद पर अब उनसे अधिक संतुलन व परिपक्वता की अपेक्षा की जाएगी। उनका भारतीय मूल का होना स्वाभाविक रूप से भारत-समर्थक रुख की गारंटी नहीं है और उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि मुस्लिम हितों के प्रति अधिक झुकी हुई मानी जाती है। ममदानी के नेतृत्व का असली मूल्यांकन तो उनके कामकाज से ही होगा, न कि उनके नारों से। यह भी देखना होगा कि क्या यह विजय भविष्य में अमेरिका का डेमोक्रेटिक नेतृत्व के प्रति झुकाव और ट्रंप से असंतोष प्रदर्शित करेगी।

–**विभूति बुपक्या**, खाचरौद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# कावड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने की बैठक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर





**जिलाधिकारी** अलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रुप से आगामी त्यौहार श्रावण/मास, कावड़ यात्रा के दृष्टिगत तामेश्वरनाथ मंदिर परिषद में पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। पीस कमेटी की मीटिंग, जिसमें सभी थाना के सभी गणमान्य नागरिक, गाँव के संभ्रांत व्यक्ति/ग्राम प्रधान व अन्य काफी संख्या में लोगों ने मीटिंग में भाग लिया। लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई तथा त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया गया।

11 जुलाई से 09 अगस्त 2025 (रक्षाबंधन तक) चलने वाले श्रावण मास मेला एवं कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न शिवालयों पर जलाभिषेक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में श्रावण मास एवं कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार कांवड़ समितियों के सदस्यों एवं स्थानीय संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क कर स्थानीय जरूरत के हिसाब से यह सुनिश्चित कर लें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान आवागमन के रास्तों में विद्युत पोलों, विद्युत तार का संयोजन आदि व्यवस्था को सुनिश्चित कर लिया जाए। मंदिर/शिवालियों के अप्रोच मार्गों को समय रहते ठीक कर लिया जाए। तत्पश्चात समस्त थानों से आए हुए संभ्रांत लोगों से वार्ता कर उनकी समस्या को सुना गया व उनकों शासन की मंशा व दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

# अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस व प्रशासन की रहेगी नज़रः डीएम

**गोंडा।** आगामी आयोजित होने वाले मोहर्रम एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के मौजूदगी में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम और एसपी ने मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी मोहर्रम एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक की जिलाधिकारी ने की अध्यक्षता

**संवाददाता।** अमेठी



**जिलाधिकारी** संजय चौहान ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जितने भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं अगर अभी तक वहां पर साइनेज बोर्ड तथा रबंल स्ट्रिप नहीं बनवाएं गए हैं तो तत्काल बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा स्कूलों के पास साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाए तथा सड़कों पर निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों का चालान किया जाए। कस्बों/बाजरों आदि में सड़कों पर हुए अवैध अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए।

जनपद में जितने भी जेसीबी व हाइड्रा मशीने हैं उनको चिन्हित कर उनके चालकों का हैवी ड्राइविंग लाइसेंस बना है कि नहीं इसकी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए जो गाड़ियां लगी हों उनकी फिटनेस आदि की जांच अनिवार्य रूप से की जाए तथा अनफिट पाई गई गाड़ियों का तत्काल चालान कर उन्हें सीज करने की कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटना को न्यून करने के लिए आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा के नियमों को कड़ाई से लागू किए जाए लोगों से यातायात नियमों का पालन कराया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड के एडीएम के गांव स्थित आवास पर ईडी ने ने की छापेमारी



**सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के बद्दापुर गांव में ईडी की टीम द्वारा रेड कर जांच पड़ताल की जा रही है। ईडी की रेड की सूचना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह से आयी ईडी जांच अधिकारियों की टीम ने उत्तराखंड के एडीएम के गांव स्थित आवास पर उनके परिजनों, पूर्व प्रधान सहित नजदीकी लोगों से पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए हैं।गुरुवार की सुबह बद्दापुर गांव के रहने वाले उत्तराखंड शासन में अपर जिलाधिकारी के पद पर तैनात दिनेश प्रताप सिंह के पैतृक आवास पर ईडी के अधिकारियो ने पैरामिलिट्री फोर्स के साये में वाहनों के काफिले के साथ आकर रेड की। इस दौरान उत्तराखंड के एडीएम दिनेश प्रताप सिंह के परिजनों से सम्पत्तियों के बारे में पूछताछ की गई। इसी के साथ पास के गांव में करीबी के यहां जाकर पूछताछ कर जरूरी दस्तावेज जब्त किए गये हैं। खबर है कि मामला एडीएम दिनेश प्रताप सिंह द्वारा देहरादून में तैनाती के दौरान किए गए भ्रष्टाचार से सम्बंधित है। जिसमें उनकी सम्पत्तियो के बारे में पूछताछ कर दस्तावेज जब्त किए गए और उनके चाचा और करीबियों से भी पूछताछ की गई है। सुबह से कई घंटों तक चली जांच के बाद जांच टीमों के अधिकारीयों ने दस्तावेज जब्त किए हैं। टीम लगातार पूछताछ कर रही है।

# संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारी के दृष्टिगत की गई मॉक ड्रिल

**संवाददाता।** सीतापुर



**राज्य** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश के क्रम में 26 जून को प्रात: 09:00 बजे तहसील लहरपुर के ग्राम लखनीपुर पर तम्बौर, तहसील बिसवां के चहलारी घाट (घाघरा नदी) व महमूदाबाद के रामपुरमथुरा में बाढ़ आपदा पर आधारित राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज-2025 का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति में जिला स्तरीय विभागों की त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी समन्वय और राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करना है।

अभ्यास स्थलों पर राहत शिविर, मेडिकल कैंप, इन्सीडेंट कमांड पोस्ट, स्टेजिंग एरिया की स्थापना, नाव, लाइफ जैकेट, रस्सी, वायर, मेगाफोन, वॉटर पंप, जनरेटर, मोबाइल टीम आदि की तैनाती, पशुओं के टीकाकरण, एम्बुलेंस, पीने के पानी, भोजन, अस्थायी आवास की व्यवस्था मौजूद रहीं तथा सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देशन में तथा प्रभारी अधिकारी आपदा एवं अपर जिलाधिकारी वित्त नीतीश कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में सभी चिन्हित स्थलों पर मॉक एक्सरसाइज सकुशल सम्पन्न हुयी। विभागों द्वारा समय से आपदा प्रबंधन अभ्यास को गंभीरता से लेते हुये इसे पूर्ण किया गया। मॉक एक्सरसाइज की समाप्ति के उपरांत समस्त विभागों ने लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में बताया। राज्य और केंद्र द्वारा घोषित आपदाओं को आम जनमानस को अवगत कराया गया। आमजन को किया गया सतर्क मॉक एक्सरसाइज के दौरान पूर्व सूचना प्रणाली एवं कामन अलर्ट प्रोटोकॉल के तहत पहले ही चेतावनी जारी कर दी गई। साथ ही पोस्टर, बैनर, मुनादी एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम से आम नागरिकों को जागरूक किया गया कि वे मॉक ड्रिल के दौरान अफवाहों से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। मॉक ड्रिल का कार्यक्रम का कोऑर्डिनेशन आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने किया।

# 15 दिन से गायब गर्भवती महिला का नहीं लगा सुराग

**सीतापुर।** पिछले पन्द्रह दिन से गायब थाना अटरिया अन्तर्गत ग्राम रायपुर देवसिंह की एक गर्भवती महिला का अब तक कोई पता नहीं चल पाया। परिजनों ने अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस के उच्चाधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि थाना अटरिया के गांव रायपुर देवसिंह की एक महिला गोल्डी देवी 10 जून को सुबह 11 बजे अपने मायके ग्राम पूरनपुर थाना सिधौली के लिए निकली थी परन्तु न तो मायके पहुंची और न ही वापस ससुराल। महिला के पति ने अगले दिन अपनी पांच माह की गर्भवती पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट अटरिया थाने में लिखा दी थी। परन्तु अभी तक महिला का कोई अता-पता नहीं है। परिजनों ने उच्चाधिकारियों को भेजे गये प्रार्थनापत्र में बताया कि दो दिन पूर्व उनके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि परिवार का कोई सदस्य उससे सीतापुर आकर मिले। उस व्यक्ति ने लड़की की सूचना के लिए 30 हजार रूपये की मांग की।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन लोग गम्भीर

**सिधौली।** कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर गुरुवार को मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो की गंभीर हालत को देखते हुए दो लोगों को रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को बीती रात थाना संदना क्षेत्र में सिंधौली मिश्रिख मार्ग पर स्थित कोनीघाट पर देशी शराब ठेका का सेल्समैन रामकिशोर 32?पुत्र पैकरमा निवासी सेवता थाना रेउसा बाइक सवार होकर खाना लेने के लिऐ बाड़ी स्थित पांचपीर चौराहे पर रात दस बजे करीब आया हुआ था। खाना लेकर वापस मुड़ा ही था कि सिधौली से मिश्रिख की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारी दी। जिसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं गुरुवार को दोपहर हाईवे पर मनवां चौकी के निकट लखनऊ के माल थाना क्षेत्र के जानकीनगर निवासी रिंकू 18 पुत्र कमलेश बाइक सवार होकर कहीं जा रहा था। अज्ञात बाइक की भिड़ंत से घायल हुआ। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं तीसरे घटना हाईवे पर राम स्वरूप 59 पुत्र मनोहर अज्ञात वाहन की चपेट में आया घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### जिला जज व डीएम ने किया जेल का निरीक्षण

**गोंडा।** शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार परिसर में ओपेन जिम का उद्घाटन भी किया गया।

### सेवारत भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सुनीं समस्याएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद अमेठी के सेवारतभूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सेवारत भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों के भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान व अन्य प्रकार की शिकायतों को सुना एवं प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं जैसे कैंटीन की सुविधा, स्वास्थ्य सेवा हेतु उचित चिकित्सा व्यवस्था, नए शस्त्र लाइसेंस । बैठक में जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, रोजगार और कौशल विकास के अवसरों को बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन भूतपूर्व सैनिकों के लिए प्रतिबद्धत है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एएसपी शैलेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मो असलम सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### जनता की समस्या का समाधान करना ही लक्ष्य हैः बीडीओ



**सीतापुर।** विकासखंड कसमंडा के खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव जनता के द्वारा प्राप्त समस्याओं की जानकारी होने पर समस्या का समाधान करते हुए देखे जा सकते हैं। उनका मानना है कि क्षेत्र के विकास कार्य पूरी ईमानदारी से हो और जनता की जो भी समस्याएं हो। उनका निराकरण समय पर किया जाना ही चाहिए। जिससे क्षेत्र की जनता को कोई दिक्कत न हो।?गुरुवार को विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत कसमंडा के ग्राम जसमंडा के लोगों द्वारा खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया था कि गांव में निराश्रित गौवंश घूम रहे हैं और यहां के किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इतने पर खंड विकास अधिकारी कसमंडा शाम को लगभग छह बजे स्वयं मौके पर जाकर कैटल कैचर में गांव तथा खेतों में घूम रहे गौवंशों को गांव के लोगों की सहायता से पकवाड़कर संबंधित गौशाला में भेजकर समस्या से निजात दिलाई।

# जल शक्ति मंत्री ने तीन गांवों में पहुंचकर देखी नमामि गंगे की जमीनी हकीकत

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**बुंदेलखंड** में वर्षों से चली आ रही पेयजल संकट की समस्या अब अतीत की बात होती जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव और बस्ती-बस्ती तक पहुंच रही नल जल सप्लाई की हकीकत जानने के लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में उच्चाधिकारियों की टीम तीन दिवसीय दौरे पर रही। शुक्रवार को यह टीम जालौन जनपद पहुंची और विभिन्न गांवों व दलित बस्तियों में स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

डकोर ब्लॉक के इंगुई खुर्द, पचोखरा और सैदनगर गांवों में पहुंचकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण डॉ. राजशेखर सहित अधिकारियों ने जलापूर्ति व्यवस्था का गहन जायजा लिया। मंत्री ने बताया कि ललितपुर, झांसी और जालौन में अधिकांश गांवों में नल से जल की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित है और निरीक्षण में संतोषजनक परिणाम सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में पहले पानी के लिए लोग परेशान रहते थे, ट्रेन से पानी मंगाना पड़ता था, लेकिन अब हर घर तक नल का जल पहुंच रहा है। यह बदलाव प्रधानमंत्री की परिकल्पना और मुख्यमंत्री जी की कार्ययोजना का प्रत्यक्ष परिणाम है। मंत्री ने कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लो प्रेशर की समस्या को संज्ञान में लेते हुए जल निगम को निर्देशित किया कि सभी कमियों को एक सप्ताह में दुरुस्त किया जाए, जिसके बाद पुन: समीक्षा की जाएगी। सैदनगर गांव में निरीक्षण के दौरान जब टीम बुजुर्ग महिला विद्या के घर जल व्यवस्था देखने पहुंची, तो मंत्री ने सहज भाव से कहा अम्मा भूख लगी है, कुछ मिलेगा क्या? इस पर महिला ने आत्मीयता से उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया। मंत्री, प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारी खाट पर बैठकर घर के सदस्यों संग भोजन करते देख ग्रामीण भावविभोर हो उठे।

## समरसेबिल का स्टार्टर केबिल चुरा ले गये चोर



**कोंच, जालौन।** खेत से अज्ञात चोर समर्सेबिल का स्टार्टर और केबिल चोरी कर ले गए। महंत नगर निवासी नरेश पुत्र मातादीन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मौजा डाढ़ी में उसकी कृषि भूमि है। फसल की सिंचाई के लिए उसने खेत पर निजी नलकूप संयोजन कराया हुआ है। नलकूप संचालन के लिए लगी समर्सेबिल का स्टार्टर सहित बिजली केबिल और फ्यूज गुरुवारध्शुक्रवार की रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। स्टार्टर रखने के लिए बनी पक्की कोठी में लगे लोहे की खिड़की का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना घटित की है। सुबह जब खेत पर जाकर देखा तो उसे चोरी की घटना का पता चल सका। नरेश ने घटना को लेकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# रोड पर घूमते आवारा पशु बन रहे हादसों का सबब, प्रशासन बेखबर

**मिश्रिख, सीतापुर।** कस्बे के मुख्य मार्गों पर घूम रहे आवारा पशु अब आम जनमानस के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। नहर चौराहा, तहसील चौराहा, सिधौली रोड और कुतुबनगर रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर इन पशुओं का खुलेआम घूमना आम बात हो गई है। अचानक सड़क पर आ जाने वाले इन जानवरों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन और नगर पालिका आंख मूंदे बैठे हैं। दिन के समय तो जैसे-तैसे लोग बचते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में ये मवेशी एक्सीडेंट का जाल बन जाते हैं। दोपहिया वाहन सवार अक्सर इनसे टकराकर घायल हो रहे हैं।

सीताकुंड वार्ड 1 निवासी सुरेश वर्मा कहते हैं, हमारे मोहल्ले में हर रोज कोई न कोई बाइक सवार गिरता है। पशु अचानक सामने आ जाते हैं। प्रशासन ने न तो कोई अभियान चलाया और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाए हैं।कस्बे की किराना व्यापारी रेखा देवी बताती हैं, दुकान के सामने हर वक्त गायें और बैल बैठे रहते हैं। ग्राहक आने से डरते हैं, ऊपर से गंदगी और बदबू अलग। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका सिर्फ कागजों में सफाई और व्यवस्था सुधार की बातें करती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। न तो पशुओं को पकड़ने की कोई कार्रवाई हो रही है और न ही गौशाला में रखने की कोई व्यवस्था दिख रही है।

बीते एक सप्ताह में तहसील चौराहे और कुतुबनगर रोड पर दो बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं जिनमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। लेकिन इन घटनाओं के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। क्षेत्रीय लोगों ने एक सुर में मांग की है कि नगर पालिका तत्काल आवारा पशुओं को पकड़वाये। मुख्य मार्गों पर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं और रात्रि के समय गश्त बढ़ाई जाए।

# ब्राह्मण समाज ने की दादरपुर में हुई घटना के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

● **मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**इटावा** जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम दादरपुर में हुई घटना के मामले में ब्राह्मण समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने और निर्दोष व्यक्तियों को मामले में न फंसाए जाने की मांग की है। साथ ही सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ होने वाली टिप्पणियों पर रोक लगाने व कार्रवाई की मांग की गई। अन्यथा की स्थ्र्ीति में ब्राह्मण समाज द्वारा आंदोलन की भी चेतावनी दी गई है।

ब्राह्मण चेतना परिषद के तत्वावधान में रामकुमार चतुर्वेदी, डॉ. संजय शुक्ला, विष्णु चतुर्वेदी आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम दादरपुर में कथित रूप से जो घटना हुई है। उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। मामले में किसी भी हाल में निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई न की जाए। गुरूवार को गांव के पास जुटे लोगों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया। ऐसे व्यतियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

कहा कि यदि मामले में निर्दोष व्यक्तियों को फंसाया गया तो निश्चित की ब्राह्मण समाज आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इसके अलावा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां और भड़काऊ पोस्ट की जा रही हैं।

भड़काऊ पोस्ट और अभद्र टिप्पणी करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अनुराग तिवारी, अनिल मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, दीपक पटैरिया, अभिषेक तिवारी, सुनील दुबे, अनूप दीक्षित, आशीष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# सामी में तालाब का पानी उफनाया ग्रामीण घरों में कैद होने को विवश



**कोंच, जालौन।** ग्राम सामी में तालाब का पानी भरे होने से ग्रामीण घरों से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ब्लॉक कोंच के सामी गांव निवासी मनोज, अंकित, प्रभुदयाल, रिंकू, जीतू, ग्यासीलाल आदि ने गुरुवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में अंगद के तालाब का गंदा पानी गांव की गलियों में भर गया है जिससे ग्रामीण अपने घरों से बाहर गलियों में नहीं निकल पा रहे हैं।

किसी काम से जाना भी पड़ रहा है तो पानी में से होकर निकलना पड़ रहा है। गलियों में पानी भरे रहने से दुर्गंध के बीच मच्छरों के आतंक से परेशान होना पड़ रहा है। संक्रामक बीमारियों ने भी गांव में दस्तक दे दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की लंबे समय से न तो खुदाई कराई गई और न ही साफ सफाई। पानी की निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। कुछ किसान चकरोड के रास्ते पानी की निकासी में समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बारिश के दौरान बाढ़ की स्थिति से बचने के लिए तालाब के बगल से निकले चकरोड से सटे कुदरा माइनर में तालाब के पानी की निकासी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# डीएम ने बैंकों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**शुक्रवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने ऋण जमा अनुपात, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), एक जनपद एक उत्पाद तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैंकवार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बैंक योजनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य हासिल करें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में अनेक आवेदन लबिंत है इंडियन ओवरसीज बैंक 128 आवेदन लंबित,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 98 आवेदन, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक 77 आवेदन, एचडीएफसी बैंक 53 आवेदन, बैंक ऑफ बड़ौदा 36 आवेदन, पंजाब नेशनल बैंक 27 आवेदन, इस पर जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए।

पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शीघ्र लाभ मिले, यही शासन की मंशा है। एनआरएलएम के तहत प्राप्त 643 आवेदनों में से 139 का निस्तारण हुआ है, जबकि इंडियन बैंक में 197 और आर्यावर्त बैंक में 250 आवेदन लंबित हैं। किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन) योजना में भी आवेदनों की संख्या के सापेक्ष निस्तारण की गति धीमी है। जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं की प्रकृति ग्रामीण विकास से जुड़ी है, अत: इनका शीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं व्क्च् (एक जनपद एक उत्पाद) योजना के अंतर्गत प्राप्त 19 आवेदनों पर कार्यवाही अपेक्षित है। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाली इन योजनाओं को गंभीरता से लिया जाए और सकारात्मक सहभागिता दी जाए।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 28 जून 2025



# जिला जज समेत डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

## ● ओपन जिम का फीता काटकर किया लोकार्पण



**फतेहपुर।** जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनमोल पाल, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। कारागार में जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने ओपन जिम का फीता काटकर लोकार्पण किया। जिला कारागार में बने पाकशाला का निरीक्षण किया। पाकशाला में सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई एवं भोजन गुणवत्तापूर्ण पाया गया। महिला बैरक का निरीक्षण कर उनके विधिक अधिकारो के विषय पर जागरूक करते हुए बताया गया कि प्रत्येक बंदी को कानून में विभिन्न प्रकार के विधिक अधिकार प्राप्त है जैसे किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं होता है तो जेल अधीक्षक के माध्यम से कार्यालय जिला विधिक सेवा को नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने का प्रार्थना पत्र दे सकते है। वर्तमान समय में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के माध्यम से नि:शुल्क पैरवी कराई जा रही है। प्रत्येक बंदी को अपने घर वालों से मुलाकात करने का अधिकार, पढ़ने का अधिकार, इलाज करायें जाने के अधिकारो से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी, साथ कारागार के अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से कारागार में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी की। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# चोरियों का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## ● चोरी का सामान समेत उपकरण भी बरामद

**असोथर, ( फतेहपुर )।** असोथर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का पुलिस ने आज खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी का सामान व उपकरण बरामद कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस को यह सफलता उस समय मिली जब बेसड़ी मोड़ पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल व एक साइकिल सवार संदिग्ध हालत में आते दिखाई दिए। मोटरसाइकिल सवार भागने लगे, जिन्हें तत्काल घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी में प्रयुक्त औजार और चोरी का माल बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों में लखन लाल पासवान (18 वर्ष), पुत्र कामता प्रसाद, आशीष पासवान (23 वर्ष), पुत्र झल्लर पासवान, दोनों निवासी किलापर, नगर पंचायत असोथर, तथा मनीष पासवान (22 वर्ष), पुत्र विजय पाल पासवान, निवासी छविनाथ नगर असोथर शामिल हैं। पुलिस की जांच पड़ताल में एक साइकिल व पल्सर मोटरसाइकिल, 1700 रूपये नगद के अलावा उपकरण आरी ब्लेड, कुल्हाड़ी, बसूली, एक बैटरी, दो एल्यूमिनियम सोलर पैनल (100 वॉट), गुमटी दुकान से चोरी किया गया सामान कोलगेट, तम्बाकू, बिस्किट, केसर, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सिगरेट, पान मसाला, चूना डिब्बी, रस्सी आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी थाना असोथर, उप निरीक्षक रमेशचंद्र, उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार यादव, उप निरीक्षक आनन्द राय, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल बीकेश कुमार शामिल रहे। इस कार्रवाई से नगर पंचायत व आसपास के क्षेत्र में चोरियों के प्रति लोगों में व्याप्त भय कुछ हद तक कम हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिलाष तिवारी का कहना है कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। अन्य चोरियों की भी जांच पड़ताल की जा रही है।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित बी, सी एवं डी श्रेणी संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

## ● संबंधित अधिकारी पोर्टल पर त्रुटि रहित आंकड़े समय से करें फीडिंग

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित बीए सी एवं डी श्रेणी संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई संबंधित अधिकारियों से परियोजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसमें कई विभागों की अद्यतन प्रगति असंतोषजनक पायी गयी। डीएम ने डी श्रेणी प्राप्त परियोजनाओं नेडा, विद्युत, उद्योग एवं एमएसएमई विभाग को कड़ी चेतावनी दी तथा फीडिंग कार्य में लापरवाही न करने तथा समय से त्रुटि रहित अद्यतन आकड़े पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिये। नेडा विभाग को पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप स्थापना लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर शत प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। जो वेंडर्स प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर रूफ्टॉप की स्थापना में लापरवाही कर रहे है अथवा लक्ष्य के सापेक्ष जिनकी प्रगति अत्यन्त कम है, उन वेंडर्स की सूची प्रेषित की जाये, साथ ही यदि उनके द्वारा अपेक्षित प्रगति नही की जाती है तो नियमानुसार उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाये। विद्युत विभाग को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने के साथ ही फीडिंग कार्य को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण योजना के संबंध में फीडिंग दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होनें सी.ग्रेड प्राप्त परियोजनाओं में पंचायती राज, फैमिली आईडीए श्रम एवं सेवायोजन विभाग तथा एमएसएमई विभाग की अन्य परियोजना में शीघ्र वांछित प्रगति लाने के निर्देश दिए। बी.ग्रेड प्राप्त परियोजनाओं में पंचायती राज, ग्रामीण विकास के अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पर्यटन, आरईएस विभाग को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। डीएम ने समस्त संबंधित विभागाध्यक्षों को 3 दिन के भीतर सुधारात्मक कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, साथ ही सीडीओ को डी.ग्रेड प्राप्त परियोजनाओं पर विशेष निगरानी रखने और आगामी समीक्षा में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिस भी विभाग की कमी से जनपद की रैंकिंग खराब होगी उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन, परियोजना निदेशक वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी विकास पटेल, उपायुक्त उद्योग मो. साउद आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महज मजाक बन कर रह गया है साल में तीन मर्तवा चलाये जाने वाला संचारी रोग अभियान

## ● ज्यादातर विभाग रहते है निष्क्रिय, सबसे ज्यादा खराब हालत ग्रामीण क्षेत्रों की, बरसात में जमकर फैलते है संक्रामक रोग

**हमीरपुर।** जिले में संक्रामक रोगो की रोकथाम के लिये एक दर्जन विभागों के भरोसे चलाया जा रहा संचारी रोग अभियान महज मजाक बन कर रह गया है,ग्रामीण क्षेत्रों में गाइड लाइन के अनुसार रत्ती भर काम नही हो रहा,लिहाजा बरसात में हर साल संक्रामक रोग दोगुना स्तर पर पांव पसारते जा रहे है। यह अभियान एक जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलाया जायेगा।

जानकारी के मुताबिक जिले में हर चार माह में संचारी रोग अभियान चलाया जाता है जिसमे बेसिक शिक्षा बिभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, पशुपालन, नगर विकास, पंचायती राज,चिकित्सा विभाग, क्षय रोग विभाग, उद्यान, दिव्यांग विभाग आदि विभागों के सहारे संचारी रोग अभियान चलाया जाता है ताकि जिले से समय समय पर पैदा होने वाले संक्रामक रोगो को जड से समाप्त किया जा सके। यही नही कई विभागो ने तो माइक्रोप्लान ही नही तैयार किया गया है, पिछले अभियान में तो पंचायती राज विभाग को केवल अस्सी अंक प्राप्त हुये थे मगर हकीकत तो यह है कि गांवों में संचारी रोग अभियान का असर कही नही देखा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग में हर विद्यालय में बच्चों को संक्रामक रोगो के बारे में जानकारी देने का नियम है ताकि बच्चे अपनी सुरक्षा के साथ साथ अपने परिवार को भी संक्रामक रोगो से बचाये मगर विद्यालयो में इसकी खानापूरी की जाती है। यही नही कृषि विभाग की जिम्मेदारी होती है कि किसानों के फसलो को कीटो से बचाने व चूहा छछूदर आदि से वचाव के रास्ते बताये जाते है, मगर किसानों का कहना है कि किसीने भी इस मामले में चर्चा नही की है। जिलाकार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी होती कि आंगनवाडी कार्यकत्री गांवों में जाकर बच्चो को कुपोषण से बचाने के लिये अभिभावकों को प्रेरित करना होता है मगर हकीकत यह है कि कुपोषित बच्चों की संख्या हर माह बढती जा रही है। गांवो में तो गंदगी का यह आलम है कि बरसात में जमकर संक्रामक रोग फैलते है ग्राम प्रधानों के कंधों में समस्त जिम्मेदारी डाल दी जाती है. मगर गांवों में न तो कूडा उठाया जाताहै न ही कूडेदान में कूड़ा फेका जाता है। महीनों नालियों की सफाई नही होती है इसी प्रकार अन्य विभागों का हाल है अभियान एक जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। उद्यान समेत कई विभागो ने तो माइक्रोप्लान ही नही बनाया है, शासन की मंशा है कि एक माह में अभियान चलाकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सफाई होना बताया जाता है.मगर अभियान की महज खानापूरी कर समाप्त कर दिया जाता है। जबकि लगातार बैठके होती रहती है।

## सरीला में स्टेडियम निर्माण के लिये शासन ने तीन एकड़ निशुल्क जमीन की मांग की

**हमीरपुर।** राठ विधायक की मांग पर शासन ने सरीला में राजकीय स्टेडियम निर्माण के लिये तीन एकड़ जमीन निशुल्क उपलब्ध कराने के लिये प्रशासन से कहा है। भाजपा की राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने शासन को पत्र लिखकर सरीला में राजकीय स्टेडियम स्थापित करने की मांग की थी उनका तर्क है कि मुख्यालय से सरीला सत्तर किलोमीटर दूर है लिहाजा सरीला तहसील के लोगो को खेलने कूदने की सुविधा नही मिल पाती है प्रतिभांए कुठित हो रहीहै लिहाजा स्टेडियम की स्थापना की जाये इस पर प्रांतीय रक्षक दल के महानिदेशक ने प्रशासन को पत्र लिखकर कहा है कि स्टेडियम के निर्माण के लिये कम से कम तीन एकड़ निशुल्क जमीन की आवश्यकता पड़ेगी यदि जमीन मुहैया हो जायेगी तो स्टेडियम स्थापना के लिये आगे कार्यवाही की जायेगी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



आरती उतारते चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता एवं भाजपा नेता देवेंद्र देव।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीती देरशाम नगर से आधा सैकड़ा अधिक यात्रियों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व आयोजकों द्वारा तिर्वा रोड से भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें उत्साहित श्रद्धालुओं द्वारा बम बम भोले के गगनभेदी नारे लगाये गये। भव्य शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

गुरुवार की देरशाम सभी यात्री तिर्वा रोड कमला शरन मैदान में एकत्रित हुए जहां पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता एवं भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने यात्रियों को अंगवस्त्र पहनाकर और धार्मिक चिन्ह भेंट करनें के उपरान्त भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। इसके बाद डीजे की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवाओं ने तृत्य करते हुये शोभा यात्रा निकाली। जिसका नगर में कई जगहों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में कई धार्मिक झांकियां चल रही थी। यात्रा तिर्वा रोड से होती हुई जीटी रोड, चौराहा, तिराहा होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की और इसके बाद बस में सवार होकर बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, निर्मल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सभासद शिवा गुप्ता सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

# सब्जी लेकर जा रहे बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गंभीर ट्रॉमा सेंटर रेफर

**संडीला ( हरदोई )।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की बाइक को अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोनिकपुर निवासी सौरव कुमार दीक्षित पुत्र संतोष दीक्षित जनिगांव बाजार से सब्जी खरीदकर घर वापस लौट रहे थे। गुणवा जनिगांव मार्ग पर अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से सौरव सड़क के किनारे घातक आरीतार के ऊपर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी भरावन ले जाया गया जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमासेंटर भेज दिया गया। इस दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फ़रार हो गया।

## क्विक न्यूज

### मोबाइल न दिखाने पर पत्नी ने पति को पीटा, वीडियो वायरल

**मौदहा (हमीरपुर)।** रेलवे स्टेशन रागौल परिसर में एक महिला युवक को पीटते हुए सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। शुक्रवार को सुबह से ही सोशल मीडिया में दो विडियो तेजी से वायरल हो रहे है जिसमे एक विडियो रागौल स्टेशन प्लेटफार्म के अंदर एक महिला अपने पति को पीट रही है तो दूसरी बीच बचाव कर रही है इसके बाद दूसरे विडियो में वही महिला स्टेशन परिसर के बाहर आकर झगड़ा कर रही है और युवक अपना बचाव कर रहा है जानकारी के अनुसार वह युवक लारौंद गाँव का बताया जा रहा है तो झगड़ा करने वाली युवती उसकी पत्नी बताई जा रही है इनका झगड़ा मोबाइल फोन लेने को लेकर शुरू हुआ था घटना में पत्नी ने अपने पति से मोबाइल फोन मांगा। पति के मना करने पर दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। पत्नी को संदेह था कि उसका पति किसी अन्य महिला से फोन पर बातचीत करता है। वह कॉल डिटेल चेक करना चाहती थी। पति द्वारा मोबाइल देने से इनकार करने पर पत्नी ने फोन छीनने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों ने एक.दूसरे पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी की मां भी मौके पर पहुंच गई। अपने दामाद को रोकने का प्रयास किया। स्टेशन पर मौजूद लोग इस घटना को देखते रहे। किसी ने भी झगड़ा रुकवाने का प्रयास नहीं किया।

### मारपीट के मामले में पांच नामजद समेत सात पर मुकदमा

**विजयीपुर (फतेहपुर)।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अमनी गांव में जमीनी विवाद के दौरान मारपीट मामले पर पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के 05 नामजद समेत 02 अज्ञात आरोपियों के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। अधिवक्ता पक्ष के खिलाफपुलिस ने पूर्व में ही गम्भीर आपराधिक धाराओ में मुकद्दमा दर्ज किया था। अमनी गांव निवासी चंद्रभान सिंह का आरोप था कि बीते दिन जमीनी विवाद को लेकर छेदू के साथ कहासुनी हुई थी, कहासुनी के दौरान आरोपी छेद्द व अंकुश पाल द्वारा कुछ महिलाओं के साथ मिलकर चन्द्रभान सिंह के साथ मारपीट की थी। विपक्षी की तहरीर पर पुलिस ने चन्द्रभान सिंह व उनके बेटे के खिलाफमुकद्दमा दर्ज किया था, उस दौरान चन्द्रभान सिंह ने भी पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद चंद्रभान सिंह ने मामले की शिकायत क्षेत्राधिकारी खागा बृजमोहन राय से की थी। क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने अधिवक्ता चन्द्रभान सिंह की दी गई लिखित तहरीर के आधार पर छेद्द, अंकुश, सुनीता देवी, कौशिल्या देवी, विशुन देवी समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफबलवा का मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामले में थाना प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**चौडगरा (फतेहपुर)।** औंग थाना क्षेत्र के दुर्गागंज के पास नेशनल हाईवे पर आज बड़ा सड़क हादसा हो गया। खदरा गांव निवासी हरिश्चंद्र उम्र लगभग 45 वर्ष को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही औंग थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताई और तुरंत एल एल आर कानपुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां पर उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। औंग थाना पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को ट्रक सहित अपने कब्जे पर ले लिया।

### गाली गलौज के मारपीट की धमकी दी

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के रौरै गांव निवासी अरविंद पुत्र गोविंद दास राजपूत ने बताया कि उसने लक्ष्मी पुत्र हरचरन अहिरवार निवासी बिलगांव हालपता रौरै अपना खेत गिरवी रखा था। लक्ष्मी उससे 40 हजार रुपए ले गया था। वह दो वर्ष से खेत जोत रहा है। बताया कि छह माह पहले किसी अपराध में लक्ष्मी जेल चला गया है। रात करीब नौ बजे वह ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गया तो गांव एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने के लिए उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप लगाया कि महिला ने झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दी है। कोतवाली में तहरीर दी है।

### सर्पदंश से मासूम की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर में खेत के समीप खेल रहा चार वर्षीय बालक को जहरीले सर्प ने डस लिया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। हरदासपुर गांव निवासी महेन्द्र सिंह अपनी पत्नी शान्ता देवी व मासूम पुत्र अभिजीत के साथ खेत में काम कर रहा था। वहीं उसका पुत्र खेत के किनारे खेल रहा था। इसी बीच जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जानकारी जब परिजनो को हुयी तो उसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सीय उपचार के बाद मासूम को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात बालक ने दम तोड दिया।

# निर्वाचन कार्य से जुड़े कार्मिकों का प्रशिक्षण आज

**फतेहपुर।** उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी खागा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-243 खागा (अ0जा0) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा कल प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ), सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की जानकारी, क्षमता एवं जागरूकता का मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी जो निर्वाचन कार्य से जुड़े हैं निर्देशित किया जाता है कि शनिवार को अपराह्न: चार बजे से तहसील सभागार खागा में आयोजित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दूसरा गिरफ्तार

## ● कब्जे से दो तमंचें, दो कारतूस व अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**बीती** रात्रि को प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे द्वारा उपनिरीक्षक दीपक कुमार, रजनेश कुमार, हरीश कुमार, हेड कांस्टेवल अवधेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेवल अमन सिंह, विकुल, बिक्षित, नितीश, पंकज कुमार के साथ नदसिया तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेंकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए।

जिसे रूकने का इशारा किया गया तो पीछे बैठे व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर कर नदसिया से अनौगी जेल जाने वाले रास्ते पर मोटर साइकिल से भागने लगे।



पुलिस मुठभेंड में घायल बदमाश को इलाज के लिये ले जाती पुलिस।

जिनका पीछा किया तो अनौगी जेल रोड पर हडबडाहट मे बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई तथा बदमाशों ने मोटर साइकिल छोडकर पैदल भागते समय पुन: पुलिस पर फायर किया। जिस पर पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ में फायर किया जो एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई व दूसरा बदमाश ललकारने पर सडक किनारे हाथ ऊपर करके खड़ा हो गया। दोनो बदमाशों को पुलिस हिरासत में लिया गया तथा पूछताछ पर घायल बदमाश ने अपना नाम बाबूद्दीन पुत्र नजरूद्दीन उर्फ छोटेशाह निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जिला कानपुर देहात बताया व दूसरे ने अपना नाम रूस्तम पुत्र सरवर अली निवासी मकान न0 116/41 आनन्द नगर रावेल गेस्ट हाऊस के पास रावतपुर थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर अभियुक्तों के कब्जे से एक-एक तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की। घायल अभियुक्त को इलाज जिला अस्पताल भेजा गया। पुछताछ पर अभियुक्त बाबूद्दीन द्वारा दिनांक 10 जून को अपने साथी शरीफ पुत्र स्व0 रज्जाक अली निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के साथ मिलकर मलिकपुर गैस एजेन्सी के पास 81,000 रूपये की टप्पेबाजी की घटना को करना स्वीकार किया है।

# मॉर्निंग वॉक कर रही थी महिला चिकित्सक की टक्कर से मौत

**मैगलगंज.खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र के औरंगाबाद गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। विकास नगर, लखनऊ निवासी डॉ. अतुलेश कुमार की पत्नी डॉ. सुमन, जो प्रतिदिन की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं, उन्हें मैगलगंज मार्ग स्थित जिन्द बाबा स्थान के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि डॉ. सुमन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना सुनते ही पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय नागरिकों ने हादसे को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। वहीं, पुलिस से भी मांग की गई है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर अज्ञात वाहन की पहचान कर दोषी चालक को गिरफ्तार किया जाए और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। डॉ. सुमन एक प्रतिष्ठित और सेवाभावी चिकित्सक थीं। उनके पिता डॉ. रामचंद्र भी क्षेत्र के सम्मानित डॉक्टरों में गिने जाते थे। पिता के निधन के बाद डॉ. सुमन ने न केवल अपनी चिकित्सा सेवा को जारी रखा, बल्कि उनके पदचिह्नों पर चलते हुए गरीबों व जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ सेवा करती रहीं। उनकी सरलता, सेवा.भाव और विनम्र स्वभाव के कारण औरंगाबाद समेत आसपास के गांवों में उनका विशेष सम्मान था। उनकी असमय व दुखद मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। औरंगाबाद गांव ही नहीं, आस.पास के ग्रामीण क्षेत्र भी गहरे शोक में डूबे हैं। इस हादसे में डॉ. सुमन के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकलीं गायत्री देवी पत्नी राम गुलाम को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिनके सिर में गहरी चोट आई है। वहीं मोहन पुत्र श्रीकृष्ण को भी चोटें आई हैं। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।



# अबकी सावन में कांवरियों के लिए जोखिम भरे होंगे रास्ते

**खागा, ( फतेहपुर )।** सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए कांवर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को इस बार भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। तहसील क्षेत्र के विभिन्न मार्गों की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि उन पर न तो वाहन चल सकते हैं और न ही पैदल यात्रा करना सुरक्षित है। नौबस्ता घाट की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग खागा हनुमान मंदिर से लेकर गोपालपुर स्थित नक्सारा नदी के पुल तक पूरी तरह से टूट चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं जिनमें पानी भरने से फिसलने और चोट लगने का खतरा लगातार बना रहता है। इसी तरह भादर से प्रेमनगर तक का रास्ता भी बेहद खराब हालत में है। वहीं धाता कस्बे में बाईपास से दीपनगर चौराहे तक की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। कांवरियों को इन्हीं खस्ताहाल रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा, जो उनके लिए काफी जोखिम भरा हो सकता है। स्थानीय व्यापार मंडल व आम नागरिकों ने कई बार इन मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन विभागीय अधिकारियों की ओर से केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। सड़क मरम्मत के नाम पर बड़े-बड़े पत्थर और मिट्टी डालकर गड्ढे भरने का काम किया गया, जिससे रास्ते और भी खतरनाक हो गए हैं। स्थिति यह है कि लोग उन रास्तों पर न तो ठीक से चल पा रहे हैं और न ही कांवर लेकर सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था के इस पर्व पर अगर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

# डीएम ने ली जिलास्तरीय सलाहकार समिति की बैठक, दिए निर्देश

## ● योजनाओं के हितग्राहियों को अधिक से अधिक दिलाए लाभ, बैंकर्स करे पूरी प्रतिबद्धता से कामः डीएम

## ●शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में बर्दाश्त नहीं होगा अनावश्यक विलंब

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जिले** में स्वरोजगार योजनाओं को गति देनेए बैंकिंग कार्यों की समीक्षा और हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कीए जिसमें बैंकों की प्रगतिए लंबित प्रकरणों और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि बैंकर्स पूर्ण मनोयोग से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। निर्देश दिए कि बैंकर्स द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करें। विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित किए प्रकरणों की विस्तार से बैंकवार समीक्षा की तथा प्रगति की जानकारी ली। निर्देश दिए कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर विभिन्न योजनाओं की बैंकों में लंबित फाइलों का यथा शीघ्र निस्तारण करें।

डीएम ने विभागवार बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की वस्तुस्थिति जानी एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025.26 सभी लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। डीसी स्वत रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्र ने स्वरोजगार योजनाओं के तहत विभिन्न बैंकों को ऋण हेतु भेजी पत्रावलियों में स्वीकृत एवं अंतरण में अनावश्यक विलंब की बात कही। जिसपर डीएम ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत भेजी गई ऋण पत्रावलियों को शीघ्र और आक्रामक तरीके से स्वीकृति दी जाएए जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन की गति तेज हो और जिले की रैंकिंग भी बेहतर हो। बैठक में मुख्य रूप से आरबीआई के जिला अग्रणी अधिकारी संदीप मिश्रए नाबार्ड के डीडीएम प्रसून सोनारए डीसी एनआरएलएमए उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

# आपातकाल में छोड़े गए अधिकारों के कारण मछुआरों को पकड़ता है श्रीलंका

भाषा। नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने का मुद्दा आपातकाल के दौरान हुए एक समझौते से उपजा है, जिसके तहत कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में मछली पकड़ने के अधिकार भारत ने छोड़ दिए थे। जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यदि उस समय वास्तविक संसद काम कर रही होती तो श्रीलंका के साथ यह समझौता नहीं होता। उन्होंने कहा कि



उस समय कभी-कभी बिना किसी संसदीय चर्चा के बड़े फैसले ले लिए जाते थे। विदेश मंत्री ने कहा, हम श्रीलंका द्वारा हमारे मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने के बारे में सुनते रहते हैं। इसका कारण यह है कि आपातकाल के दौरान एक समझौता किया गया था, जिसके तहत श्रीलंका के कुछ समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के मछुआरों के अधिकार को छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि अगर उस समय वास्तविक संसद काम कर रही होती तो चर्चा होती और इस फैसले को स्वीकार नहीं किया जाता।

### ईरान, इजराइल से अभी तक 4,400 से अधिक भारतीय नागरिकों को निकाला गया

नई दिल्ली। भारत ने ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए 18 जून को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंधू के तहत 19 विशेष उड़ानों के जरिए अभी तक 4,400 से अधिक भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान से निकाले गए 173 भारतीयों का एक नया जत्था बृहस्पतिवार देर रात आर्मेनिया की राजधानी एरवन से एक उड़ान के जरिए दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बृहस्पतिवार को अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में ऑपरेशन सिंधू के बारे में पूछे गए प्रश्नों के जबाब में कहा कि नई दिल्ली जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन कर रही है और इसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा कि अभियान को जारी रखा जाए या नही।

## भारत माता के सामने गौण हैं राजभवन, सरकार : केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन

भाषा। पतनमतिट्ठा

**केंद्रीय मंत्री** जॉर्ज कुरियन ने शुक्रवार को कहा कि भारत माता के विचार के सामने सब कुछ गौण है। उनकी यह टिप्पणी केरल राजभवन के आधिकारिक समारोहों में राष्ट्र की भगवा झंडे के साथ माता के रूप में तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर उठे विवाद के बीच आई है। पतनमतिट्ठा में संवाददाताओं से मुखातिब कुरियन ने कहा कि राजभवन और सरकार में बैठे लोग भारत माता के सामने गौण हैं। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री ने कांग्रेस और वामपंथी दलों-मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को भारत माता की जय के नारे पर रोक लगाने का प्रयास करने की चुनौती दी। कुरियन ने कहा, आपको (कांग्रेस और वाम दलों को) देश की रक्षा करने वाले जवानों से कहना चाहिए कि भारत माता की जरूरत नहीं है। यह पूछे जाने पर कि भारत माता का कौन-सा चित्र सही है-तिरंगे वाला या भगवा झंडे वाला-कुरियन ने कहा, आप जो चाहें उसे ले लें। केंद्रीय मंत्री ने सवाल किया कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर जिस चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उससे उन्हें क्या समस्या है। कुरियन ने कहा कि तिरंगे से पहले भारत में जिस झंडे का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता था, वह शिवाजी का झंडा था। उन्होंने पूछा, ऐसे में अगर वह झंडा फहराया जाता है, तो इसमें क्या गलत है? क्या यह असंवैधानिक है? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अदालतों में न्याय की देवी एक यूनानी देवी है और अगर इसे लेकर कोई समस्या नहीं है, तो भारत माता को लेकर क्यों आपत्ति है?

### हल्द्वानी गैंगवार का खुलासाए सात आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**हल्द्वानी।** शहर में 23 जून की रात प्रेमपुर लोशज्ञानी रोड पर बिड़ला स्कूल के पास हुई गैंगवार की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी रोहित मंडोला समेत सात युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के अनुसारए गैंगवार दो पुरानी दुश्मनी रखने वाले गिरोहों दृ आईटीआई गैंग और धुड़दौड़ा गैंग दृ के बीच हुई। उस रात आईटीआई गैंग के सदस्यों ने कार में सवार धुड़दौड़ा गैंग के चार युवकों पर हमला किया था। इस दौरान फायरिंग भी हुईए जिसमें एक युवक को गोली लगने से गंभीर चोटें आईं और पूरे इलाके में अफरा.तफरी मच गई।घटना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गईए जिसने घटनास्थल और उसके आसपास लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही सर्विलांस सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रैक कर उन्हें बेलबाबा मंदिर के आगे जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी रोहित मंडोला के पास से एक अवैध पिस्टलए दो मैगजीन और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसके अतिरिक्तए घटनास्थल से एक खोखा और एक अन्य जिंदा कारतूस भी जब्त किया गया। गिरफ्तार अन्य आरोपियों में प्रियांशु बिष्टए विशाल बिष्टए जीवन बिष्टए उज्ज्वल परगाईए अक्षय रंगवाल उर्फ अक्कू और संदीप कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसारए इन युवकों में से कई के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी सिटी ने बताया कि यह कार्रवाई शहर में कानून.व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस ने यह भी बताया कि मामले में कुछ अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### एसुस इंडिया ने गेमिंग लैपटॉप्स लॉन्च किया

**लखनऊ।** एसुस इंडिया का गेमिंग ब्रांड रिपब्लिक ऑफगेमर्स आरओजी जो भारत का नंबर 1 गेमिंग ब्रांड है ने अपने गेमिंग पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ऑल.न्यू टीयूएफगेमिंग एफ16 के साथ आरओजी स्ट्रिक्स जी16 को लॉन्च किया है जो एनवीआईडिया जीफोर्स आरटीएक्स.टीएम 5050 ग्राफिक्स से लैस है। इसके साथ हीए एसुस आरओजी ने अपने मौजूदा 2024 आरओजी स्ट्रिक्स जी16 जी614 लाइनअप को भी अपग्रेड करते हुए नया आरटीएक्स.टीएम 5050 जीपीयू शामिल किया है जो अलग-अलग कीमत की श्रेणियों में हाई.परफॉर्मेंस गेमिंग देने की इसकी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। नई गेमिंग रेंज के बारे में बात करते हुएए अर्नोल्ड सूए वाइस प्रेसिडेंटए कंज़्यूमर और गेमिंग पीसीए एसुस इंडिया ने कहा कि एसुस मेंए अपनी गेमिंग लाइनअप को आगे बढ़ाने और विकसित करने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं, ताकि हर तरह के यूज़र की जरूरतों को पूरा किया जा सकेए चाहे वह प्रतियोगी गेमर हो या फिर रोज़मर्रा का क्रिएटर। आरटीएक्स 5050 से लैस मॉडल्स को हमने अपने आरओजी और टीयूएफदोनों सीरीज़ में पेश किया है जिससे हाई.परफॉर्मेंस गेमिंग, एआई.रेडीनेस और इमर्सिव विज़ुअल्स अब अलग.अलग बजट और इस्तेमाल के लिहाज़ से उपलब्ध हैं। यह लॉन्च भारत के नंबर 1 गेमिंग ब्रांड के रूप में हमारी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और हम गेमिंग इकोसिस्टम के हर कोने तक अपनी पहुँच बना रहे हैं।

### मप्र टूरिज्म बोर्ड के रोड शो का सफलतापूर्वक समापन

**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के पर्यटन उद्योग को नई दिशा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने 27 जून को वाराणसी के होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में भव्य रोड शो का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पर्यटन व्यवसायियों टूर ऑपरेटर्स ट्रैवल एजेंट्स और होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह आयोजन आने वाले मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट और रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव की तैयारियों का अहम हिस्सा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल उपस्थित थे। इस अवसर पर वाराणसी उत्तर प्रदेश में कैंट एरिया के विधायक श्री सौरभ श्रीवास्तव एवं मध्य प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव और टूरिज्म बोर्ड के एमडी श्री शिव शेखर शुक्ला उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन और पर्यटन क्षेत्र में निजी सहभागिता को बढ़ावा देकर सुनियोजित एवं एकीकृत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से आज मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में असीम क्षमता और निवेश का आकर्षक क्षेत्र बन गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक धरोहरेंए सांस्कृतिक विरासतेंए सबसे अधिक वन क्षेत्र और वन्य जैव विविधिता है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एमओयू किया गया है। इस महत्वपूर्ण एमओयू से न केवल पर्यटन सर्किट के जरिए बाबा विश्वनाथ बाबा महाकाल और ओंकारेश्वर जुड़ेंगे बल्कि बुद्ध सर्किट के विकास में भी तेजी आएगी। जिससे धार्मिक पर्यटन के विस्तार के साथ ही रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### कृषि क्षेत्र का उत्पादन 2023-24 में बढ़कर 29.49 लाख करोड़ : सरकारी आंकड़े

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2011-12 से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कृषि और संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन का सकल मूल्य (जीवीओ) स्थिर कीमतों पर 54.6 प्रतिशत बढ़कर 29.49 लाख करोड़ रुपए हो गया। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के तहत आने वाले एनएसओ ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के उत्पादन के मूल्य पर सांख्यिकीय रिपोर्ट (2011-12 से 2023-24) को जारी किया। एनएसओ ने कहा, स्थिर कीमतो पर कृषि और संबद्ध क्षेत्र के सकल मूल्य उत्पादन (जीवीओ) ने 2011-12 में I,908 हजार करोड़ रुपए से 2023-24 में 2,949 हजार करोड़ रुपए तक लगातार वृद्धि दिखाई है। इसमे लगभग 54.6 प्रतिशत की समग्र वृद्धि हुई। इसमे कहा गया कि वर्तमान कीमतो पर कृषि और संबद्ध क्षेत्रो के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में लगभग 225 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2011-12 में I,502 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 मे 4,878 हजार करोड़ रुपए हो गया। यह प्रकाशन एक व्यापक दस्तावेज है, जिसमे 2011-12 से 2023-24 तक कृषि और संबद्ध गतिविधियो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई है।

### बजाज फिन्सर्व ने लॉन्च किया स्मॉल कैप फंड

**मुंबई।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है इसके शुरुआत की घोषणा की है। यह फंड सब्स्क्रिप्शन के लिए 27 जून 2025 से खुलकर 11 जुलाई 2025 को बंद होगा। इसकी शुरुआत परए गणेश मोहन प्रबंध निदेशक बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहा स्मॉल कैप फंड का शुभारंभ भारत के गतिशील स्मॉल कैप जगत की दीर्घकालिक क्षमता में हमारी गहरी आस्था को प्रदर्शित करता है। पारंपरिक रूप से स्मॉल कैप अन्य व्यापक सूचकांकों से अधिक अस्थिरता प्रदर्शित करते हैंए जो बाज़ार उतार चढ़ाव से निपटने और गुणवत्तापूर्ण अवसरों को पहचानने में सक्रिय प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करता है। निमेष चंदन मुख्य निवेश अधिकारीए बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कहा हमारा नया स्मॉल कैप फंड उन गुणवत्तापूर्ण व्यवसायों का पोर्टफोलीओ है जो अपने आंतरिक मूल्यांकन से नीचे कारोबार कर रहे हैं। स्मॉल कैप क्षेत्र में कई इंडस्ट्रीज़ और उपक्षेत्र उपलब्ध हैं। संक्षेप मेंए इस स्मॉल कैप क्षेत्र में से उभरते व्यवसायों के अग्रणीयों और अन्य में चुनौती देने वालों को चुनने के अवसर उपलब्ध हैं।

## भागवत कथा करने का अधिकार सभी हिंदुओं को : काशी विद्वत परिषद

भाषा। वाराणसी

**उत्तर प्रदेश के** इटावा जिले में जाति के नाम पर कथा वाचकों की कथित पिटाई और दुर्व्यवहार के मामले में काशी विद्वत परिषद ने शुक्रवार को कहा कि भागवत कथा करने का अधिकार सभी हिंदुओं को है। इटावा जिले के दंदारपुर गांव में 22-23 जून की दरमियानी रात को भागवत कथा करने वाले दो वाचकों मुकुट मणि यादव और उनके सहयोगी संत सिंह यादव का कथित तौर पर ऊंची जाति के लोगों ने मुंडन कर दिया और उन्हें अपमानित किया गया।कथा वाचकों के यादव जाति के होने से मामले को लेकर सूबे की सियासत गर्मा गई।काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रोफेसर रामनारायण द्विवेदी ने मामले पर कहा कि भागवत कथा करने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है।द्विवेदी ने कहा, हमारी सनातन परम्परा में ऐसे तमाम गैर ब्राह्मण लोग हुए हैं, जिनकी गणना ऋषि के रूप में की गई है। इनमें चाहे महर्षि वाल्मीकि, वेदव्यास हों या रविदास हों, सनातन परम्परा में सभी को सम्मान और आदर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, भागवत कथा करने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है और किसी भी हिन्दू को इससे रोका नहीं जा सकता। द्विवेदी ने कहा, जो शास्त्रों को जानते हैं, भक्ति भाव, सत्यनिष्ठ, ज्ञानवान और जानकार हैं, उन्हें कथा कहने का अधिकार है, जो ज्ञानी है, वही पंडित या ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी है।

## केरल में खड़े एफ-35 लड़ाकू विमान की मरम्मत के लिए ब्रिटेन से आ रहे इंजीनियर

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरे और 12 दिन से फंसे ब्रिटेन की शाही नौसेना के एफ-35बी लड़ाकू विमान की मरम्मत करने के लिए ब्रिटिश विमानन इंजीनियर आ रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह विमान ब्रिटेन की शाही नौसेना के विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर के लड़ाकू बेड़े का हिस्सा है।इस लड़ाकू विमान की कीमत करीब 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर है और इसे दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। इस विमान की 14 जून को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई थी।ब्रिटिश उच्चायोग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि विमान में इंजीनियरिंग संबंधी समस्या उत्पन्न होने के बाद उसे तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मरम्मत के लिए रखा गया है।उन्होंने बताया कि ब्रिटेन ने विमान को हवाई अड्डे पर रखरखाव मरम्मत और ओवरहॉल केंद्र ले जाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।प्रवक्ता ने कहा, ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम के विशेषज्ञ उपकरणों के साथ जब पहुंचेंगे तब विमान को हैंगर में ले जाया जाएगा।

## केरल के स्कूलों में जुम्बा नृत्य कार्यक्रम का मुस्लिम समूहों ने विरोध किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में नशा-विरोधी अभियान के तहत सामान्य शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में शुरू किए गए जुम्बा नृत्य कार्यक्रम का कुछ मुस्लिम समूहों ने यह कहकर विरोध किया कि यह (जुम्बा) नैतिक मूल्यों के खिलाफ है।मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के निर्देश के बाद स्कूलों में यह कार्यक्रम शुरू किया गया था। विजयन ने कहा था कि जीवंत संगीत के साथ नृत्य और एरोबिक अभ्यास के संयोजन वाले इस नृत्य से स्कूली बच्चों में तनाव कम करने में मदद मिलेगी और युवाओं के नशे की लत के शिकार होने के खतरे पर लगाम लगेगी। कई स्कूलों ने इसी शैक्षणिक वर्ष से जुम्बा प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। समस्त केरल सुन्नी युवाजन संघम (एसवाईएस) के राज्य सचिव अब्दुस्समद पुक्कोट्टूर ने शुक्रवार को एक फेसबुक पोस्ट में राज्य सरकार की पहल के खिलाफ विरोध जताते हुए दावा किया।

## मिलावटी ईंधन भरे जाने के बाद सीएम मोहन यादव के काफिले में शामिल वाहन हुए खराब

भाषा। रतलाम (मप्र)

**मध्यप्रदेश के** मुख्यमंत्री मोहन यादव के काफिले की डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ियां टंकी में कथित तौर पर मिलावटी पेट्रोल और डीजल भरवाने के कुछ ही देर बाद बृहस्पतिवार रात बंद हो गईं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने तुरंत कार्वाई करते हुए रतलाम के संबंधित पेट्रोल पंप को सील कर दिया और इंदौर से नई गाड़ियों की व्यवस्था की गई ताकि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम यथावत जारी रहे। अपर जिलाधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियों में पेट्रोल और डीजल भरवाने के कुछ देर बाद उनमें से कुछ वाहनों के इंजन बंद हो गए। उन्होंने कहा, जैसे ही शिकायत मिली, उस पेट्रोल पंप के ईंधन का सैंपल लिया गया और फिर तत्काल उसे सील कर दिया गया। श्रीवास्तव ने बताया कि काफिले की कारें बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे रतलाम के डोसीगांव स्थित शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर पहुंची थीं।

### कक्षा में जानवर का मस्तिष्क लेकर आने वाली विज्ञान की शिक्षिका निलंबित

हैदराबाद। विकाराबाद जिले में एक सरकारी स्कूल में छात्रों को शारीरिक संरचना समझाने के मकसद से कक्षा मे कथित रूप से जानवर का मस्तिष्क लेकर आने वाली एक शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुछ छात्रों के दावे के अनुसार, शिक्षिका का कहना था कि ए एक गाय का मस्तिष्क है। हालांकि, पुलिस के मुताबिक मस्तिष्क किस जानवर की है, इसकी पुष्टि नही हो पाई है। पुलिस ने बताया कि 24 जून को 10 वी कक्षा के छात्रों को कथित रूप से जानवर का मस्तिष्क दिखाए जाने पर विज्ञान की शिक्षिका के खिलाफ गोहत्या अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) समेत अन्य संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि शिक्षिका के इस कृत्य ने धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। विभिन्न संगठनों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कार्वाई की मांग की है।

### शामली की महिला ने पति पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया, जांच शुरू


मुजफ्फरनगर (उप्र)। उत्तर प्रदेश में शामली जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर कथित रूप से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों मे शामिल होने और जाली दस्तावेजो का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस मे मनीषा (33) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति मोहम्मद इंतजार संदिग्ध और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों मे शामिल है। पुलिस ने बताया कि उसने अपने पति के पास से कई जाली दस्तावेज भी बरामद किए है, जिनमे आधार कार्ड, पासपोर्ट और उसके नाम वाले शैक्षणिक प्रमाण पत्र शामिल है। शामली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामसेवक गौतम ने बताया कि पुलिस ने इंतजार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओ 336 (जालसाजी), 337 (सार्वजनिक अभिलेखो की जालसाजी), 339 (जाली दस्तावेज रखना) और 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी ने कहा, कि आरोपो और शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजो के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सहकर्मियों ने एआई-171 के क्रू को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 के दुखद हादसे में जान गंवाने वाले 12 क्रू मेंबर्स के सहकर्मियों ने एक भावुक और नम आँखों वाली श्रद्धांजलि सभा में अपने दोस्तों और उन प्रोफेशनल्स को याद किया, जिन्हें वे परिवार कहते थे। एयरलाइन के मुख्यालय में हुई इस सभा में उन अनमोल जिंदगियों की एक जीवंत तस्वीर पेश की गई, जो इस त्रासदी की सिर्फ सुर्खियां नहीं, बल्कि उसका मानवीय पहलू थीं।एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन अपनी भावनाओं को मुश्किल से रोक पाए। हमारे मन में जो दर्द है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम में से हर कोई इस नुकसान को अपने तरीके से सहेगा, लेकिन हम सबकी एक साझा जिम्मेदारी है - अपने सहकर्मियों की याद, उनकी सेवा और उनकी भावना का सम्मान करना, जिस तरह से हम आगे बढ़ेंगे।इसके बाद दी गई श्रद्धांजलि बेहद व्यक्तिगत थीं, जो एआई171 के क्रू के साथ उड़ान भरने वालों ने दीं।फ्लाइट के कमांडर, कैप्टन सुमित सभरवाल, जिनकी 30 साल की सेवा थी, के बारे में एक दिल छू लेने वाली कहानी सामने आई। उनकी फ्लाइंग स्कूल का निकनेम सैड सैक था। लेकिन, इसका मतलब उदास होना नहीं था; यह दोस्तों के बीच एक मज़ाक था, क्योंकि वे हमेशा शांत, मुस्कुराते रहते थे, यहाँ तक कि मुश्किल पलों में भी। उन्होंने किसी से मुकाबला नहीं किया; उन्होंने सबको सराहा। कैप्टन सुमित ने सिर्फ वर्दी नहीं पहनी, उन्होंने उसे सम्मान दिया। 26 साल के फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर को उनके बैचमेट ने सिर्फ एक सहकर्मी से बढ़कर याद किया। एक सहकर्मी ने भारी आवाज़ में कहा, वह एक बहुत प्यारे भाई की तरह थे। धरती के आसमान से, वह स्वर्ग के आसमान में उड़ेंगे। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा।केबिन सुपरवाइजर श्रद्धा धवन की दोस्त, जो उन्हें एयरलाइन में शामिल होने से पहले से जानती थीं, ने अपनी दोस्त के समर्पण की एक याद साझा की।

## एयर कंडीशनर का तापमान निर्धारित करने का प्रावधान फिलहाल लागू होने की संभावना नहीं: पर्यावरण मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि एयर कंडीशनर (एसी) के तापमान को 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की योजना को जल्द लागू करने की संभावना नहीं है और इसे समय के साथ धीरे-धीरे लागू किया जाएगा। भारत जलवायु शिखर सम्मेलन में जब उनसे पूछा गया कि एसी के तापमान की नई सीमा कब लागू की जाएगी, तो यादव ने कहा कि ऐसी कोई भी स्थिति 2050 के बाद ही उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह तुरंत होगा, समय के साथ इसके लिए धीरे-धीरे क्षमताएं बनाई जाएंगी। ादव ने कहा कि जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय परिस्थितियों और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) सिद्धांत के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि



संयुक्त राष्ट्र जलवायु निकाय को प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) या राष्ट्रीय जलवायु योजना, अपने लोगों तक ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर देती है।सीबीडीआर-आरसी के सिद्धांत का अर्थ है कि सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ना होगा, लेकिन विकसित देशों को और अधिक प्रयास करना चाहिए, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से उत्सर्जन के लिए वे अधिक जिम्मेदार हैं और उनके पास अधिक संसाधन हैं।इसी महीने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि भारत में एयर कंडीशनर जल्द ही 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस की सीमा के भीतर काम करेंगे और इसे अनिवार्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा था कि इस सीमा से कम या अधिक तापमान पर काम करना प्रतिबंधित होगा।ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के अनुसार, भारत में ज्यादातर एसी वर्तमान में 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच निर्धारित किए जाते हैं, हालांकि आदर्श आरामदायक सीमा 24 से 25 डिग्री सेल्सियस है।बीईई ने आराम और ऊर्जा उपयोग के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए एयर कंडीशनर को 24 से 25 डिग्री सेल्सियस पर निर्धारित करने की सलाह दी है। इसमें कहा गया है कि तापमान को बहुत कम, लगभग 20 से 21 डिग्री सेल्सियस पर रखने से बिजली की बर्बादी होती है। एजेंसी का यह भी कहना है कि एसी का तापमान सिर्फ एक डिग्री बढ़ाने से करीब छह प्रतिशत बिजली की बचत हो सकती है।

## पेज 1 का शेष

### कोलकाता...

संवाददाताओं से कहा कि मुख्य आरोपी को संस्थान के शासी निकाय द्वारा पारित एक प्रस्ताव के आधार पर अनुबंध के तहत पूरी तरह से अस्थाई नियुक्ति दी गई थी। डॉ. नयना चटर्जी ने कहा, मुझे सुरक्षा गार्ड से सूचना मिली कि पुलिस ने हमारे कॉलेज के दो कमरों को सील कर दिया है। मैं यह पता लगाने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या है।

### पश्चिम बंगाल..

सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई और इससे यह साबित होता है कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, आरजी कर अस्पताल जैसे शीर्ष मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की घटना के बाद अब शहर के एक विधि महाविद्यालय में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है।

### भारत...

समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं। अमेरिका ने उसके द्वारा दो अप्रैल को घोषित उच्च शुल्क को नौ जुलाई तक के लिए निलंबित किया है। भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

### एमएसएमई...

आस्थान ख्यामई (अलीगढ़) के आवंटियों को आवंटन पत्र दिया तथा एमएसएमई इकाइयों, सीएम युवा तथा विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और ओडीओपी के लाभार्थियों को टूल किट वितरित कीं। यूथ अड्डा को उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (यूपीकॉन) ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया है। यह मंच सभी जातियों और समुदायों के युवाओं को अपने व्यावसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मार्गदर्शकों से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। यह ऐप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो। उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में दो करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं।

### विपक्षी...

भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने पीटीआई-वीडियो से कहा, अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान हमारे संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब (आंबेडकर) का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था। केरल के मुख्यमंत्री और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की और इसे भारतीय गणतंत्र के मूल आदर्शों को खत्म करने का एक प्रयास करार दिया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पोलितब्यूरो ने एक बयान में आरोप लगाया कि आरएसएस का यह आह्वान संविधान को खत्म करने के उसके लंबे समय से चले आ रहे प्रयास और भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने के उसके इरादे को एक बार फिर से उजागर करता है।

### जय जगन्नाथ...

पुलिस बल की आठ टुकड़ियां तैनात की गई हैं। कुमार ने कहा, ओडिशा पुलिस के साथ कई केंद्रीय सरकारी एजेंसियां सहयोग कर रही हैं, जिनमें एनएसजी स्नाइपर, तट रक्षक ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रणालियां शामिल हैं। श्वान दल और ओडिशा की दंगा रोधी इकाइयां भी यहां तैनात की गई हैं।

## भारतीयों की उत्पत्ति तीन प्रमुख पूर्वज समूहों से हुई : अध्ययन

भाषा। नई दिल्ली

**आयु संबंधी** अध्ययन के जरिए एकत्र किए गए आधुनिक वंशाणुओं (जीन) का विश्लेषण करते हुए अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि अधिकतर भारतीय तीन पूर्वज समूहों के वंशज हैं - नवपाषाणकालीन ईरानी किसान, यूरेशियाई स्टेपी के पशुपालक और दक्षिण एशियाई शिकारी। नवपाषाण काल वह समय था जब कृषि की शुरुआत हुई थी और मनुष्य ने पत्थर के औजारों का इस्तेमाल करना शुरू किया था। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (अमेरिका), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली तथा अन्य संस्थानों की टीम ने कहा कि यह अध्ययन इस बात को समझने में मदद करता है कि किस प्रकार ऐतिहासिक पलायन और सामाजिक संरचनाओं ने भारत की आबादी को आकार देने में मदद की, जो आनुवंशिक रूप से दुनिया में सबसे अधिक विविध आबादी है, फिर भी वैश्विक आंकड़ों में इसका प्रतिनिधित्व कम है। लेखकों ने कहा कि सेल पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षों से यह भी पता चलेगा कि उपमहाद्वीप में ऐतिहासिक आबादी ने किस प्रकार विभिन्न रोगों के प्रति संवेदनशीलता और उसके अनुसार अपने आप को ढालने की प्रक्रिया को विकसित किया।

कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले की वरिष्ठ लेखक प्रिया मूरजानी ने कहा, यह अध्ययन हमें बेहतर तरीके से समझने में मदद करता है कि प्राचीन पलायन, प्राचीन मानव संबंधों और सामाजिक संरचना ने भारतीय आनुवंशिक विविधता को कैसे आकार दिया है। विश्वभर के गैर-अफ्रीकियों में, भारतीयों में सबसे अधिक विविधता पाई गई, क्योंकि वे निएंडरथल के पूर्वज थे। निएंडरथल मानव के सबसे निकटतम विलुप्त पूर्वज थे, जो लगभग 4,00,000 से 40,000 वर्ष पूर्व यूरोप और दक्षिण-पश्चिम से मध्य एशिया में रहते थे। अनुसंधान में यह भी पाया गया कि गैर-अफ्रीकी जनसंख्या में भारतीयों में सबसे अधिक आनुवंशिक विविधता है, और इनमें निएंडरथल पूर्वजों के जीन सबसे अधिक मात्रा में पाए गए। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के सह-लेखक लॉरिट्स स्कोव ने कहा, इससे हमें भारतीय व्यक्तियों से लगभग 50 प्रतिशत निएंडरथल जीनोम और 20 प्रतिशत डेनिसोवन जीनोम का पुनर्निर्माण करने की अनुमति मिली, जो किसी भी अन्य पिछले पुरातन वंशावली अध्ययन की तुलना में अधिक है। डेनिसोवन भी एक प्राचीन मानव प्रजाति थी जो मुख्यत: एशिया में पाई जाती थी और निएंडरथल से मिलती-जुलती थी। यह प्रजाति लगभग 20,000 से 50,000 साल पहले विलुप्त हो गई थी।इन दोनों प्राचीन मानव समूहों से विरासत में प्राप्त जीन का मानव प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रभाव होता है, जो यह समझने में सहायक हो सकता है कि भारतीय जनसंख्या किन रोगों के प्रति अधिक संवेदनशील है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने यह भी स्वीकार किया कि यह विश्लेषण दक्षिण और मध्य एशिया से प्राप्त प्राचीन डीएनए की सीमित उपलब्धता के कारण एक सीमा तक केंद्रित रहा।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 28 जून, 2025




# समाजवाद, पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान संविधान की मूल भावना बहाल करने के लिए: ऑर्गनाइजर

**नई दिल्ली।** (भाषा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान, इसे तहस-नहस करने के लिए नहीं है, बल्कि आपातकाल के दौर की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी मूल भावना को बहाल करने के बारे में है।

इस मुद्दे पर संविधान सभा में हुई बहस का हवाला देते हुए, लेख में कहा गया है कि होसबाले का आह्वान भीम राव आंबेडकर और संविधान सभा द्वारा समर्थित लोकतांत्रिक सिद्धांतों से मेल खाता है, जिसने 1948 में भारत को पंथनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों के संघ के रूप में वर्णित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। ऑर्गनाइजर पत्रिका की वेबसाइट पर प्रकाशित लेख में कहा गया है, उनका 42वां संशोधन एक राजनीतिक पैंतरेबाजी थी, न कि संविधान सभा की विचार-विमर्श प्रक्रिया का प्रतिबिंब। इसके विपरीत, सरकार्यवाह (होसबाले) की टिप्पणी संविधान को आंबेडकर के लोकतांत्रिक ढांचे के दृष्टिकोण के अनुरूप करने के लिए एक खुली बातचीत की मांग करती है। इसमें कहा गया है, सरकार्यवाह का आह्वान संविधान को खत्म करने के बारे में नहीं है, बल्कि कांग्रेस की आपातकाल के दौर की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी (संविधान की) मूल भावना को बहाल करने के बारे में है। लेख में कहा गया है कि संविधान के मूल उद्देश्य का सम्मान करने के लिए यह एक आवश्यक चर्चा है, साथ ही कांग्रेस पार्टी के उस पाखंड को उजागर करना है, जिसके तहत उसने भाजपा-आरएसएस पर संविधान को खतरे में डालने का आरोप लगाया है, जबकि कांग्रेस ने ही अधिनायकवादी युग के दौरान संविधान में बदलाव किया था। आरएसएस सरकार्यवाह ने बृहस्पतिवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा था कि इन्हें आपातकाल के दौरान शामिल किया गया था और ए कभी भी संविधान का हिस्सा नहीं थे। होसबाले के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि आरएसएस ने संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया और प्रस्तावना में मौजूद समाजवादी एवं पंथनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने की इसकी मांग एक न्यायसंगत, समावेशी और लोकतांत्रिक भारत की आंबेडकर की दृष्टि को तहस-नहस करने की लंबे समय से चली आ रही साजिश का हिस्सा है। विपक्षी दल ने यह भी कहा कि आरएसएस का सुझाव हमारे संविधान की आत्मा (प्रस्तावना) पर जानबूझकर किया गया हमला है। पंद्रह नवंबर 1948 को हुई संविधान सभा में बहस का हवाला देते हुए लेख में कहा गया, प्रो. के. टी. शाह ने भारत को पंथनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों का संघ बताने के लिए अनुच्छेद। में संशोधन का प्रस्ताव रखा था। शाह ने तर्क दिया था कि पंथनिरपेक्ष शब्द सभी धर्मों के प्रति राज्य (सरकार) की तटस्थता की पुष्टि करेगा। उन्होंने समानता की आवश्यकता को रेखांकित करने के लिए भारत के सांप्रदायिक इतिहास का हवाला दिया, और समाजवाद को निजी संपत्ति को खत्म किए बिना आर्थिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने के रूप में परिभाषित किया। लेख में दावा किया गया है, प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर ने शाह के संशोधन का जोरदार तर्क के साथ विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि संविधान को शासन के लिए एक ढांचे के रूप में काम करना चाहिए, न कि विशिष्ट विचारधाराओं को थोपने के लिए एक मंच के रूप में। लेख में आंबेडकर की टिप्पणी को उद्धृत करते हुए कहा गया है, सरकार की नीति क्या होनी चाहिए, समाज को उसके सामाजिक और आर्थिक पक्ष में किस प्रकार संगठित किया जाना चाहिए, ए ऐसे मामले हैं जिनका निर्णय लोगों को समय और परिस्थितियों के अनुसार स्वयं करना चाहिए। इसमें कहा गया कि आंबेडकर का मानना था कि समाजवादी शब्द को शामिल करने से भावी पीढ़ियों की अपनी सामाजिक व्यवस्था चुनने की छूट सीमित हो जाएगी, क्योंकि सोच-विचार करने वाले लोग समाजवाद से एक बेहतर व्यवस्था बना सकते हैं। लेख में दावा किया गया है कि पंथनिरपेक्ष के मुद्दे पर आंबेडकर चुप रहे थे, संभवत: इसलिए कि मौलिक अधिकार (संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में निहित) पहले से ही धार्मिक समानता और गैर-भेदभाव की गारंटी देते हैं, जिससे यह शब्द निरर्थक हो जाता है। लेख में कहा गया है, कांग्रेस का वर्तमान विमर्श, जिसमें भाजपा-आरएसएस पर संविधान को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया जा रहा है, पाखंड की पराकाष्ठा है। राहुल गांधी जैसे नेता रैलियों में संविधान की प्रति लहराते हैं, लेकिन आपातकाल के दौरान इसके उल्लंघन में अपनी पार्टी की रही भूमिका को स्वीकार नहीं करते। इसमें कहा गया है, कांग्रेस ने असहमति जताने वालों को जेल में डालने, स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने या प्रस्तावना में संशोधन करने के लिए कभी माफी नहीं मांगी है।

# नैनीताल में उपराष्ट्रपति का आह्वान, शिक्षा चरित्र और राष्ट्रीय जिम्मेदारी को अपनाएं युवा



**नैनीताल (पीएनएस।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को नैनीताल के प्रतिष्ठित शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को आत्मकेंद्रित नहींए बल्कि समाजए राष्ट्र और मानवता के लिए जीने का लक्ष्य अपनाना चाहिए। उन्होंने कहाए श्इतिहास उन्हीं को याद रखता है जिन्होंने अपने जीवन को समाज की सेवा में समर्पित किया।श

उपराष्ट्रपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी लोकतांत्रिक देश की बुनियाद होती है। यह सामाजिक असमानता और अन्याय के विरुद्ध सबसे प्रभावशाली हथियार है। यदि किसी को ऐसी शिक्षा मिल रही है तो वह वास्तव में विशेषाधिकार प्राप्त है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों पर अपने अधूरे सपनों का बोझ न डालेंए क्योंकि मातृत्व और पितृत्व केवल पारिवारिक नहींए बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। भारत की प्रगति की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब देश केवल संभावनाओं का नहींए बल्कि अवसरों को साकार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। श्पिछले दस वर्षों में भारत ने आर्थिक और अधोसंरचना के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैंएश् उन्होंने कहा। शेरवुड कॉलेज की विरासत का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने मेजर सोमनाथ शर्माए फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और अभिनेता अमिताभ बच्चन जैसे पूर्व छात्रों को याद किया और कहा कि ऐसी विरासत गर्व के साथ.साथ जिम्मेदारी भी देती है।कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ;से निद्ध ने भी भाग लिया और शेरवुड कॉलेज को केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहींए बल्कि चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला बताया। उन्होंने कहाए श्हर छात्र की सफलता राष्ट्र की पूंजी है। आपकी पहचान आपके ज्ञान से नहींए बल्कि आपके चरित्र और सामाजिक जिम्मेदारी से बनेगी।उपराष्ट्रपति ने छात्रों को तकनीकी परिवर्तन के साथ आगे बढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि श्।प्ए ब्लॉकचेन और मशीन लर्निंग जैसे विषय अब स्कूलों तक पहुंच चुके हैंए इसलिए आपको सतत रूप से खुद को अपडेट करते रहना होगा।श् उन्होंने यह भी कहा कि भारत की युवा जनसंख्या देश की सबसे बड़ी ताकत है और उसे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावतए पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिमा अग्रवालए जिलाधिकारी वंदनाए एसपी प्रहलाद नारायण मीणा और कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप सिंह संधू भी मौजूद रहे।

# एफएसएसएआई प्रतिबंध के बावजूद कैल्शियम कार्बाइड से पके फलों की बिक्री जारी

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद कुछ स्थानों पर कैल्शियम कार्बाइड से पकाए गए आम जैसे फलों की बिक्री जारी है और विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक ऐसे फलों का सेवन गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। दिल्ली के बाजारों में इन दिनों फलों के राजा आम की बहार है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि दिखने में रसीले इन आमों एवं अन्य फलों का लंबे समय तक उपभोग करने से उपभोक्ताओं को मुँह में सूखापन, जलन, छाले, गले में खराश और उल्टी जैसे तात्कालिक लक्षणों के साथ ही न्यूरोलॉजिकल प्रभाव , मेमोरी लॉस , थायरॉयड, डायबिटीज और कैंसर तक की बीमारी घेर सकती है।

एशिया की सबसे बड़ी मंडी कहलाने वाली आजादपुर मंडी के अध्यक्ष एम. आर. कृपलानी ने पीटीआई-भाषा से कहा,"हमारे मंडी के व्यापारी कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल नहीं करते लेकिन जो व्यापारी आम को बाहर के इलाकों में ले जाते हैं, वहां जल्दी पकाने के लिए थोड़ी मात्रा में कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग किया जाता है। खासकर तब, जब फल कच्चा होता है और मांग अधिक रहती है"। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर केले को गर्मी देकर पकाया जाता है लेकिन आम जैसे फलों में ऊपर से पीलापन लाने के लिए कई बार कैल्शियम कार्बाइड का सहारा लिया जाता है।भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अनुसार, कैल्शियम कार्बाइड से पकाए गए फलों में आर्सेनिक और फॉस्फोरस हाइड्रॉक्साइड जैसी अशुद्धियां होती हैं जो कैंसर और त्वचा रोग जैसी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। भारत में कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत प्रतिबंधित है।एफएसएसएआई की वेबसाइट पर उपलब्ध एक रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि केवल एथिलीन गैस (100 पीपीएम) का प्रयोग नियंत्रित माहौल में फल पकाने के लिए किया जा सकता है क्योंकि यह फलों के प्राकृतिक रूप से पकने की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली गैस है और यह सुरक्षित है। मंडी में मौजूद कुछ व्यापारियों का कहना था कि एथिलीन गैस से फलों को पकाना खर्चीला होता है इसलिए वे सस्ते विकल्प के रूप में कैल्शियम कार्बाइड को प्राथमिकता देते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि फल दिखने में तो पके हुए लगते है लेकिन स्वाद और स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल रहे है।पूर्वी दिल्ली की रहने वाली गृहिणी अंजू गुप्ता कहती हैं, फल खाकर अक्सर एसिडिटी और जी मिचलाने जैसी समस्या होती है। गांव में पेड़ से ताजे फल तोड़कर खाने में जो मजा था अब वह स्वाद नहीं मिलता। निजी कंपनी में कार्यरत मुकेश वर्मा ने कहा, अब आम में वो खुशबू और मिठास नहीं रही। आम कई बार बाहर से तो पीले और पके हुए नजर आते हैं पर काटने पर कच्चे और खट्टे निकलते हैं।

नई दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल की फिजिशियन डॉ नवनीत कौर ने बताया कि कैल्शियम कार्बाइड से पकाए गए फल त्वरित लक्षण के साथ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने कहा, रसायन से पकाए गए फलों के सेवन से मुँह में सूखापन, जलन, छाले, गले में खराश और उल्टी जैसे लक्षण देखे जाते हैं। लंबे समय तक इन फलों का सेवन करने से न्यूरोलॉजिकल प्रभाव , मेमोरी लॉस , थायरॉयड, डायबिटीज और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

# न्यायालय ने भारत-चीन सीमा के पास भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा बढ़ाने के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास रक्षा संबंधी परियोजना के लिए 537 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए दिए गए मुआवजे को बढ़ाने संबंधी आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र और अन्य की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया, जिसमें गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ के मार्च 2025 के आदेश को चुनौती दी गई थी। केंद्र ने पीठ को बताया कि लाभार्थियों को मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है और भूमि का अधिग्रहण भी कर लिया गया है, लेकिन बाद में एक व्यक्ति ने पावर ऑफ अटॉर्नी (मुख्तारनामा) के आधार पर यह मामला दायर कर दिया। इसने कहा कि पहले सभी लाभार्थियों के लिए लगभग 70 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया गया था, लेकिन अक्टूबर 2024 में संबंधित मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा इसे बढ़ाकर 410 करोड़ रुपए से अधिक कर दिया गया। केंद्र की ओर से दलील दी गई कि संबंधित मामला एक धोखाधड़ी पर आधारित था और व्यक्ति ने 100 से अधिक व्यक्तियों का फर्जी मुख्तारनामा बनाया था। इसने कहा कि सरकार ने संबंधित मामले में पारित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। केंद्र ने कहा कि उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि संदर्भ मामले में पारित आदेश इस शर्त के अधीन स्थगित रहेगा कि बढ़ाई गई राशि का 50 प्रतिशत तीन महीने के भीतर जमा किया जाए। सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी, जिसने मामले की सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की।पीठ ने कहा, प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया जाए। इस शर्त पर विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी कि याचिकाकर्ता (केंद्र), उच्च न्यायालय के समक्ष की गई अपनी पेशकश पर अमल करते हुए आज से चार सप्ताह के भीतर उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में बढ़ी हुई राशि का 10 प्रतिशत जमा करें। शीर्ष अदालत ने इस मामले में निचली अदालत के अक्टूबर 2024 के आदेश पर भी रोक लगा दी और मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 अगस्त की तारीख निर्धारित की। जब पीठ ने पूछा कि क्या केंद्र ने निर्विवाद राशि का भुगतान किया है, तो वकील ने कहा, हां। सत्तर करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

# पंजाब में जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ› (भाषा) पंजाब के बटाला में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बटाला के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने फोन पर बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े नौ बजे हुई इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हरजीत कौर को अमृतसर के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। सिविल लाइंस क्षेत्र में कादियां रोड पर हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना के सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर पीछे बैठा एक हमलावर कार के अंदर बैठे पीड़ितों पर अंधाधुंध गोलियां चलाता दिख रहा है। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने कहा," बाइक पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उन पर कार में बैठे समय गोलियां चलाईं। हरजीत को अमृतसर के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई, जबकि करणवीर को बटाला सिविल अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया"। अधिकारियों ने बताया कि दोनों के चेहरों, छाती और पेट पर गोलियां लगीं। उन्होंने कहा कि वे बृहस्पतिवार रात तरनतारन से लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई। भगवानपुर की रहने वाली हरजीत कौर पिछले 2-3 साल से बटाला में किराए के मकान में रह रही थीं। डीएसपी ने बताया कि करणवीर के पिता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट मे हमले की जिम्मेदारी ली गई है। इन पोस्ट में संकेत दिया गया है कि करणवीर ही निशाना था। भगवानपुरिया के प्रतिद्वंद्वी गिरोह के कुछ सदस्यों के दावे के बारे में पूछे जाने पर डीएसपी ने कहा कि जांच जारी है।

## 29 जून को पीसीएस प्रीलिम्स परीक्षा के लिए बनाए गए 23 केंद्र, 9190 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**रुद्रपुर।** आगामी रविवारए 29 जून को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य सिविलध्प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा.2025 दो पालियों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 2 से 4 बजे तक चलेगी। जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्णए पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैंए जिनमें 9190 अभ्यर्थी शामिल होंगे।अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने कलक्ट्रेट स्थित डॉण् एपीजे सभागार में परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकोंए समन्वयकों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण सतर्कता बरतें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में प्रश्नपत्र रखे जाएंगे और निर्धारित दिशा.निर्देशों के तहत ही खोले जाएंगे। परीक्षार्थियों को समय से पहले केंद्र में प्रवेश देना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही केंद्रों में मोबाइल फोनए ब्लूटूथ डिवाइसए स्मार्ट घड़ी या किसी भी प्रकार के डिजिटल गैजेट लाने की अनुमति नहीं होगी।

# पंचायत चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जिम्मा सौंप, कंट्रोल रूम सक्रिय

**रुद्रपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन.2025 को निष्पक्षए शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ;पंण्स्थाण्द्ध नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में नोडल और प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे समयबद्ध ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन करें और पूरी पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अब पूरी तरह निर्वाचन मोड में आ जाएं और अपने कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय रहते पूरा करें। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने.अपने क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें। साथ हीए जिन वाहनों की आवश्यकता होए उनकी सूची नोडल वाहन प्रभारी को तत्काल उपलब्ध कराएं। नोडल वाहन अधिकारी को पर्याप्त संख्या में वाहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।




डीईओ ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की होगी। उन्होंने विभिन्न निर्वाचन प्रबंधों के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय कीं। इनमें नोडल मुख्य विकास अधिकारी को समग्र निर्वाचन व्यवस्थाए मुख्य शिक्षा अधिकारी को कार्मिक व्यवस्थाए जिला विकास अधिकारी को प्रशिक्षणए नगर आयुक्त को शहरी क्षेत्र की निगरानीए मुख्य कोषाधिकारी को व्यय प्रबंधनए एआरटीओ व पूर्ति अधिकारी को वाहन व खाद्य प्रबंधनए अधिशासी अभियंता लोनिवि को टेंट व बैरिकेडिंगए विद्युत व जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को बिजली व पानीए और मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष भी स्थापित कर दिया गया हैए जिसका नोडल अधिकारी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी होंगे। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05944.250250ए 250719ए 250500ए 250222 तथा टोल.फ्री नंबर 1077 और मोबाइल नंबर 9412088410 पर निर्वाचन से जुड़ी शिकायतें या जानकारी प्राप्त की जा सकती है।बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्यायए मुख्य कोषाधिकारी डॉण् पंकज कुमार शुक्लाए नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापालए जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभालए मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावतए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् एसपी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीए खंड विकास अधिकारीए एडीओ पंचायत आदि उपस्थित रहे।

## सिकल सेल एनीमिया परियोजना बहुत सफल

**नई दिल्ली।** (भाषा) वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की महानिदेशक एवं प्रख्यात वैज्ञानिक एन कलाइसेल्वी ने सिकल सेल एनीमिया परियोजना को एक बहुत ही सफल मिशन बताते हुए कहा कि काउंसलिंग के अलावा आठ साल पहले शुरू की गई इस परियोजना से अब तक आदिवासी क्षेत्रों में 20 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।एन कलाइसेल्वी ने पीटीआई वीडियो से कहा,"सिकल सेल एनीमिया वास्तव में हमारे बहुत दूरदर्शी और सफल मिशनों में से एक है। आठ साल पहले हमने एमओटीए और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सहयोग से इस पर काम शुरू किया था। उन्होंने शुरुआत में केवल पहले 5 से 6 साल के लिए ही फंडिंग दी।उन्होंने कहा कि हमने इस मिशन को 3 भागों में बांटा है। पहला है सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग और निगरानी। यह सीसीएमबी हैदराबाद द्वारा किया गया था। दूसरा है सिकल सेल एनीमिया के लिए इस्तेमाल की जा सकने वाली दवाइयां और औषधियाँ। इसका नेतृत्व भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) ने किया था। और तीसरा है जीनोम अनुक्रमण और जीनोम संपादन। कलाइसेल्वी ने कहा कि इसकी स्क्रीनिंग और निगरानी में एक बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि डॉ गिरिराज चांडक के नेतृत्व में एक टीम ने छत्तीसगढ़ के रायपुर और बिलासपुर और ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों का दौरा किया।उन्होंने कहा,"टीम ने आदिवासी समुदाय के लोगों को विवाह पूर्व और विवाह के बाद तथा गर्भावस्था से पहले और गर्भावस्था के दौरान परामर्श जैसी जानकारी दी। बच्चे के जन्म के बाद भी उन्होंने समुदाय को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाई"। उन्होंने सीएसआईआर टीम द्वारा विकसित सिकल सेल एनीमिया जांच किट के संबंध में बताया कि इसकी कीमत 100 रुपए से भी कम है और अब परिष्कृत उपकरणों पर निर्भर रहने की जरूरत नही है।उन्होंने कहा, खून की एक बूंद की जांच से आसानी से पता लगाया जा सकता है कि किसी को सिकल सेल एनीमिया का कोई खतरा है या नही। आप इसके वाहक है या आप रोगी है या फिर आपकी सिकल सेल एनीमिया की गंभीरता क्या है.. ए सभी संकेत आपको जांच से मिल सकते हैं।

## वाराणसी में शोरूम का भव्य शुभारम्भ

वाराणसी। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने आज वाराणसी के सिगरा क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू किया। तीन मंज़िलों में फैला यह नया शोरूम अब तक वाराणसी का सबसे बड़ा ज्वेलरी स्टोर है जिसे शुक्रवार को बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा वाणी कपूर ने भव्य रूप से उद्घाटित किया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर श्री अतुल सराफऔर श्री अनूप सराफने कहा हमने हमेशा विश्वास गुणवत्ता और डिज़ाइन को सर्वोपरि रखा है। अब वाराणसी के लोग भी हमारे साथ अपने हर खास अवसर को और भी खास बना सकेंगे। हमें खुशी है कि हम इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी में अपनी उपस्थिति दर्ज कर पा रहे हैं। यह नया शोरूम खरीदारी को कहीं अधिक सुविधाजनक बना देगा।इस स्टोर में सोना चांदीए हीरा पोल्की और कुंदन जैसे आभूषणों का व्यापक और खूबसूरत कलेक्शन है पारंपरिक वैवाहिक गहनों से लेकर आधुनिक डेली वियर डिज़ाइनों तक। खासकर मंदिर कला से प्रेरित डिज़ाइनों में शिल्पकला और आध्यात्मिकता का सुंदर मेल देखने को मिलता है।स्टोर उद्घाटन के अवसर पर वाणी कपूर ने कहा मुझे ऐश्प्रा ज्वेलरी स्टोर के उद्घाटन का हिस्सा बनकर बेहद खुशी हो रही है। यह स्टोर न केवल सुंदरता और कारीगरी का प्रतीक है बल्कि यह भारतीय परंपरा और आधुनिकता का एक बेहतरीन संगम भी है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए अर्धसैनिक

जम्मू। (भाषा) वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है और जम्मू क्षेत्र मे अर्धसैनिक बलों की 180 से अधिक कंपनियां तैनात की गई है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। वार्षिक अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी ने संवाददाताओं से कहा, प्रशासन इस वर्ष सफल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए तैयार और प्रतिबद्ध है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार के साथ यात्रा के लिए सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्था की समीक्षा के लिए आयोजित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने वाले टूटी ने कहा,"जिस तरह हम पिछले वर्षों मे सुरक्षा प्रदान करते रहे है, इस वर्ष और भी बेहतर व्यवस्था की जा रही है, चाहे वह अर्धसैनिक बलों की संख्या हो, संवेदनशील क्षेत्रों मे तैनाती हो या सीसीटीवी निगरानी हो। पहले की तुलना मे अधिक सतर्क और बहुस्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है"। क्षेत्र में यात्रा के लिए बलों की तैनाती के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर मे उन्होंने कहा,"जम्मू कश्मीर पुलिस के अलावा, यात्रा के लिए अर्धसैनिक बलो की 180 से अधिक कंपनियां तैनात की गई है"। उन्होंने कहा कि लखनपुर से बनिहाल तक जम्मू कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। आईजीपी ने कहा, हर जगह सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। रास्ते की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है और जहां-जहां श्रद्धालु ठहरते है या लंगर होते है, वहां भी सुरक्षा दी गई है। उन्होने कहा कि इस बार लखनपुर से जम्मू के बीच भी पूरे रास्ते की पहले से जांच और निगरानी करने वाली टीमें तैनात रहेंगी, जो पिछले साल नही थी। आईजीपी ने कहा कि दो जुलाई से यातायात पुलिस रोजाना परामर्श जारी करेगी। उन्होंने कहा, यात्रा मार्ग से जुड़े हर महत्वपूर्ण स्थान पर समय सीमा तय की जाएगी। सभी श्रद्धालुओं को इस यातायात परामर्श का पालन करना जरूरी होगा, ताकि यात्रा के दौरान किसी को कोई परेशानी या दिक्कत न हो। आईजीपी ने कहा कि सभी तीर्थयात्रियो को मुख्य काफिले में शामिल होने की सलाह दी जाती है जो तड़के चार से साढ़े चार बजे के बीच रवाना होता है।

## गोविंदघाट से घर लौट रहे 26 पर्यटकों की सतर्कता से बची जानए नशे में चालक गिरफ्तार

ऋषिकेश (पीएनएस) । पर्यटन सीजन के बीच शराब पीकर वाहन चलाने पर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुरुवार को हुई एक टेंपो ट्रैवलर दुर्घटना के बादए शुक्रवार को फिर एक टेंपो ट्रैवलर चालक द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाने की शिकायत 112 नंबर पर की गईए जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 यात्रियों की जान को सुरक्षित बचा लिया।पुलिस के अनुसारए 26 यात्रियों का एक दल गोविंदघाट से ऋषिकेश की ओर यात्रा कर रहा था। यात्रा की शुरुआत पूरी तरह शांत और श्रद्धाभाव से भरी हुई थी। सभी लोग टेंपो ट्रैवलर में सवार होकर वापसी की ओर अग्रसर थे। रास्ते में भोजन के लिए वाहन रोका गयाए तभी कुछ यात्रियों को संदेह हुआ कि चालक ने भोजन के साथ शराब का सेवन भी किया है।शुरुआत में यात्रियों ने इसे भ्रम समझाए लेकिन जैसे ही गाड़ी आगे बढ़ीए चालक की लापरवाही और नशे की हालत साफ नजर आने लगी। जैसे ही वाहन श्रीनगर के निकट पहुंचाए यात्रियों ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पौड़ी पुलिस की टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गई और वाहन को रोक लिया। जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुईए जिसके बाद उसे तत्काल गिरफ्तार कर वाहन को श्रीनगर बाजार चौकी ले जाया गया। यात्रियों ने साफकहा कि श्हम इस ड्राइवर के साथ एक कदम भी नहीं चलेंगे। पुलिस ने चालक के खिलाफनशे की हालत में वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करते हुए टेंपो ट्रैवलर को सीज कर दिया है। एसपी पौड़ी ने इसे यात्रियों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई का परिणाम बतायाए जिससे समय रहते 26 लोगों की जान सुरक्षित बचाई जा सकी।

## भाजपा ने तीन राज्यों में संगठन चुनावों की निगरानी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किए

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल मे अपने संगठनात्मक चुनावो की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और हर्ष मल्होत्रा तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौपी गई है। पार्टी संगठन चुनावो के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा कि तीनो सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावो के लिए पहले से जारी क्वायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जे पी नड्डा की जगह एक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। सत्तारूढ़ भाजपा के पास कुल 37 संगठनात्मक राज्य हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होने से पहले कम से कम 19 मे संगठन की चुनावी प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। अब तक, उनमें से 14 में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हालांकि, भाजपा को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात सहित कई प्रमुख राज्यों में अपने अध्यक्षों का चुनाव करना बाकी है। इसने जनवरी मे इन राज्यो के लिए राज्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किए थे।

## ममता ने दीघा के नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से पहली रथयात्रा की शुरुआत की

दीघा। (भाषा)पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दीघा के समुद्र तटीय नगर में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली पहली रथ यात्रा की शुरूआत की। जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच विदेशियो समेत हजारों श्रद्धालुओं के साथ मुख्यमंत्री ने दोपहर में भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के रथों की रस्सियां अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियो के साथ मिलकर खीची। मुख्यमंत्री ने लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मुख्य मंदिर से निकलने वाली 750 मीटर लंबी रथयात्रा के दौरान रथों की रस्सियों को वहां लगाए गए अवरोधकों के पीछे से छू सकते है।मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट कर दिया था कि किसी को भी देवताओं के रथो की रस्सियां खीचने के लिए सड़क पर आने की इजाजत नही दी जाएगी। इससे पहले दोपहर में बनर्जी ने तीनों रथों के आगे की सड़क को सुनहरे झाड़ू से साफ किया और पारंपरिक अनुष्ठान के तहत देवताओं की आरती उतारी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े विदेशी भक्तो के बच्चो द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी देखा।

# परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से वार्ता जटिल हो गई है : अराघची

भाषा। दुबई



**ईरान के विदेश** मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि इसकी वजह से उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना का खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है। कोई समय निर्धारित नहीं किया गया है, कोई वादा नहीं किया गया है, और हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है। कई इमामों ने जुमे (शुक्रवार) की नमाज में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के पिछले दिन के इस संदेश पर जोर दिया कि युद्ध ईरान की जीत है। उप प्रधान न्यायाधीश मौलवी हमजेह खलीली ने तेहरान में एक प्रार्थना सभा के दौरान संकल्प लिया कि अदालतें इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपियों पर एक विशेष तरीके से मुकदमा चलाएंगी। इजराइल के साथ युद्ध के दौरान, ईरान ने जासूसी के आरोप में पहले से हिरासत में लिए गए कई लोगों को फांसी पर लटका दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में यह डर पैदा हो गया कि युद्ध समाप्त होने के बाद वह (ईरान) बड़ी संख्या में फांसी को अंजाम देगा।

## पोप लियो 14वें ने कैथोलिक चर्च में एकता की अपील की

भाषा। रोम

**पोप लियो** 14वें ने शुक्रवार को कैथोलिक चर्च में एकता की अपनी अपील को दोहराते हुए पादरियों से आग्रह किया कि वे अपने वरिष्ठों के साथ समन्वय में कार्य करें तथा संघर्षों के दौर में विश्व में मेल-मिलाप का आदर्श प्रस्तुत करें। लियो ने रोम में एक विशेष सप्ताह मना रहे पादरियों को दिए संदेश में एकता की अपील की। उन्होंने बृहस्पतिवार दोपहर एक विशेष बैठक की मेजबानी की, शुक्रवार सुबह दुनिया भर के पादरियों को अपना संदेश दिया। सेंट पीटर्स बेसिलिका में प्रार्थना सभा के दौरान, लियो ने 32 नए पादरियों को नियुक्त किया तथा 8 मई को हुए चुनाव के ठीक बाद उनके पदस्थापन समारोह के दौरान एकता के लिए की गई अपील को याद किया। पोप ने कहा, आज, मैं यह इच्छा एक बार फिर से आपके साथ साझा करता हूं।

# राजनाथ ने चीनी समकक्ष से मुलाकात कर भारत-चीन संबंधों में नई जटिलताओं से बचने पर जोर दिया

भाषा। चिंगदाओ

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डॉन जुन से कहा है कि भारत और चीन को द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति बनाए रखनी चाहिए और नई जटिलताओं से बचना चाहिए। सिंह ने बृहस्पतिवार शाम को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन से इतर जुन के साथ 'सार्थक' वार्ता की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है। सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,"चिंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन जुन के साथ बातचीत की। हमने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक वार्ता की।" उन्होंने कहा, लगभग छह वर्ष के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुन: आरंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सिंह ने कहा, दोनों पक्षों के लिए यह आवश्यक है कि वे इस सकारात्मक गति को बनाए रखें और द्विपक्षीय संबंधों में नई जटिलताओं से बचें। अधिकारियों ने बताया कि सिंह ने डॉन को एक मधुबनी पेंटिंग ट्री ऑफ लाइफ भी भेंट की। चीन की ओर से जारी बयान के अनुसार, सिंह ने डॉन के साथ बैठक में कहा कि भारत चीन के साथ संघर्ष या टकराव नहीं चाहता, तथा वह मतभेदों को उचित ढंग से निपटाने, संवाद बढ़ाने एवं द्विपक्षीय संबंधों के सतत विकास के लिए आपसी विश्वास को बढ़ावा देने का इच्छुक है। तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली के बीच सिंह की चिंगदाओ यात्रा हुई है। कैलाश मानसरोवर यात्रा को शुरू में 2020 में कोविड-19 महामारी और उसके बाद पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों पक्षों के बीच सैन्य गतिरोध के कारण निलंबित कर दिया गया था। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की तीर्थयात्रा हिंदुओं के साथ-साथ जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ और उस वर्ष जून में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के परिणामस्वरूप दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए। पिछले वर्ष 21 अक्टूबर को हुए समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के अंतिम दो टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गतिरोध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया।

## पाक में पोलियो का एक और मामला दर्ज, कुल संख्या 13 हुई

पेशावर। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो का एक नया मामला सामने आने के बाद पाकिस्तान में इस साल पोलियो मामलों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। यह जानकारी शुक्रवार को अधिकारियों ने दी।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के पोलियो उन्मूलन क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला की एक विज्ञप्ति में बताया गया कि नया मामला टैंक ज़िले में यूनियन काउंसिल अमाखेल के 18 महीने के एक बच्चे में पाया गया है।विज्ञप्ति में कहा गया, इस ताज़ा मामले के साथ पाकिस्तान में 2025 में अब तक पोलियो के कुल 13 मामले सामने आ चुके है, जिनमें सात खैबर पख्तूनख्वा से, चार सिंध से, और एक-एक पंजाब व गिलगित-बाल्टिस्तान से है। पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान विश्व के दो आखिरी देश है जहां अब भी पोलियो मौजूद है। वैश्विक स्तर पर उन्मूलन के प्रयासों के बावजूद सुरक्षा चुनौतियों, टीके को लेकर झिझक और भ्रामक सूचनाओं के कारण अभियान में रुकावटें आ रही हैं।इस साल पाकिस्तान में अब तक फरवरी, अप्रैल और मई में तीन राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण अभियान चलाए जा चुके है। इन अभियानों के दौरान पाकिस्तान में सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का सामना नियमित रूप से करना पड़ता है।

## पीएनजी ज्वेलर्स देगा हायग्रोथ वाले हल्के आभूषण

कानपुर। सराफ़ा उद्योग में 192 वर्षों की विरासत और विश्वासार्हता रहे भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड हाऊस में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने पुणे में अपने समकालीन सबब्रांड लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के शुरू करने की घोषणा की। यह लॉन्च पीएनजी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह हर रोज पहनने के लिए हल्केए डिज़ाइन.फ़ॉरवर्ड आकर्षक आभूषणों के माध्यम से आभूषण खरीदारों की अगली पीढ़ी से जुड़ता है। पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डा. सौरभ गाडगी ने कहा की लाइट स्टाइल के साथ हम युवा उपभोक्ताओं के आभूषणों के प्रतिरुझान में स्पष्ट बदलाव को देख रहे हैं। प्रतिभावानए हल्के वजन वाली वस्तुओं की मांग अब कम हो गई है यह महिलाओं द्वारा संचालित एक बढ़ता हुआ क्षेत्र है जो आभूषणों को केवल विशेष अवसरों के लिए आरक्षित रखने के बजाय इन्हें अपनी रोज की पहचान के हिस्से के रूप में देखती हैं।ॖ इस श्रेणी में अपार संभावनाएं हैं, विशेष कर शहरी और अर्ध.शहरी भारत में जहां सोने के खरीदार तेजी से विकसित हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य लाइटस्टाइल को इस क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बनाना है जहाँ प्रामाणिकता डिज़ाइन और हर रोज की प्रासंगिकता एक साथ सहजता से आती है।

## चीन के नौसेना प्रमुख और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक एनपीसी से निष्कासित

बीजिंग। चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है। खबर के मुताबिक, ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियो में शामिल है, जिनके खिलाफ हाल में कार्वाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि एनपीसी की स्थाई समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया।

# स्टॉर्मर ने लेबर पार्टी में विद्रोह के बाद योजनाओं में कटौती पर रुख बदला

भाषा। लंदन



**ब्रिटिश प्रधानमंत्री के**अर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को राजनीतिक दबाव के आगे झुकते हुए और अपनी ही पार्टी के सांसदों के हाथों पराजय से बचने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी सुधारों को लेकर अपना रुख बदल लिया। यह खर्च में कटौती और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के परस्पर विरोधी लक्ष्यों के बीच फंसी वामपंथ की तरफ झुकाव वाली सरकार की ओर से मजबूरी में लिया गया नया यू-टर्न है। सरकार ने अगले सप्ताह संसद में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है जो एक प्रमुख विकलांगता लाभ के लिए पात्रता को सख्त करेगा, जिससे दीर्घकालिक शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे हजारों लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता भुगतान (पीआईपी) लाभ से वंचित हो जाएंगे। कम आय वाले लोगों द्वारा प्राप्त एक अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी योजनाओं के तहत कम हो जाएगा। सरकार ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लोगों को नौकरी खोजने में मदद करेंगे जबकि उन लोगों के लिए सुरक्षा जाल को संरक्षित करेंगे जो कभी काम नहीं कर सकते। यह कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़े हुए कल्याण मद से अनुमानित पांच अरब पाउंड (सात अरब अमेरिकी डॉलर) की प्रति वर्ष की बचत भी करेगा। लेकिन लेबर पार्टी के कई सांसदों ने इन बदलावों पर आपत्ति जताई, जिसके बारे में इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि 2030 तक 32 लाख लोगों की आय में कटौती होगी। लेबर पार्टी के 403 सांसदों में से 120 से ज्यादा ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, जो अगर पारित हो जाता तो विधेयक को प्रभावी रूप से खत्म कर देता। मंगलवार को होने वाले मतदान में अपनी ही पार्टी के हाथों पराजय से स्टॉर्मर की सत्ता को गंभीर नुकसान पहुंचता। इससे बचने के लिए सरकार ने कहा कि कोई भी मौजूदा प्राप्तकर्ता पीआईपी लाभ या उन लोगों को दिए जाने वाले अतिरिक्त भुगतान से वंचित नहीं होगा जिनकी स्वास्थ्य स्थितियां उनकी काम करने की क्षमता को सीमित करती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि रातों-रात दी गई रियायतों के परिणामस्वरूप विपक्ष के अधिकांश सदस्यों के रुख में नरमी आई है, लेकिन लेबर पार्टी के कुछ सदस्य इस विधेयक के खिलाफ मतदान करने पर विचार कर रहे हैं, बशर्ते सरकार और पीछे नहीं हटती। स्टॉर्मर को कई बार यू-टर्न लेने पर मजबूर होना पड़ा है। इसके पहले मई में सरकार लाखों सेवानिवृत्त लोगों के लिए सर्दियों में घर को गर्म रखने से जुड़ी सब्सिडी समाप्त करने की योजना से पीछे हट गई थी।

# श्रीलंका के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के परिवार के सदस्य को गिरफ्तार किया

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका के** पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के एक पारिवारिक सदस्य को देश की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।आयोग ने एक बयान में कहा कि राजपक्षे के रिश्तेदार निशांत विक्रमसिंघा को रिश्वत या भ्रष्टाचार जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने गिरफ्तार किया है और ए गिरफ्तारी श्रीलंकाई विमानन के चेयरमैन के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विमान खरीद सौदों में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है। इसके बाद उन्हें कोलंबो में मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया गया। देश की पूर्व प्रथम महिला शिरंथी राजपक्षे के भाई विक्रमसिंघा पर 2008 से 2015 तक राष्ट्रीय विमानन कंपनी का नेतृत्व करते हुए प्रांत को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। समाचार पोर्टल डेलीमिरर.एलके की खबर के अनुसार, विक्रमसिंघा को 22 जनवरी 2014 को एक उड़ान के गंतव्य में परिवर्तन करके सरकार को 4,512 अमेरिकी डॉलर का वित्तीय नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, 75 यात्रियों को विमान से उतार दिए जाने के कारण सरकार को 19,160 अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ। ए यात्री मालदीव से आए थे और 26 जनवरी 2014 को फ्रांस जाने वाले थे।आयोग ने आगे आरोप लगाया कि विक्रमसिंघा ने 2015 में पूर्व राष्ट्रपति के चुनाव अभियान गतिविधियों के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया था। यह गिरफ्तारी राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के प्रशासन द्वारा 2005 से 2015 के बीच राजपक्षे के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान कथित वित्तीय कदाचार के खिलाफ शुरू किए गए व्यापक भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान का हिस्सा है। राजपक्षे परिवार के कई अन्य सदस्य और पूर्व अधिकारी भी जांच के दायरे में आ गए हैं। इस साल की शुरुआत में राजपक्षे के बेटे योशिता राजपक्षे को संपत्ति अधिग्रहण से संबंधित धनशोधन के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, पूर्व मंत्रियों महिंदानंद अलुथगामगे और नलिन फर्नांडो को मई में भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया और क्रमश: 20 और 25 साल की कैद की सजा सुनाई गई।

## पूर्वाग्रह के कारण संस्कृत का पतन हुआ, नेपाल इसके प्रचार-प्रसार को प्रतिबद्धः राष्ट्रपति पौडेल

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा है कि संस्कृत शिक्षा के ऐतिहासिक रूप से कुछ वर्गों तक सीमित होने के कारण इस भाषा का पतन हुआ। उन्होंने साथ ही संस्कृत के प्रचार और संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। काठमांडू पोस्ट अखबार में शुक्रवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, बृहस्पतिवार को यहां 19वें विश्व संस्कृत सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पौडेल ने नेपाल की समृद्ध संस्कृत विरासत पर प्रकाश डाला और कहा कि देश का नाम वेदों में आता है। राष्ट्रपति ने कहा कि लिच्छवि तथा मल्ल काल के 200 से अधिक संस्कृत शिलालेख इस भाषा के साथ देश के ऐतिहासिक संबंधों को प्रमाणित करते है। नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भारत, यूरोप और अमेरिका से प्रमुख रूप से संस्कृत के विद्वान, शोधकर्ता और छात्र शामिल हुए। उन्होने संस्कृत के प्रयोग में आई गिरावट पर भी बात की और कहा, संस्कृत का दैनिक जीवन में प्रचलन कम हो गया है, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से महिलाओं और निम्न जाति के समुदायों द्वारा इसका अध्ययन प्रतिबंधित था। लेकिन सरकार अब इसके प्रचार और संरक्षण पर काम कर रही है।

## लॉरिट्ज़ ने सबसे बड़ा पोर्टफोलियो उतारा

मुंबई। इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया। इस अभियान के तहत कंपनी देश के 30 औद्योगिक शहरों में जाकर स्थानीय नेतृत्व, हितधारकों और सहयोगियों से संवाद करेगी। इसका उद्देश्य भारत के विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के केंद्रों में तकनीकी अपनाने की गति को बढ़ाना है।कम वोल्टेज समाधानों, औद्योगिक ऑटोमेशन और नई ऊर्जा आवश्यकताओं पर गहरे फोकस के साथ, लॉरिट्ज़ नुडसेन एक तकनीक-आधारित बदलाव को आगे बढ़ा रहा है, जो भारत के प्रमुख और महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरों तक पहुंचता है। लॉरिट्ज़ नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के सीओओ नरेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्मार्ट टेक्नोलॉजीज़ के ज़रिए ग्राहकों को ज़्यादा सुरक्षित, तेज़ और स्मार्ट तरीके से काम करने में सक्षम बनाना है। इस प्रोडक्ट शोकेस के माध्यम से हम यह भरोसा और मज़बूत कर रहे हैं कि नवाचार हर क्षेत्र की अलग-अलग ज़रूरतों के अनुसार सुलभ, अनुकूलनीय और प्रासंगिक होना चाहिए। फिर चाहे बात रायपुर की राइस मिल को ऑटोमेट करने की हो, कोयंबटूर की टेक्सटाइल मिल को ऊर्जा देने की हो, या पुणे के किसी प्लांट का आधुनिकीकरण करने की – हमारा पोर्टफोलियो असर डालने के लिए तैयार है। भारत का इलेक्ट्रिकल उपकरण क्षेत्र 2029 तक 95 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन बाजार 2033 तक 39.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की दिशा में बढ़ रहा है–यह रफ्तार बहुत स्पष्ट है। भारतीय निर्माता पहले ही अपने संचालन बजट का 35प्रतिशत तकनीकी आधुनिकीकरण में निवेश कर रहे हैं–जो वैश्विक औसत से कहीं अधिक है।

## बीइंग ह्यूमन ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम से जुड़ेगा

नई दिल्ली। बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम 2025 में हेडलाइन स्पॉन्सर के रूप में भाग लेकर भारत की वैश्विक पहचान को आकार देने की दिशा में एक सार्थक पहल की। यह फ ोरम ऑक्सफ ोर्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सबसे प्रतिष्ठित सम्मेलनों में से एक है जिसमें भारत की बदलती वैश्विक छवि पर संवाद हुआ और जिसकी मूल भावना में कर्तव्यबोध करुणा और सामाजिक प्रभाव की भावना निहित रही। बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के कार्यकारी निदेशक अयान अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा इस मंच का समर्थन करना हमारे लिए गर्व की बात रही जहाँ भारत के भविष्य को आकार देने वाले प्रभावशाली विचार सामने आए। बीइंग ह्यूमन में हमारा विश्वास है कि परिवर्तन की शुरुआत ज्ञान सहानुभूति और संवाद से होती है और यही मूल्य इस फोरम की आत्मा में समाहित हैं। सबसे प्रेरणादायक रहा वक्ताओं की विविधता और उनकी प्रतिबद्धता जिन्होंने भारत की चुनौतियों और अवसरों को गहराई से समझा। चाहे बात नवाचार की हो स्थिरता की या जिम्मेदार उपभोग की संवादों ने हमें यह विश्वास दिलाया कि परिवर्तन हमेशा उद्देश्य और करुणा से शुरू होते हैं। हर सत्र के साथए ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम 2025 ने एक वैश्विक नेतृत्व मंच के रूप में अपनी भूमिका को और गहरा किया। बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के साथ यह साझेदारी केवल कार्यक्रम के प्रभाव को बढ़ाने में ही नहीं बल्कि भारत की वैश्विक कथा को एक सामाजिक दृष्टिकोण से गढ़ने में भी निर्णायक रही। बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग और ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम के बीच यह साझेदारी शैक्षणिक दृष्टिकोण और सामाजिक उद्देश्य के गहरे मेल का प्रतीक बनी।

## बांग्लादेश के विधि सलाहकार ने कहा - अगले 6 महीनों में 20,000 झूठे मामले वापस लिए जाएंगे

ढाका। बांग्लादेश के विधि सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा है कि उनका मंत्रालय अगले छह महीनो मे कम से कम 20,000 झूठे और राजनीति से प्रेरित मामलो को वापस ले लेगा। शुक्रवार को मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संवाद संस्था की खबर के अनुसार, मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार में मंत्री के समकक्ष विधि सलाहकार ने कहा कि इससे (मुकदमो में) फंसे हुए लोगो को सभी कलंको और कष्टो से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। नजरुल ने बृहस्पतिवार को शहर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि मंत्रालय अगले छह महीनो में कम से कम 20,000 झूठे मामले वापस ले लेगा। उन्होने कहा, सरकार ने झूठे या राजनीति से प्रेरित मामलो को वापस लेने का साहसिक कदम उठाया है और इसने पहले ही लगभग 12,000 मामलो को वापस लेने की सिफारिश की है, जो कम से कम 3,00,000 लोगो के जीवन को प्रभावित करते हैं। कानून मंत्रालय के सूत्रो का हवाला देते हुए, समाचार एजेंसी ने कहा कि नजरुल की अध्यक्षता वाली अंतर-मंत्रालई समिति ने अब तक (28 मई तक) अपनी 16 बैठकों में 11,448 राजनीतिक मामलों को वापस लेने का प्रस्ताव दिया है।

## फर्जी डीलरों पर एफआईआर का निर्देश

मुंबई। हर हाथ में मोबाइल और किफायती इंटरनेट से देश में डिजिटल लेन-देन काफी बढ़ गया है। घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो या टिकट बुक करानी हो, बैंक का काम हो या शेयरबाजार में निवेश, सबकुछ अब बस एक क्लिक पर होने लगा है। रोजमर्रा के काम के साथ व्यापार करने में भी आसानी हुई है। लेकिन जैसे-जैसे व्यक्ति और व्यवसाय ऑनलाइन होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे घोटालेबाज और नकली बिजनेस चलाने वाले भी बढ़ते जा रहे हैं। पिछले कुछ सालों में, भारत में उद्यमियों को ठगने के लिए फर्जी डीलरशिप घोटाला सबसे पसंदीदा तरीका बन कर उभरा है। ये घोटालेबाज महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक हर तरफ तेजी से फैल रहे हैं। आम लोगों से व्यवसायियों तक हर कोई इनका शिकार बन रहा है, उदाहरण के लिए राजेश कुल्हार को ही लीजिए। गुड़गांव के इस व्यवसायी से हाल ही में बदमाशों ने फर्जी कार डीलरशिप का झांसा देकर 25 लाख रुपये लूट लिए। लेकिन कुल्हार अकेले नहीं हैं। हर साल सैकड़ों महत्वाकांक्षी उद्यमियों को ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता सामान ब्रांडों की डीलरशिप के झूठे वादों के साथ ठगा जाता है। वैसे तो फर्जी डीलरशिप के ज़्यादातर मामलों में घोटालेबाज़ बचकर निकल जाते हैं। परंतु हाल ही में रिलायंस रिटेल द्वारा धोखेबाजों के खिलाफ मुकदमे दायर करने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने फ़र्जी डीलरशिप से जुड़े कथित अपराधियों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने दिल्ली पुलिस के साइबर सेल को मामले की जांच करने, फर्जीवाड़ा करने वालों का पर्दाफाश करने और स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

# सेव अर्थ मिशन ने ग्लोबल विज़न अनवीलिंग की घोषणा की

**अहमदाबाद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सिर्फ1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड.सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और फोर्बेस ए फॉक्स, बिज़नेस इनसाइडर ,व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चैनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब सेव अर्थ मिशन वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विज़न अनवेलिंग,की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिह्नित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6 बजे प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। संदीप चौधरी अध्यक्ष भारत चैप्टर सेव अर्थ मिशन ने कहा यह केवल भारत नहींए बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है। लोगों ने अपनी आवाज़ उठाइ और अहमदाबाद ने वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बनकर एक नई मिसाल कायम की है। ग्लोबल विज़न अनवीलिंग कार्यक्रम में मैं सेव अर्थ मिशन का वैश्विक रोडमैप प्रस्तुत करूंगा जिसमें अंतरराष्ट्रीय वृक्षारोपण अभियानोंए सीमा पार सहयोग और नागरिकों कॉर्पोरेट्स व सरकारों को एक साथ जोड़कर 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाने का।

## रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

# कोर्ट ने इमरान की पार्टी के सहयोगी दल को आरक्षित सीट देने के खिलाफ सुनाया फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सहयोगी को आरक्षित सीट देने के खिलाफ फैसला सुनाया। इसे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के लिए एक झटका माना जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा पीटीआई की सहयोगी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को नेशनल असेंबली में 70 आरक्षित सीट और चार प्रांतीय विधानसभाओं में 156 सीट देने की याचिका को खारिज करने से संबंधित था। महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट राजनीतिक दलों को विधानसभाओं में उनकी संख्यात्मक शक्ति के आधार पर आनुपातिक रूप से प्रदान की जाती हैं। पिछले वर्ष 12 जुलाई को उच्चतम न्यायालय ने 13 में से 8 न्यायाधीशों के बहुमत के फैसले में आरक्षित सीट एसआईसी को प्रदान की थीं।

जिसमें पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा आरक्षित सीट में से उसे हिस्सा देने से इनकार करने के कदम को बरकरार रखा गया था। हालांकि इस फैसले को नेशनल असेंबली द्वारा लागू नहीं किया गया था, जबकि ईसीपी ने कुछ आपत्तियां जताई थीं वहीं सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ईसीपी द्वारा आदेश के खिलाफ समीक्षा याचिकाएं दायर की गई थीं।

## नॉर्वे की राजकुमारी के बेटे के खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप तय

भाषा। ओस्लो

**ओस्लो पुलिस ने** शुक्रवार को नॉर्वे की युवराज्ञी के सबसे बड़े बेटे मारियस बोर्ग होएबी के खिलाफ महीनों चली जांच के बाद बलात्कार, यौन उत्पीड़न और शरीरिक हिंसा सहित कई धाराओं में आरोप तय किए हैं। यह मामला दो अंकों में होने वाले पीड़ितों की संख्या से जुड़ा हुआ बताया गया है। युवराज्ञी मेटे-मारित के पुत्र और नार्वे के राजसिंहासन के उत्तराधिकारी युवराज हाकोन के सौतेले बेटे होएबी वर्ष 2024 में बलात्कार के आरोपों और शरीर को नुकसान पहुंचाने व आपराधिक क्षति के प्रारंभिक आरोपों के चलते बार गिरफ्तारी के कारण लगातार जांच के दायरे में रहे हैं। ओस्लो पुलिस ने कहा कि होएबी ने पुलिस पूछताछ के दौरान सहयोग किया और यह अब पूरी हो चुकी है। मामले में सबूत टेक्स्ट-मैसेज, गवाहों के बयानों और पुलिस तलाशी जैसे स्रोतों से जुटाए गए। उन्होंने कहा,"मैं इस मामले में पीड़ितों की संख्या के बारे में और अधिक विस्तार से नहीं बता सकता, सिवाय इसके कि यह संख्या दो अंकों में है। बचाव पक्ष के वकील पेटर सेकुलिक ने भेजे एक ईमेल में कहा कि होएबी इन आरोपों को पूरी गंभीरता से ले रहे हैं।

# बच्चे केवल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाना चाहते हैं

## ● उनमें पौष्टिक आहार की आदत कैसे डाल सकते हैं?

भाषा। सिडनी

**अगर** आपको लगता है कि आपके बच्चे अनाज, चिकन नगेट्स और पौषिक स्नैक्स खाते हैं जो लंबे समय से जारी है, तो आप अकेले नहीं हैं। कई बच्चे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद करते हैं क्योंकि उनके लिए इन्हें खाना आसान होता है और कुछ के लिए ए एकमात्र ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें वे खाएंगे। यहां बताया गया है कि ऐसा क्यों है – और आप इसके बारे में क्या कर सकते हैं।प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और बच्चों के आहार में उनका प्रचलन : प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ वे खाद्य पदार्थ हैं जिनकी प्राकृतिक अवस्था बदल दी गई है। कुछ खाद्य पदार्थ का प्रसंस्करण लाभदायक है जैसे कि बैक्टीरिया को मारने के लिए दूध का पाश्चुरीकरण करना, लेकिन माता-पिता के लिए चिंता का कारण अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ हैं जिनमें स्वाद बढ़ाने से लेकर उन्हें ज्यादा लंबे समय तक उपयोग योग्य बनाए रखने के लिए औद्योगिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए इनमें शर्करा, नमक, वसा और कृत्रिम स्वाद, रंग तथा पैकेट व डिब्बों में बंद करने से जुड़ा रसायन (प्रिजर्वेटिव) मिलाया जाता है। माता-पिता कुछ अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के बारे में अच्छी तरह जानते हैं जो फास्ट फूड और जंक फूड हैं जिन्हें बच्चे खूब पसंद करते हैं। लेकिन ऐसे कुछ अन्य खाद्य पदार्थ भी हैं जिन्हें स्वस्थ माना जाता है लेकिन उनमें प्रिजर्वेटिव होते हैं। इनमें विभिन्न स्वाद वाली दही और मफिन शामिल हैं। बच्चों को प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ इतने आकर्षक क्यों लगते हैं? अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ को उनकी लत लगाने के लिए तैयार किया जाता है, क्योंकि उनमें मिलाई गई चीनी, नमक और वसा बच्चों के मस्तिष्क के रिवार्ड सिस्टम को सक्रिय कर देती है, जिससे अच्छा महसूस कराने वाले रसायन निकलते हैं। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य पर कैसे असर डालते हैं? अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित कर सकते हैं। पोषक तत्वों की कमी – अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ का सेवन करने वाले बच्चों के सब्जियां, फल, साबुत अनाज और वसा रहित मांस के पतले टुकड़े खाने की संभावना कम होती है, जिससे उनके आहार में फाइबर और विकास के लिए आवश्यक अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। बचपन में मोटापा- अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में कैलोरी, अस्वास्थ्यकर शर्करा, नमक और वसा की मात्रा अधिक होती है और अक्सर इसकी मात्रा पर नियंत्रण नहीं होता है, जिससे अधिक खाने को बढ़ावा मिलता है। बीमारियां बढ़ने का खतरा – लंबे समय तक अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने से दिल की बीमारी, टाइप 2 मधुमेह और कैंसर समेत कई बीमारियों का खतरा अधिक होता है। खान-पान की अस्वास्थ्यकर आदतों को छोड़ना कठिन हो सकता है लेकिन अच्छा आहार और जीवनशैली में बदलाव, इन नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों को उलट सकता है। स्वस्थ आहार के लिए विज्ञान आधारित सुझाव : साथ में खाना खाएंपरिवार के साथ खाना खाने का समय आपको स्वस्थ आहार का मौका देता है।

## ब्रेस्ट कैंसरः शुरुआती पहचान से लेकर आधुनिक थैरेपी तक उम्मीद की नई राहें

लखनऊ। ब्रेस्ट कैंसर आज न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में महिलाओं में सबसे आम कैंसर बन चुका है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। मेट्रो शहरों और प्रथम श्रेणी के नगरों में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि अब 40 से कम उम्र की महिलाओं में भी इस रोग का निदान बड़ी संख्या में हो रहा है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलए साकेत के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ब्रेस्ट कैंसर विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. अदिति चतुर्वेदी ने बताया कि श्ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण सामान्य होते हैं लेकिन यदि समय रहते पहचाने जाएं तो बीमारी का प्रारंभिक चरण में ही सफल इलाज संभव है। महिलाओं को महीने में एक बार स्वयं स्तन की जांच करनेए अपने परिवार में स्तन या अंडाशय के कैंसर का इतिहास जानने और स्तन के आकार या बनावट में बदलाव, दर्दरहित गांठ, निप्पल से पीला, पानी जैसा या खूनमिश्रित स्त्राव, त्वचा या निप्पल में बदलावए या अंडरआर्म में किसी भी असामान्यता पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है। 40 वर्ष की उम्र के बाद हर साल एक मैमोग्राफी करवाना एक साधारणए लेकिन प्रभावी जांच हैए जो अब अधिकांश बड़े शहरों में आसानी से उपलब्ध है। इलाज की बात करें तो ब्रेस्ट कैंसर एक ऐसा रोग है जो अगर शुरुआती चरण में पकड़ में आ जाए तो पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। स्टेज 1 और 2 में इलाज की सफलता दर 90 प्रतिशत से अधिक है। इसका इलाज एक समर्पित मल्टी.डिसिप्लिनरी टीम द्वारा किया जाना चाहिए। जिसमें ब्रेस्ट सर्जन, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, प्लास्टिक सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट,पैथोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट और साइकोलॉजिस्ट की भूमिका अहम होती है।

# चोटिल होने पर खिलाड़ियों को न्यूनतम सात दिन तक बाहर रहना होगा

● आईसीसी के नए नियमों जारी किए



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा की जिसमें कनकशन से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का स्टैंड डाउन समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरूआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी। कनकशन (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए कनकशन स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को कनकशन होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा, मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम स्टैंड डाउन अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा। इसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया वाइड-बॉल नियम भी शामिल है जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा, ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए संदर्भ बिंदु (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। आईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा, कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है। एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है जिसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा, मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में स्टॉप क्लॉक लाना , बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

## सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला में बढ़त बनाई

भाषा। होव

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 टीम के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। लेकिन इनके जाने के बाद उप कप्तान अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन (34 गेंद, चार चौके, एक छक्का) बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली।

# बुमराह की अनुपस्थिति में लाइन-लेंथ पर ध्यान देना होगा भारतीय तेज गेंदबाजों को

भाषा। बेंगलुरू



**जसप्रीत** बुमराह अगर इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो भारत की परेशानियां बढ़ना तय है और ऐसे में अन्य तेज गेंदबाजों का अपनी लाइन और लेंथ पर नियंत्रण बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। बुमराह की अनुपस्थिति भारत को कितनी भारी पड़ सकती है इसका एक नजारा लीड्स में पहले टेस्ट मैच के 65वें और 82वें ओवर के बीच देखने को मिला जब इस तेज गेंदबाज ने गेंदबाजी नहीं की थी। इंग्लैंड ने यह मैच पांच विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। जब बुमराह ने 19-3-57-0 के कुल गेंदबाजी विश्लेषण के साथ उस स्पेल का अंत किया, तब 371 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 286 रन था और उन्हें एक और ओवर के लिए नहीं बुलाया गया शायद, कप्तान शुभमन गिल उन्हें दूसरी नई गेंद के लिए बचाकर रखना चाहते थे, जो 15 ओवर बाद ली जानी थी और यह भारत के अपने प्रमुख तेज गेंदबाज के कार्यभार प्रबंधन योजना के अनुरूप भी था।इंग्लैंड अभी भी जीत से 85 रन दूर था और अगर इन ओवर में कुछ विकेट गिर जाते तो 80वें ओवर में बुमराह की वापसी के लिए पूरी तरह से मंच तैयार हो जाता।लेकिन जब तक 80 ओवर हुए तब तक इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 349 रन बना लिए थे। उसने इन 15 ओवर में 63 रन बनाए थे, जो कि प्रति ओवर चार रन से अधिक की दर थी।ऐसे में बुमराह के लिए भी स्थिति को संभालना संभव नहीं था। अब भारत को एजबेस्टन में 31 वर्षीय बुमराह की अनुपस्थिति की वास्तविकता के साथ समझौता करना होगा।भारत के अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। ऐसी स्थिति में अगर बुमराह दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं तो इन गेंदबाजों विशेष कर सिराज और प्रसिद्ध को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्हें विशेष कर अपनी लाइन और लेंथ पर ध्यान देना होगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डोडा गणेश का मानना है कि प्रसिद्ध बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, बशर्ते वह अपने दृष्टिकोण में कुछ मामूली बदलाव करें।गणेश ने पीटीआई से कहा, प्रसिद्ध हमेशा से विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, लेकिन उन्हें कुछ निरंतरता के साथ गेंदबाजी करनी की जरूरत है। उन्हें उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जहां वे गेंदबाजी करते हैं। इससे उन्हें अधिक मेडन ओवर फेंकने में मदद मिलेगी, खासकर तब जब गेंद पुरानी हो जाएगी। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में गेंद परिस्थितियों के कारण थोड़ी स्विंग करती है। उन्हें बस बुमराह की तरह लगातार लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी। उन्हें बस ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

## दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

हैम्बर्ग (जर्मनी)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 मे बनी हुई है। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थी। लेकिन 36 होल मे चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयो मे वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वे स्थान पर बनी हुई है।

## जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में सेना ने खिताब जीता

रोहतक। सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियो की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप मे दोनो वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बनकर अपना दबदबा कायम किया।सेना ने लड़को के वर्ग मे फिर से टीम खिताब जीता जबकि लड़कियो के वर्ग मे उसने हरियाणा को हराकर खिताब हासिल किया। हरियाणा दोनो वर्ग मे दूसरे स्थान पर रहा।एसएससीबी ने रोहतक स्थित राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी मे एक सप्ताह तक चली इस प्रतियोगिता मे लड़के और लड़कियो दोनो वर्ग में नौ पदक जीते। उसके लड़को की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जबकि लड़कियो की टीम ने चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीता।महाराष्ट्र ने लड़को जबकि मणिपुर ने लड़कियो के वर्ग मे तीसरा स्थान हासिल किया।

## युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप में शीर्ष पर रहा मैनचेस्टर सिटी

ऑरलैंडो। मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी मे शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर मे जगह बनाई।कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम मे गुरुवार को खेले गए मैच मे 26वे मिनट मे मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट मे पहुंचा दिया।इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ मे एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट मे मैनचेस्टर सिटी के लिए पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेइनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया।

## डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन मे यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

# एआईटीए की कार्यकारिणी ने धूपर को हटाया

## सुंदर अय्यर को अंतरिम महासचिव नियुक्त किया

भाषा। नई दिल्ली



**अखिल भारतीय टेनिस** संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी। धूपर 72 वर्ष के हैं और उन्हें 2020 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। उन्होंने पिछले साल के चुनावों में किसी भी पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था, लेकिन अदालत द्वारा चुनाव के नतीजे घोषित नहीं किए जाने के कारण वह अपने पद पर बने हुए थे। एआईटीए के उपाध्यक्ष (खेल) हिरण्मय चटर्जी ने पीटीआई से कहा, हमने आज एक प्रस्ताव पारित कर धूपर को महासचिव पद से हटा दिया। हमने सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया है। वह (खिलाड़ियों की) याचिका पर भी गौर करेंगे। उन्होंने कहा, कार्यकारी समिति सर्वोच्च है, लेकिन अध्यक्ष और महासचिव कार्यकारी समिति से परामर्श किए बिना ही फैसले कर रहे थे। यही नहीं धूपर पहले ही 70 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं और खेल संहिता के अनुसार वह अपने पद पर नहीं बने रह सकते। चटर्जी को जब याद दिलाया गया कि एआईटीए संविधान के अनुसार 70 साल की उम्र से पहले चुना गया कोई भी पदाधिकारी 70 साल का होने पर भी अपना कार्यकाल पूरा कर सकता है तो उन्होंने कहा, उन्होंने अपने पद पर बने रहने के लिए यह बदलाव किया है। हमें खेल संहिता का पालन करना है। उन्होंने चार साल का अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है, तो पद पर क्यों बने हुए हैं। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए धूपर ने पीटीआई से कहा कि वह महासंघ के महासचिव बने रहेंगे क्योंकि नए चुनावों से संबंधित मामला अभी अदालत में विचाराधीन है।

## गुजरात में होंगे 2029 विश्व पुलिस और फायर खेल

**अहमदाबाद।** विश्व पुलिस और फायर खेल 2029 भारत में गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर (केवडिया) में होंगे जिसमें 10000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। ए खिलाड़ी 70 देशों के पुलिस, अग्निशमन, कस्टम और सुधार सेवा विभागों के होंगे। इन खेलों की 1985 में शुरूआत के बाद भारत इनकी मेजबानी करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश होगा। बर्मिंघम में पिछले रविवार को डब्ल्यूपीएफजी की संचालन ईकाई कैलिफोर्निया पुलिस एथलेटिक महासंघ के सामने भारत ने अंतिम बार अपनी दावेदारी पर अपना पक्ष रखा जिसके बाद यह घोषणा की गई। प्रदेश सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत अब कनाडा, आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड , चीन और अमेरिका जैसे देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने इन खेलों की मेजबानी की है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा भी व्यक्त कर चुका है।

## राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाली धाविका ट्विंक्ल चौधरी डोपिंग के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था।ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा।जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था।इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं।

# विम्बलडन ड्रॉ : अल्काराज पहले दौर में फोगनिनी से खेलेंगे

## कोको गॉफ का सामना यास्त्रेमस्का से होगा

भाषा। लंदन



**दूसरी रैंकिंग** के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है।

# ओपन स्टेट बास्केटबॉल का सफल आयोजन



**लखनऊ।** स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में दिनांक 19 जून से 22 जून 2025 तक क्राइस्ट चर्च कॉलेज मैदान, लखनऊ में ज़रीन ज़ैदी मेमोरियल 3×3 फाउंडेशन कप ओपन स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की कुल 90 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंडर–14, अंडर–19 एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग के मैच खेले गए। प्रतियोगिता का आयोजन लीग आधार पर किया गया।बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन की अंडर–16 मिक्स्ड एवं अंडर–19 बालक व बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में ए.एफ.एस. टीम को पराजित कर विजयी बनीं।बालक वर्ग में द हूप कंपनी, वाराणसी ने डीप थ्रीस, लखनऊ को हराकर जीत दर्ज की।वहीं, अंडर–14 बालक वर्ग में ए.बी.ए. बॉलर्स की टीम ने राइनोज़ को पराजित कर खिताब पर कब्ज़ा जमाया।उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए अक्षरा बाजपेई, अनुष्का चौहान, गौरव कुमार एवं श्रेयांस को बेस्ट प्लेयर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। लगातर तीसरी बार ओवर ऑल चैंपियनशिप स्पोर्टस वेल्फेयर फाउंडेशन ने जीत कर इतिहास रच दिया।राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक प्रेरणादायक एवं गरिमामयी बना दिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं सचिव, लखनऊ बास्केटबॉल एसोसिएशन, अभिनव सिंह पुंडीर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गुरु के सम्मान एवं उनके मार्गदर्शन को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अभिनव सिंह पुंडीर एवं विशिष्ट अतिथि सुधांशु गौर द्वारा विजेता टीम को 5000 नगद राशि एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को ?2500 नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्षी नियाज़ द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 1000 नगद राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## अभिसारिका सिंह व रिद्धिमा फाइनल में

लखनऊ। दूसरे दिन लखनऊ के गोमती नगर स्थित बीबीडी अकादमी के हॉल मे चल रही स्व. रणबहादुर सिंह स्मारक जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 मे बालिका युगल वर्ग अंडर-11 की अभिसारिका सिंह व रिद्धिमा अग्रवाल बीबीडी सेमीफाईनल में अदिति झा व अम्बिका झा केडी सिंह को 21-9, 21-10 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। बालिका युगल वर्ग अंडर-13 की अभिसारिका सिंह व सानवी शुक्ला बीबीडी ने अम्बिका झा व ओजस्वी मिश्रा केडी सिंह को क्वाटर फाइनल में 21-10 से हराया।

## प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता, शीर्ष भारतीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बने

**ताशकंद।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरुआत की। अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड–रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। एरिगैसी ने अरविंद चितंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया। टाईब्रेक के पहले दौर में तीनों खिलाड़ियों ने डबल राउंड–रॉबिन ब्लिट्ज में दो अंक हासिल किए। अब्दुसत्तोरोव और सिंदारोव ने अपनी दोनों बाजी ड्रा की जबकि प्रज्ञानानंदा ने दोनों को सफेद मोहरों से हराया लेकिन काले मोहरों से हार गए। दूसरे टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा ने अब्दुसत्तोरोव के साथ सफेद मोहरों से ड्रा किया और सिंदारोव को काले मोहरों से हराया। सिंदारोव की अब्दुसत्तोरोव पर जीत ने भारतीय खिलाड़ी के लिए खिताब पक्का कर दिया। यह प्रज्ञानानंदा का इस साल का तीसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक में जीत हासिल की थी।इस महीने की शुरुआत में स्टीफन अवज्ञान मेमोरियल में भी वह उपविजेता रहे थे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सोशल मीडिया पर प्रज्ञानानंदा को बधाई देते हुए लिखा, उज्बेकिस्तान शतरंज कप जीतने के लिए आर प्रज्ञानांनदा को बधाई। उन्होंने लिखा, इस साल यह उनकी तीसरी बड़ी क्लासिकल जीत। इस साल उनकी सभी जीतों में से इस जीत की संभावना सबसे कम लग रही थी। उन्होंने अर्जुन एरिगैसी को हराया और आज अहम मैच में अब्दुसत्तोरोव को हराकर पहला स्थान हासिल किया।

## क्विक न्यूज

### ट्रैविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया के विकेट पतन को रोका

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। ट्रैविस हेड ने तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर फिर से एक छोर संभाले रखा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल में चल रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन 82 रन की बढ़त हासिल कर ली।वेस्टइंडीज ने गुरुवार को अपनी पहली पारी में 190 रन बनाकर 10 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का दूसरी पारी में स्कोर एक समय चार विकेट पर 65 रन था लेकिन आखिर में वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 92 रन तक पहुंचने में सफल रहा।ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए थे जिसमें हेड ने सर्वाधिक 59 रन का योगदान दिया था। वह अभी तक इस टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज है। उन्होंने दूसरी पारी में भी ऐसे समय में मोर्चा संभाला जब टीम संकट मे दिख रही थी।दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय हेड 37 गेंदो पर 13 रन, जबकि ब्यू वेबस्टर ने 24 गेंदों पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे।पहले दिन 14 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन 10 विकेट गिरे। पिच से अब भी तेज गेंदबाजों को लिए सीम और मूवमेंट मिल रहा है।

### राज्य तैराकी के लिए तैराकों की सूची जारी

लखनऊ। 39वीं सब-जूनियर और 54वीं जूनियर राज्य तैराकी चैम्पियनशिप - 2025, लखनऊ में के.डी. में भाग लेने के लिए चयनित तैराकों की सूची जारी हो गई है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्विमिंग पूल 28 जून से 30 जून तक होगी स्पर्धा। धैर्य श्रीवास्तव,कृष्णा दुबे , हैदर जहीर,अभि श्रीवास्तव ,वैष्णवी पाल, दक्षिता सिंह , काव्या खन्ना ,कुशाग्र श्रीवास्तव, प्रियांश श्रीवास्तव ,शिवेन्द्र प्रताप,अरमान श्रीवास्तव, नव्यश श्रीवास्तव ,आरुष गुप्ता,अग्रिमा कौशल ,अनंत श्रीवास्तव, आराध्या बाजपेयी, अयान यादव,ऋजुता साहू, शिव जयसवाल, शिवि तिवारी , उदिशा सिंह,आन्या कपूर, अनुश्रुति सिंह, अंचित सिन्हा ,अधविक कौशिक, अंश खुराना प्रथम, अर्जुन तिवारी ,अर्शलान खान,चैतन्य निम्बकर , ख्याति वर्मा,परी तिवारी ,रोहंत दिकपाल , सांची तिवारी,सर्वांग राठौड़ , शिवेंद्र यादव,शुभांगी पूर्णा, सृष्टि तिवारी ,तन्मय वर्मा, विराट राय , सैयद अता अब्बास,व्योम, संदीप गर्ग, काश्वी वर्मा ,वान्या साहू,वत्सला दुबे । यह जानकारी लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन, यू.पी. तैराकी संघ से संबद्ध के सचिव रविन कपूर व पुनीत अग्रवाल ने यह जानोरी है। उत्तर प्रदेश तैराकी संघ 39वीं सब-जूनियर एवं 54वीं जूनियर राज्य तैराकी चैंपियनशिप-2025 का आयोजन 28 से 30 जून 2025 (तीन दिवसीय) तक के.डी. सिंह 'बाबू' स्टेडियम स्विमिंग पूल, लखनऊ में करने जा रहा है। 41वीं सब-जूनियर एवं 51वीं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तैराकों का चयन इसी राज्य चैंपियनशिप द्वारा किया जाएगा। चैंपियनशिप तीन समूहों में विभाजित है। समूह 1- 15,16 और 17 वर्ष की आयु (वर्ष 2008, 2009 और 2010 में जन्मे)समूह 2 - 13 और 14 वर्ष की आयु (वर्ष 2011 और 2012 में जन्मे)समूह 3- 11 और 12 वर्ष की आयु (वर्ष 2013 और 2014 में जन्मे)राज्य भर से 82 स्पर्धाओं में भाग लेने वाले लगभग 500 तैराकों के बीच कुल 246 पदक प्रदान किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति यू.के. धौन होंगे।

### पहला टी20 मैच: विश्व कप को ध्यान में रखकर इंग्लैंड का सामना करेगी भारतीय महिला टीम

नॉटिंघम। भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियो और मैच स्थलो की विशेषताओ को समझने की कोशिश करेगी।आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण मे बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है।भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचो की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियो मे किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते है।विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम मे शामिल किया है।पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचो मे सलामी बल्लेबाज के रूप मे प्रभावित नही कर पाई थी।

### कॉनवे टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम से बाहर

वेलिंगटन। सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे को अगले महीने मेजबान जिंबॉब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैड की टीम में नही चुना गया है। न्यूजीलैड के नए मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने शुक्रवार को टीम की घोषणा की। यह अनुभवी बल्लेबाज उन कई प्रमुख खिलाड़ियो में से एक है जिन्होने विदेशो मे पेशेवर टी20 लीग मे खेलने के लिए न्यूजीलैड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को ठुकरा दिया था। कॉनवे ने न्यूजीलैड की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल जून में टी20 विश्व कप में खेला था।पूर्व कप्तान केन विलियमसन इंग्लैड की काउंटी चैपियनशिप मे मिडिलसेक्स के लिए खेल रहे है और उन्होने स्वयं को अनुपलब्ध बताया।ऑक्लैड के बल्लेबाज बेवॉन जैक्ब्स 15 सदस्ईय टीम मे एकमात्र ऐसे खिलाड़ी है जिन्होने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नही खेला है।

### बांग्लादेश के स्टंप तक छह विकेट पर 115 रन, श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

कोलंबो (श्रीलंका)। बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी मे छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी है। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी।बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे।श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (13 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (47 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच मे 150 से ज्यादा रन बनाए और कुसल मेंडिस ने 87 गेंद मे तेजी से 84 रन जुटाकर श्रीलंका को बढ़त हासिल करने मे मदद की। श्रीलंका ने तीसरे दिन सुबह दो विकेट पर 290 रन से आगे खेलना शुरू किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: डॉ. देवेन्द्र सिंह,
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।